रांची, मंगलवार
25.02.2025
वर्ष : 10, अंक : 86 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार का इलाज के दौरान निधन

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के पत्रकार और डोमचांच निवासी मनोज पाण्डेय (45) का सोमवार को निधन हो गया। इनके निधन से क्षेत्र मे शोक है। जानकारी के अनुसार पत्रकार मनोज पाण्डेय पिछले कुछ महीने से बीमार चल रहे थे। मनोज पाण्डेय का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा था। अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। इधर दाह संस्कार कुदरा नदी के समीप किया गया।

### झारखंड में बढ़ी ठंड, तीन डिग्री गिरा तापमान

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले दो तीन पूर्व हुई बारिश और ओलावृष्टि का असर अब भी जारी है। यही वजह है कि रविवार के मुकाबले सोमवार को न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को जहां रांची में न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री था वहीं सोमवार को घटकर तापमान 13.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि अधिकतम तापमान में रविवार की तुलना में सोमवार को एक डिग्री की बढोत्तरी दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान में सरायकेला में 34.8 डिग्री, जबकि सबसे कम तापमान चतरा में 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### राष्ट्रपति आज से बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात के दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार से बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति भवन ने सोमवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रपति 25 फरवरी से 01 मार्च तक बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति 25 फरवरी को बिहार के पटना में पटना मेडिकल कॉलेज के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। वे 26 फरवरी को श्री बागेश्वर जन सेवा समिति द्वारा गढ़ा, छतरपुर, मध्य प्रदेश में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होंगी। उसी दिन राष्ट्रपति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी और गुजरात के केवडिया में नर्मदा आरती देखेंगी। राष्ट्रपति 27 फरवरी को केवडिया में एकता कौशल विकास केन्द्र का दौरा करेंगी और अहमदाबाद में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के 44वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति 28 फरवरी को गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

# मंईयां और अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली गति : राज्यपाल

बिभा संवाददाता

**रांची।** छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकसित झारखंड की यात्रा को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस यात्रा में मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशिल हुई है। राज्यपाल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद पहल को बढ़ावा देने के लिए 163 करोड रुपए से रांची के कोर कैपिटल एरिया, धुर्वा में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। धुर्वा में ही 3.45 एकड़ भूमि पर झारखंड वर्ल्ड ट्रेड सेंटर भी बनाया जा रहा है। इससे राज्य में निर्यात से संबंधित जरूरी आधारभूत संरचनाओं का विकास, निर्यात की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की लागत राशि में से 47 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए इस वित्त वर्ष में 81



भर्ती कैंपों और 63 रोजगार मेलों का आयोजन कर 8499 युवाओं का चयन किया गया है। साथ ही स्किल कॉन्कलेव का आयोजन कर 21861 प्रशिक्षण लेनेवालों को रोजगार ऑफर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों में 59 कांड दर्ज किए हैं। इसमें कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से चलाए गए नक?सली अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और नौ नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। वहीं 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। राज?यपाल ने कहा कि छात्रों को आर्थिक सशक्तिकरण करने के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि को बढ़ाकार क्रमश : 500 को बढ़ाकर 1500 और 2250 को बढ़ाकर 4500 रुपए कर दिया गया है।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री







बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है। सत्र प्रारंभ होने से पहले विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्प भेंट किया। दूसरी ओर विधानसभा में मुख्यमंत्री सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा माणिक लाल हेंब्रम ने किया।

### प्रधानमंत्री ने भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की जारी

# एनडीए किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि देश के गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था, विरासत और विकसित भारत का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है लेकिन जंगलराज वाले इन्हें हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। ये भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी अधिक लोग इस एकता के महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं, लेकिन ये जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से ?चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। महाकुंभ को गाली देने वाले लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि में बिहार के 75 लाख से अधिक किसान परिवार भी शामिल हैं और उनके खातों में 1600 करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने लालू यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए चारा घोटाले का जिक्र कर पिछली सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज, पर्याप्त और सस्ती खाद, सिंचाई की सुविधा, पशुओं का बीमारी से बचाव और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं वो इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है।

उन्होंने कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं, यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। कोरोना संकट के दौरान भी हमने किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो क्या होता। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़तीं। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज किसानों को यूरिया का एक बैग 3,000 रुपये में मिल रहा होता। पहले की सरकारें बाढ़, सूखा और ओले के स्थिति में किसानों को उनकी हाल पर छोड़ देती थीं। वर्ष 2014 में एनडीए सरकार पीएम फसल बीमा योजना लेकर आई। इस योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम किसानों को आपदा के समय मिल चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और जंगलराज वाले सरकार में थे तब इन लोगों ने खेती का बजट रखा था उससे कहीं अधिक हम बैंक खातों में भेज चुके हैं। ये काम कोई भ्रष्टाचारी नहीं कर सकता है। बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। इससे किसानों को उनकी उपज की ज्यादा कीमत मिलने लगी है। कई कृषि उत्पादों का पहली बार निर्यात शुरू हुआ है। अब इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया है।

### भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बोले प्रधानमंत्री

## 'दुनिया को भारत से बहुत आशाएं हैं'

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सोमवार से दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 की शुरूआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समिट का शुभारंभ किया। समिट में देश और विदेश के डेलीगेट्स और उद्योगपति मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने प्रदेश की 18 नीतियों का लोकार्पण किया। यह नीतियां प्रदेश में विकास की गति को नई दिशा देंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश का यही समय सही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि आज मुझे यहां आने में विलंब हुआ, इसके लिए मैं आप सबसे क्षमा चाहता हूं। विलंब इसलिए हुआ क्योंकि कल जब मैं यहां पहुंचा तो एक बात ध्यान में आई कि आज 10वीं और 12वीं के छात्रों के एग्जाम हैं। उसका समय और मेरा राजभवन से निकलने का समय क्लेश हो रहा था। उसके कारण संभावना थी कि सिक्युरिटी के कारण अगर रास्ते बंद हो जाएं और बच्चों को परीक्षा के लिए जाने में कठिनाई हो जाए। ये कठिनाई न हो, बच्चे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं। इसके कारण मैंने निकलने में ही 10-15 मिनट की देरी कर दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश से विकसित भारत की यात्रा में आज का ये कार्यक्रम बहुत अहम है। इस भव्य आयोजन के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए इतनी ऑप्टिमिस्टिक है। पूरी दुनिया में चाहे सामान्य जन हो, अर्थनीति के विशेषज्ञ हो, विभिन्न देश हो या फिर इंस्टीट्यूशन इन सभी को भारत से बहुत आशाएं हैं।

# 28 फरवरी की शाम को सौर मंडल में अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अतंरिक्ष में अक्सर अद्भुत खगोलीय घटनाएं देखने को मिलती हैं। खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वालों के लिए आने वाला दिन बेहद खास होने वाला है। दरअसल, सात ग्रह एक लाइन में नजर आएंगे। इस दौरान सात ग्रह यानी शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, अरुण, बृहस्पति और मंगल सभी ग्रह एक साथ एक सीधी रेखा में दिखाई देंगे। वैज्ञानिकों ने होने वाली इस खगोलीय घटना को दुर्लभ ग्रह संयोग बताया है।

खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी में रखने वालों और आम लोगों के लिए यह एक अद्भुत घटना होगी। यह इसलिए भी खास है, क्योंकि सात ग्रह एक साथ दिखाई देना बेहद कम होता है। आमतौर पर कुछ ग्रह एक ही समय में सूर्य के एक ही तरफ होते हैं, लेकिन सभी ग्रहों का एक साथ एक सीध में आना बहुत कम होता है।



कुछ ग्रहों का एक समय में एक ही लाइन में होना असामान्य बात नहीं है, लेकिन जब सभी ग्रह एक सीध में आएंगे तो यह घटना जरूर दुर्लभ है। इस अद्भुत खगोलीय घटना को प्लैनेटरी अलाइनमेंट कहा जाता है। 28 फरवरी 2025 को सौर मंडल के सभी सात ग्रह एक साथ रात में दिखाई देंगे।

सभी ग्रह सूरज के चारों ओर अलग-अलग घेरे में चक्कर लगाते हैं, लेकिन ग्रहों की कक्षाएं अलग होती है, जिसकी वजह से एक सीधी रेखा में नहीं दिखाई देते हैं। हालांकि, जब पृथ्वी समेत दूसरे ग्रह सूर्य के एक तरफ आ जाते हैं, तो आसमान में वह एक सीधी रेखा में नजर आते हैं।

जनवरी महीने से ही यह घटना चल रही है, जो 8 मार्च तक चलेगी। हालांकि, 28 फरवरी को सभी सात ग्रह एक साथ दिखाई देंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह घटना काफी दुर्लभ है और फिर 15 साल तक नहीं दिखाई देगी। इसके बाद ऐसी ग्रहों की परेड साल 2040 में ही देखी जा सकती है।

### कैसे आएंगे नजर?

विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रहों की परेड को देखने के लिए रोशनी से दूर किसी खुले मैदान में जाना अच्छा होगा। अगर मौसम साफ रहा तो यूरेनस और नेपच्यून को छोड़कर सभी ग्रहों को नंगी आंखों से देखा जा सकता है। हालांकि, दूरबीन से यूरेनस और नेपच्यून को देखने की जरूरत होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, पूर्व में मंगल, दक्षिण-पूर्व में बृहस्पति और यूरेनस, तो शुक्र, नेपच्यून और शनि पश्चिम में नजर आएंगे।

## दिल्ली की आठवीं विधानसभा का पहला सत्र शुरू, प्रोटेम स्पीकर बने अरविंदर सिंह लवली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 26 वर्षों के बाद सत्ता में वापसी हुई तथा उसके विधायक सदन में विधानसभा अध्यक्ष के आसन के दाहिने ओर बैठे। सत्र शुरू होने से पहले राज निवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर (अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष) के रूप में शपथ दिलाई।

सबसे वरिष्ठ विधायक होने के नाते लवली सभी नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण की देखरेख करेंगे। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली। फिर उनके मंत्रिमंडल के छह मंत्रियों ने शपथ ली और फिर शेष विधायकों ने शपथ ली। कार्यवाही की शुरूआत विधायकों ने वंदे मातरम के साथ की।



सत्र की कार्यवाही देखने के लिए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा विधानसभा अध्यक्ष दीर्घा में मौजूद थे। नए विधानसभा अध्यक्ष के लिए चुनाव दिन में, बाद में होने वाला है, जिसमें भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता के पद संभालने की संभावना है। भाजपा ने पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनावों में 70 में से 48 सीट जीतकर निर्णायक जीत हासिल की और आम आदमी पार्टी (आप) के एक दशक लंबे शासन को समाप्त कर दिया।

सत्ता में वापसी के साथ ही भाजपा के विधायक सदन में अब विधानसभा अध्यक्ष के आसन के दाईं ओर बैठे, जबकि 22 सीट जीतने वाली आप के सदस्य विपक्ष के लिए निर्धारित स्थान पर, अध्यक्ष के आसन के बाईं ओर बैठे। आप विधायकों ने सर्वसम्मति से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना है।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन



**रांची(बिभा) :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा अध्यक्ष विनिता सिंघानिया के नेतृत्व में सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉक्टर लाल पैथोलेब,मेट्रो गली रातू रोड में किया गया। इसमें ब्लड शुगर, थायराइड और भी तरह-तरह की जांच किए गए। इस शिविर से 10 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर का आयोजन डॉक्टर लाल पैथोलॉजी के सौजन्य से हुआ। इस शिविर के आयोजन हेतु स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला जी संयोजिका आशा सराफ जी ने बहुत ही अच्छे तरीके से तैयारी की थी। इस कार्यक्रम में विनीता सिंघानिया,शुभा अग्रवाल,कोमल झुनझुनवाला, आशा सराफ और अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी

### बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया भंग, एडहॉक कमिटी गठित, डॉ मधुकांत पाठक होंगे चेयरमैन



**रांची(बिभा) :** समयानुसार चुनाव नहीं करने और कई विवादस्पद परिस्थितियों के समाधान नहीं ढूंढ़ पाने के कारण आज इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुये बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को भंग कर दिया. आई ओ ए के प्रेसिडेंट ने इस आशय का पत्र आज जारी करते हुये एक एडहॉक कमिटी की घोषणा कर दी और झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक को चेयरमैन नमित कर दिया। डॉ पी टी उषा, प्रेसिडेंट इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन ने बॉक्सिंग फेडरेसन ऑफ इंडिया को भंग करते हुये चेयरमैन -डॉ मधुकांत पाठक , वाईस चेयरमैन - श्री राजेश भंडारी , सदस्य : डॉ डी पी भट्ट सदस्य :श्री शिवा थापा , सदस्य:श्री वीरेंदर सिंह ठाकुर, यह समिति बॉक्सिंग फेडरेशन के सभी कार्यकलापो का आयोजन करेगी और समानुसार चुनाव का आयोजन कर कमिटी का गठन करेगी।

### अंजुमन इस्लामिया चुनाव : मार्च में होगा इलेक्शन कान्वेंर की घोषणा



**रांची(बिभा) :** अंजुमन इस्लामिया रांची 2025 का चुनाव समय पर होगा ! मार्च महीने में ही चुनाव को लेकर इलेक्शन कान्वेंर के नाम की घोषणा भी की जाएगी। चुनाव को लेकर सोमवार को एक अहम बैठक अंजुमन मुसाफिरखाना में हुई। जिसकी अध्यक्षता अंजुमन के उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने की । इस बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के जिम्मेदार और ओहदेदार उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया के अंजुमन इस्लामिया रांची 2025 का चुनाव समय पर कराया जायेगा। चुनाव को लेकर झारखण्ड वक्फ बोर्ड भी गंभीर है। मालूम हो की रमजान कुरैशी के नेतृत्व में अंजुमन बचाओ मोर्चा ने वक़्फ़ बोर्ड से अंजुमन इस्लामिया रांची का चुनाव समय पर कराने और चुनाव का दायरा ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़ाने का आग्रह किया था ! इसी बाबत झारखण्ड वक्फ बोर्ड ने अंजुमन का चुनाव कराने का निर्देश भी अंजुमन इस्लामिया को दिया है। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि चुनाव से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जायेगा। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अंजुमन इस्लामिया अस्पताल में भ्रष्टाचार चरम पर है ! लोगों ने कहा ऐसे लोगों को अंजुमन के चुनाव में लोग सबक सिखाएंगे। मौजूद लोगों ने बायलॉज के अनुसार अंजुमन का दायरा बढ़ाने पर बल दिया।

### मुखिया व थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर अफीम फसल विनष्टीकरण का लिया निर्णय



**खूँटी(बिभा) ।** जिलेभर के अफीम प्रभावित क्षेत्रों में एसपी अमन कुमार के निर्देशन में स्थानीय थाना पुलिस द्वारा अफीम फसल न लगाने और लगी हुई अभी फसल को विनष्टीकरण करने के लिए गांव गांव जाकर ग्रामीणों से आग्रह करते हुए जनजागरण कर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों के साथ मिलकर अफीम फसल को विनष्ट करने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में खूँटी थाना क्षेत्र के तिरला पंचायत अंतर्गत स्थानीय मुखिया फागू मुण्डा के साथ थाना प्रभारी मोहन कुमार ने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान बैठक कर अफीम फसल को विनाश करने के लिए कहा। वहीं खूँटी थाना क्षेत्र के ग्राम रिदाडीह में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी , थाना प्रभारी खूँटी , मुखिया तिरला पंचायत के द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया जिसमे ग्रामीणों द्वारा स्वयं से अफीम का फसल को विनष्ट करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा इधर, मुरहू थाना अंतर्गत केवड़ा में ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के बीच अवैध अफीम के खेती के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया एवं विधिक पहलू के बारे में बताया गया, तत्पश्चात सभी ग्रामीणों ने बचे हुए अवैध अफीम को खेती को स्वयं विनष्ट करने का निर्णय लिया।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 28 को

**खूँटी(बिभा) ।** झारखण्ड पुलिस की पहल पर नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से खूँटी पुलिस द्वारा जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एसपी अमन कुमार के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह कार्यक्रम आमजनों के शिकायतों के निवारण हेतु खूँटी नगर भवन में आगामी 28 फरवरी को समय 11:00 बजे पूर्वाहन से रखा गया है। जिसमें खूँटी जिला के 10 थाना क्रमशः खूँटी, मुरहू, अड़की, सायको, मारंगहादा, तोरपा, तपकरा, रनिया, कर्रा एवं जरियागढ़ थाना क्षेत्र के आमजनों हेतु नगर भवन, खूँटी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि अपनी शिकायत इसी शिविर में रख सकते हैं और पुलिस प्रशासन के प्रति बढ़े अविश्वास को मिटा सकते हैं।

# रनिया क्षेत्र में 18 नाबालिगों ने तीन नाबालिग बच्चियों के साथ किया सामुहिक दुष्कर्म, आरोपियों को भेजा गया बाल सुधार गृह

बिभा संवाददाता






**खूँटी ।** जिले को एक बार फिर शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आई है। घटना रनिया थाना क्षेत्र की है। जिसमें शुक्रवार को लोटा पानी कार्यक्रम में लोग गये हुए थे। जिसमें बच्चियाँ भी कार्यक्रम में गयी हुई थी। जिस कार्यक्रम के बाद रात को घर लौट रहे पाँच नाबालिग जनजातीय बच्चियों को रनिया थाना क्षेत्र के उलिहातू और निचितपुर गाँव के बीच एक नदी के पास 18 नाबालिग ईसाई और जनजातीय बच्चे पकड़कर छेड़खानी करते हुए सुनसान जगह पर ले गये। लेकिन इसी बीच एक बच्ची ने एक लड़के को दाँत काटकर उनके चंगुल से भाग निकली। लेकिन चार बच्चियाँ पकड़ में आ गयी। जिनके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। लेकिन एक बच्ची ने दुष्कर्म के घटना का बयान नहीं दी है। जिस घटना की जानकारी भागी लड़कियों ने लोगों को दी। फिर शनिवार को यह मामला थाने तक पहुँचा और रविवार की रात तक सभी दुष्कर्म की घटना को अंजाम देनेवाले लोगों को पकड़ लिया गया। वहीं एक बच्ची पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी और वह भाग गयी। जहाँ मामले की जानकारी मिलने पर डीएसपी क्रिस्टोफर केर-केट्टा फिर उन्हें निरुद्ध करते हुए डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अगुवाई में अनुसंधान किया गया और दो बच्चों को पकड़ने के बाद उन दोनों ने 18 जनजातीय नाबालिग लड़कों का इस घटना में शामिल होने की बात बतलाई। जिसके बाद सारे लोगों को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया जिन्होंने इस विभत्स दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि यह शुक्रवार देर रात की रनिया थाना क्षेत्र के उलिहातु व निचितपुर गाँव के बीच नदी के पास की घटना है। उन्होंने यह भी बताया कि शुक्रवार की रात को एक गाँव से दूसरे गाँव लोटा पानी कार्यक्रम में लोग गए हुए थे। जिसमें ये बच्ची लोग भी गई थी। जहाँ से सहेलियों ने रात को पैदल ही अपने गाँव वापस आने के लिए निकल गए। लेकिन इसी बीच 18 नाबालिक बच्चों ने पाँच बच्चियों को उठाकर ले गए। लेकिन उसमें से एक बच्ची भाग निकली। और एक बच्ची कुछ बात नहीं पा रही है। वहीं घरों में जाकर मामले की जानकारी लेकर छानबीन की गई। दुष्कर्म की शिकार बच्चियों को मेडिकल कराया गया और फिर नाम पूछे जाने पर लोगों ने बातें खोली। फिर दो लड़कों को पकड़ने के बाद उन लोगों ने सारे लोगों का नाम बताया। जिन्होंने सारी घटना वृत्तांत को बतला दिया। जीने निरुद्ध करके बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

ज्ञात हो कि घटना की सूचना रविवार को पुलिस को मिली। महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो तथा सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी ने पीड़ित लड़कियों का बयान दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। एएसपी क्रिस्तोफर केर-केट्टा की अगुवाई में रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, सब इंस्पेक्टर टीनू कुमार, अमरजीत सिंकू, अमरेंद्र मंडल आदि ने मामले की जांच शुरू की तथा घटना में शामिल सभी विधि विवादित नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजा। इसके पूर्व पुलिस के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए पीड़ित लड़कियों के अलावा आरोपित लड़कों के स्वजन भी सोमवार को तोरपा थाना पहुँचे और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

# अवैध ईंट भट्ठों पर वन विभाग का चला बुलडोजर जारी रहेगी कार्यवाही

प्रकाश पटवारी



**रामगढ़:** रामगढ़ जिले में अवैध इट भट्टों पर वन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही कि जा रही है। इट भट्टा वाले अवैध भट्टा तो चलाते हि है साथ ही बाल मजदूरी करा कर कई को भी बरामद करने का काम कर रहे हैं।

उक्त संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अनेक इट भट्टा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है तथा जहां भी अवैध इट भट्टा चलने कि जानकारी माल यही है वहां कारवाई निश्चित रूप से होगी।

वन विभाग के द्वारा रविवार को दिन के लगभग डेढ़ से 2:00 बजे रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में अवैध भट्टो पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग के द्वारा वन भूमि क्षेत्र में अवैध इट भट्टो पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त किया गया। मांडू प्रखंड के ग्राम पंचडा के वन भूमि क्षेत्र में अवैध रूप से इट भटटे चलाए जा रहे थे इस की सूचना मिलने पर वन विभाग के द्वाराकार्रवाई करते हुवे अवैध इट भट्टों को ध्वस्त किया गया।

मालूम हो कि बीते 18 फरवरी को रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमारके नेतृत्व मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा महुआ टुगरी में वनभूमि पर अभियान चलाकर छ ट्रेक्टर अवैध कोयला को जप्त किया गया था ।वही मांडू प्रखंड केघाटो थाना क्षेत्र कुजू थाना क्षेत्रमांडू थाना क्षेत्र में गैरमजरूवा सरकारी जमीन पर वनभूमि क्षेत्र में अवैध इट भट्टों का कारोबार फल फूल रहा है ।जिससे सरकार के राजस्व की क्षति हो रही है।

वहीं इन अवैध इट भट्टों मेंउत्खनन कर अवैध कोयले को इन भट्टों में खपाया जाता है ।इस संबंध में रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार की जानकारी देते हुए कहा कि वन भूमि क्षेत्र में अवैध इट भट्टों को ध्वस्त किया गया है किसी भी हाल में क्षेत्र में तस्करी और अवैध इट भटटो का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा । वन विभाग के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

## बाबा आम्रेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर होगी चारों प्रहर पूजा अर्चना

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** जिले भर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व इस वर्ष 26 फरवरी दिन बुधवार को मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि भगवान शिव का महत्वपूर्ण पावन पर्व है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी को मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष चतुर्थी तिथि, दिनांक 26 फरवरी दिन बुधवार को प्रातः 09 बजकर 19 मिनट से प्रारंभ होकर दूसरे दिन गुरुवार को 8 बजकर 09 मिनट तक रहेगा।

जिले के बाबा आम्रेश्वर धाम कि गर्भगृह का मुख्य पुजारी पं हरिहर कर ने बताया कि बाबा आम्रेश्वर धाम में महाशिवरात्री का व्रत रखकर जागरण पूर्वक महादेव का पूजन, अभिषेक एवं मंत्र जाप करने से दुःखः शोक, दरिद्रता का नाश होता है एवं भोलेनाथ की विशेष कृपा प्राप्त होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि को रात्रि के चारों पहर भगवान शिव की बिल्वपत्रों द्वारा पूजा, अभिषेक एवं श्रृंगार करने का विशेष महत्व है। रात्रि के चारों प्रहर के पूजन का समय इस प्रकार है।

प्रथम प्रहरः संध्या 6:15 से रात्रि 9:15 तक

द्वितिय प्रहर : - रात्रिः 9:15 से रात्रि 12:15 तक

तृतिय प्रहर : रात्रिः 12:15 से रात्रि 3:15 तक

चतुर्थ प्रहर : - रात्रिः 3:15 से प्रातः 6:15 तक

## जयदीप टोप्पो ने लिया खलारी थाना का पदभार



बिभा संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर के रूप में सोमवार को जयदीप टोप्पो ने पदभार ग्रहण किया।विदित हो कि निवर्तमान थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह का हस्तांतरण पुलिस मुख्यालय हो गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा खलारी में बेहतर पुलिसिंग लोगों को मिले, अपराध उग्रवाद और अनैतिक कार्य करने वालों पर पूर्ण रूप से लगाम लगे इस दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता निर्भिक होकर अपना कामकाज करें। खलारी पुलिस उनके साथ है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग सीधे आकर मुझे मिल सकते है। उन्होंने स्थानीय लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने खलारी क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति की जानकारी लेने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भ्रमण किया।

### 344 एकड़ में लगे अफीम फसल को किया गया विनष्ट

**खूँटी(बिभा) ।** जिले में सोमवार को अफीम फसल विनष्टीकरण अभियान चलाया गया। जिसमें खूँटी थाना के ग्राम-बारूडीह,सिम्बुकेल में 81 एकड़ एवं सिम्बुकेल एवं रिदाडीह गांव के ग्रामीणों द्वारा 17 एकड़, मुरहू थाना के ग्राम सीटीडीह,खटांगा में करीब 56 एकड़ एवं सीटीडीह के ग्रामीणों द्वारा 5 एकड़, अड़की थाना के ग्राम बरगीडीह, चातमहटुब, कुरिया, सरयाद, मनीबेडा, मारंगबुरु टोला भूसु डीह मे 81 एकड़, मारंगहादा थाना के ग्राम लंदूप चंडोर उतरूंग जोजोहातु लोटोर दुलमी में 90 एकड़, सयको थाना के ग्राम लुमलुमा, आडा, कुडापूरती, रूयटोला, बूरजू, पीड़िहातु में 14 एकड़ में लगे अफीम फसल को विनष्टीकरण किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 344 एकड़ में लगे अवैध अफीम कि खेती को विनष्टिकरण किया गया।

## भारत का दर्शन वसुधैव कुटुंबकम :जगन्नाथ

बिभा संवाददाता




**रामगढ़:** रामगढ़ के मारवाड़ी धर्मशाला में तीन दिवसीय विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्य समिति बैठक का आज समापन हुआ।बैठक की अध्यक्षता चन्द्रकांत रायपत ने की। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ,मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं विहिप के अन्य सभी आयाम के प्रान्त,ज़िला अधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। बैठक के मुख्य वक्ता विहिप के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष ,केंद्रीय प्रबंध समिति के सदस्य जगन्नाथ शाही ने अपने वक्तव्य में कहा भारत माता के खोए हुए वैभव को पुनः वापस लाकर भारतीय समाज को सम्मान एवं भारत माता को जगत जननी के सिंहासन पर स्थापित करना है जिसके लिए गांव से लेकर नगर तक कार्य करने की आवश्यकताहै। देश और समाज को सशक्त बनाने के लिए कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण एवं नागरिक कर्तव्य इन पांच बिंदुओं पर कार्य करने की आवश्यकता है। गौ, गंगा, गीता, गायत्री पर प्रकाश डालते हुए स्व के भाव पर जोर दिया, इन्होंने कहा कि पश्चिमी सभ्यता हमें विनाश की ओर ले जा रही है यह हमारी पहचान नहीं है। भारत के दर्शन वसुधैव कुटुंबकम्‌ की है। समरसता युक्त समाज की विवेचना करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि हम शीघ्र ही अपनी खोई हुई शक्ति और छूटी जा रही संस्कृति को पुनः प्राप्त करेंगे। इस तीन दिवसीय इस बैठक में सभी जिला में विगत 6 माह में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई तथा अगामी होने वाले कार्यक्रम के सन्दर्भ में योजना बनाई गई। बैठक में नवीन दायित्वो की घोषणा पटना क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल द्वारा तथा विभाग एवं प्रांत के नवीन दायित्वों की घोषणा प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र द्वारा की गई जिसमें विनय कुमार -प्रांत सहप्रमुख, सेवा विभाग,दामोदर मिश्र -प्रांत टोली सदस्य, सेवा विभाग,गौरव कुमार-प्रांत मिलन केन्द्र सह प्रमुख बजरंग दल,राजू चौधरी धर्मप्रसार परियोजना प्रांत प्रमुख,शैलेन्द्र सिंह भदौरिया ,धर्मप्रसार प्रांत परावर्तन प्रमुख,संदीप मंडल बजरंग दल प्रांत गोरक्षा प्रमुख ,रमेश पांडे प्रांत सुरक्षा प्रमुख, ,किर्ति गौरव दुगार्वाहिनी प्रांत सहसंयोजिका, प्रकाश रंजन प्रचार प्रसार प्रांत प्रमुख ,सहित अन्य प्रांत पदाधिकारी तथा विभाग एवं जिलों के नवीन दायित्व की घोषणा की गई।

# एनएसयूआइ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का पुतला फूंका


बिभा संवाददाता



**रांची :** झारखंड एनएसयूआइ द्वारा रांची विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का पुतला फूंका गया ।प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने बताया कि पूर्व में हुए 10वीं का पेपर लीक मामले में भाजपा नेता प्रकाश साव का पुत्र स्कूल संचालक प्रिंस उर्फ प्रशांत साव का नाम सामने आया है और उसे पुलिस हिरासत में लिया गया है । जिसकी पुष्टि जिला प्रशासन और अखबार से हुई है । पेपर लीक में कौन कौन संलिप्त है, इसकी जांच होगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी और सलाखों के पीछे जायेंगे । पेपर लीक गिरोह भाजपा के संरक्षण में फला फूला है ।भाजपा की फितरत में है चोरी भी और सीना जोरी भी । प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की चुनाव में बुरी तरह हारने से बौखला गई है भाजपा । छात्र विरोधी है भाजपा ।भाजपा के लोग नहीं चाहते है कि झारखंड के बच्चों का भविष्य बने । ये सब कुकर्म करके यहां के बच्चों का भविष्य अंधकार की तरफ धकेलने में लगे हुए है ।मगर सरकार 10वीं की हिंदी और विज्ञान की परीक्षा को कैंसल कर इनके मंसूबे पर पानी फेर दिया ।कोचिंग माफियाओं को के लिए पनागगाह बनी हुई है भाजपा । भाजपा, आजसू यहां के बच्चों को सरकार के प्रति दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहा है ।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, उपाध्यक्ष अमन अहमद, महासचिव अभिजीत प्रताप सिंह, रोहित पांडे, सैफ अहमद, प्रदेश सचिव पवन कुमार, हुसैन अंसारी, शम्मी हैदर, आर्यन कुमार, मोनू सिंह, राजा कुमार, एमडी कैफ अली, लाल भाई, दानिश अशरफी, महताब आलम, आफताब आलम, राहुल कुमार आदि छात्र नेतागण उपस्थित थे ।

### डीएसपी ने चुरी व केडीएच कांटा घर का किया औचक निरीक्षण



**खलारी(बिभा)।** बीते कुछ दिन पहले चुरी कोलयरी गेट के पास टीएसपीसी उग्रवादियों के द्वारा दिन में दिनदहाड़े अंधाधुंध फायरिंग कर लिफ्टरों डीओ होल्डर को चेनतावनी जारी कर भय बनाया गया था। इसी दृष्टिकोण के मद्देनजर खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने चुरी गेट व केडीएच कांटा घर के पास औचक चेकिंग किया गया। चेकिंग में आसपास के खड़े राहगीर,डीओ होल्डर लिफ्टर व आमनागरिको को सत्यापन किया गया। डीएसपी ने बताया कि कोलव्यवसायियों व कोलसाइडिंग में असामाजिक तत्वों जैसे लोग को खोज बिन जारी रहेगा, असामाजिक लोगो का सूत्र मिले तो तुरंत पुलिस को खबर करने की बात कही। वही कांटा घर के पास औचक पुलिस को देख कर कुछ लोग रफ्फूचक्कर भी हो गए।

## जिले में संचालित दुकानों, शोरूम और संस्थानों ने एक दिवसीय रोजगार मेले में लिया भाग

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** जिले के दुकानों शोरूम और कार्यालय में कार्य करनेवाले कर्मियों की कमी होने के कारण जिला के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, खूँटी द्वारा सोमवार को नियोजनालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला के आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक, खूँटी, सहायक निबंधक, सहयोग समिति, खूँटी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी उपस्थिति में द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से रोजगार मेला का उद्घाटन किया गया।

इस रोजगार मेले में कुल 13 प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया, जिनमें खूंटी में संचालित एलआईसी कार्यालय, राज होंडा शोरूम, मारुति मोड मोबाइल, सेवा सहयोग सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, रेन हेल्थ केयर खूंटी अस्पताल, निर्मल मार्ट, अग्रवाल स्किल सेंटर खूंटी, यूनिवर्सल सोम्पो जीआईएस, जैसे कई दुकानें संस्थान व एजेंसी शामिल थे ।इस रोजगार मेले में लगभग 300 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 130 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नियोजकों द्वारा लगभग 1500 रिक्तियां प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें से 180 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया तथा 70 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। इस अवसर पर 10 अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में नियोजक प्रतिनिधि एवं नियोजनालय कर्मी भी उपस्थित रहे। यह रोजगार मेला जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# बजट सत्र में सभी आपूर्ति पदाधिकारी तैनात रहें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मंत्री इरफान

बिभा संवाददाता

**रांची :** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आज नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभागीय सचिव सहित पूरे झारखंड के सभी जिलों से आए जिला आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभाग से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई और जनहित से जुड़े निर्णय लिए गए।



बैठक में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान वे अपने-अपने जिलों में तैनात रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विभाग आम जनता और विशेष रूप से गरीबों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी पदाधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में दक्षता और तत्परता दिखानी होगी। उन्होंने कहा, मुझे सभी पदाधिकारियों से उच्च स्तरीय प्रदर्शन चाहिए। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मामले सामने आएंगे, जिसके लिए सभी को पूरी तरह तैयार रहना होगा।

बैठक में मंत्री डॉ. अंसारी ने धान अधिप्राप्ति पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब इस वर्ष पर्याप्त खेती हुई है, तो किसानों से समुचित मात्रा में धान की खरीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उनके उत्पादों की उचित कीमत मिले।

मंत्री ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों में संचालित पीओएस मशीनों की तकनीकी अपग्रेडेशन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरानी 2जी तकनीक को अविलंब हटाकर 4जी तकनीक लागू की जाए, जिससे लाभुकों को राशन लेने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा, गरीब जनता को राशन लेने के लिए घंटों कतार में खड़े रहना पड़े, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतः पुरानी व्यवस्था को तत्काल बदला जाए और आधुनिक तकनीक का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को साड़ी और धोती देने की योजना सफलतापूर्वक लागू की जा रही है और इसका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचाया जा रहा है।

मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की सेवा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा, जिस उम्मीद और भरोसे के साथ जनता ने हमें चुना है, हमें उसे पूरा करके दिखाना है। सरकार का हर फैसला आमजन के हित में लिया जा रहा है, इसलिए सभी को मिलजुल कर ईमानदारी से कार्य करना होगा।

# विधायकों का दो दिवसयी प्रशिक्षण कार्यक्रम एक मार्च से

बिभा संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक और दो मार्च को आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे, जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे।



वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रथम सत्र में सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका विषय पर भाजपा विधायक सीपी सिंह विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद लोकतंत्र और समावेशी विकास विषय पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकिशोर, जबकि संसदीय विशेषाधिकार पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपने विचार रखेंगे।

इस सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे।

वहीं दूसरे सत्र में संघवाद और राज्य विधायिका की चुनौतियां विषय पर होनेवाले तकनीकि सत्र की अध्यक्षता हरिवंश करेंगे।

दूसरे दिन के तकनीकि सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। किशोर बजट और राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विचार प्रकट करेंगे।

वहीं दूसरे सत्र का विषय विधि निर्माण के संबंध में विधायकों का दायित्व और झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली की आधारभूत अवधारणा विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा के संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज होंगे।

## टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों को हवाई जहाज से लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना

बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निमार्णाधीन टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना हो गए।गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।



### यह है वर्तमान स्थिति

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल कुल 8 श्रमिक फंसे हुए हैं, जिनमें झारखण्ड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक एक श्रमिक शामिल है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है।नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर , नागरकुरनूल एवं फंसे हुए झारखण्ड के श्रमिकों के साथ तेलंगाना गए अन्य श्रमिकों से संपर्क किया है।श्रमिकों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स छळर के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोज्कर्ट में कार्य कर रहें हैं।

### लगातार ली जा रही है रिपोर्ट

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन एवं वहां मौजूद अन्य श्रमिकों के साथ निरंतर संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा किए जा रहे बचाव कार्यों की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गई टीम भी वहाँ पहुँच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगा।

## डोरंडा की पहली महिला थाना प्रभारी बनी लेडी सिंघम के रूप मे चर्चित दीपिका प्रसाद

बिभा संवाददाता

**रांची :** रांची के डोरंडा थाना की थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद बनाई गयी हैं, राजधानी रांची के कई थाना प्रभारियो को विभिन्न थानो का नव प्रभार दिया गया हैं।जयदीप टोप्पो अब खलारी थाना का कमान संभालेंगे,रंजीत कुमार सिंहा को टाटीसिल्वे थाना प्रभारी बनाया गया,मनोज कुमार को थाना प्रभारी नामकुम बनाया गया जबकि रंजीत कुमार को सदर थाना प्रभारी बनाया गया, अभय कुमार को थाना प्रभारी पिठौरिया, मनीष कुमार को थाना प्रभारी इटकी वही अभिषेक कुमार को सुखदेव नगर थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई।



जिसमे दीपिका प्रसाद जो पूर्व मे रांची की महिला थाना मे थाना प्रभारी के रूप मे अपना योगदान दे चुकी हैं और उस दौरान इनकी कार्य कुशलता और बहादुरी की चर्चा आम थी उसके बाद चतरा की महिला थाना प्रभारी रही, सीआईडी और सीआईडी साईबर थाना आदि जगहो पर अपना योगदान दे चुकी हैं. अब डोरंडा थाना का कमान संभालने के बाद दीपिका प्रसाद से उम्मीद की जा रही हैं कि इस थाना क्षेत्र मे अपराध पर काबू होगा और पुलिस पब्लिक के बीच रिश्तों मे मधुरता आयेगी.

एक महिला अधिकारी का थाना प्रभारी बनाया जाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल का नतीजा हैं जब पिछले वर्ष प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन-2024 समारोह मे उन्होंने मंच से कहा था कि महिलाओ को भी थाना प्रभारी बनाया जाना चाहिए.

डोरंडा थाना मे महिला के रूप मे थाना प्रभारी के आने से महिलाओ मे पुलिस के प्रति ज्यादा सुरक्षा का भावना जागेगा और महिलाएं अपने समायाओ को खुलकर थाना मे ले जा सकेंगी.

दीपिका प्रसाद अपराधियों के बीच एक सख्त और कड़क पुलिस अधिकारी के रूप मे जानी जाती हैं इसलिए इन्हे लोग लेडी सिंघम के नाम से भी जानते हैं. डोरंडा थाना प्रभारी के रूप मे कमान संभालने के दौरान अ0नि0 संतोष कुमार रजक, अ0नि0 अजाद अंसारी, अ0नि0 रीना दास, स0अ0नि0 सुशीला किंडो, आ0 संतोष मिश्रा,नरेंद्र तिवारी,रमेश राय,महिला आ0आर्या,अर्चना,इमी, प्रभारी पिता रमाशंकर प्रसाद एव व्यवसाई प्रशांत कुमार उपस्थित रहे.

## संगठन पर्व का उद्देश्य पार्टी की मजबूती और सर्व स्पर्शी विस्तार : सुनील बंसल

बिभा संवाददता

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू,मनोज कुमार सिंह,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पी एन सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी,बालमुकुंद सहाय,विकास प्रीतम,भानु प्रताप शाही,नीलकंठ सिंह मुंडा,सीमा शर्मा सहित संगठन पर्व को सफल बनाने में जुटे जिलों के चुनाव पर्वेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एवम चुनाव अधिकारी सुनील बंसल , लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं चुनाव अधिकारी संजय जायसवाल जी का मार्गदर्शन हुआ। संचालन गणेश मिश्र ने,विषय प्रवेश प्रदेश महामंत्री एवम चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने किया।



बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी सुनील बंसल ने कहा कि संगठन पर्व पार्टी की मजबूती और सर्व स्पर्शी विस्तार का पर्व है। भाजपा विचारधारा आधारित विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आज देश भर में 13.50 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। पूरे देश में संगठन महापर्व कार्यक्रम चल रहा जिसमे झारखंड भी शामिल है। सशक्त भाजपा से ही विकसित भारत , स्वाभिमानी भारत का स्वप्न साकार होगा। सशक्त भाजपा का मतलब सर्व स्पर्शी भाजपा,सर्व समावेशी भाजपा,सर्व व्यापी भाजपा।


सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि झारखंड में भाजपा का मजबूत सांगठनिक जनाधार है। जिसे और विस्तृत,व्यापक बनाने की प्रक्रिया संगठन पर्व में चल रही। भाजपा का संगठन कार्य सतत चलने वाला कार्य है। संगठन पर्व भविष्य का कार्यकर्ता गढ़ने का पर्व है। पार्टी के विचारों,नीतियों और कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही धरातल पर ले जाने का माध्यम है।

प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में संगठन पर्व विलंब से शुरू हुआ लेकिन हम इसे परिश्रम से समय पर पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जिला स्तर की सांगठनिक संरचना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

# पुलिस महानिदेशक ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले के मद्देनजर की समीक्षा बैठक

बिभा संवाद२दाता

रांची : अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने पुलिस मुख्यालय सभागार में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले के संबंध में की समीक्षा बैठक।




बैठक के क्रम में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की वर्तमान स्थिति, जाँच में हुई प्रगति और आगे की रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखने पर बल दिया। उन्होंने इस मामले की जाँच में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिये और सभी संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने एवं इस मामले के अनुसंधान में डिजिटल तकनीकी उपकरण का उपयोग कर गहराई से जाँच करने एवं दोषियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके अलावे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक निष्पक्ष /सुरक्षित बनाने के उपायों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बैठक के क्रम में यह भी निर्देश दिया गया कि जैक द्वारा प्रश्न पत्र को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचाई जाने वाली पुरी प्रक्रिया को समझे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पेपर लीक कहाँ से हुआ, साथ ही बरामद डिजिटल डिवाइस की जाँच का निर्देश दिया, जिससे इस पूरे प्रकरण के मुख्य अभियुक्त / साजिशकर्ता को चिन्हित किया जा सके।

इस बैठक में अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड पुलिस मुख्यालय सभागार से एवं विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से असीम विकांत मिंज पुलिस महानिरीक्षक, अप०अनु०वि०, झारखण्ड, संजीव कुमार, पुलिस उप-महानिरीक्षक हजारीबाग, वाई एस० रमेश कुमार, पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू, पुलिस अधीक्षक कोडरमा / गढ़वा उपस्थित थे।

## पहाड़ी मंदिर में 108 महिलाओं ने घी का दीपक से महाकाल का किया महाआरती



बिभा संवाददाता

**रांची :** सोमवार को श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा 108 महिलाओं के द्वारा घी का दिया से महाआरती किया । ज्ञात हो कि वसंतपंचमी के दिन से शुरू हुआ तिलकोत्सव के बाद पूरे विधिवत सनातनी परंपरा के अनुसार शिव-पार्वती जी का विवाह होता हैं, जिसमे आज 108 महिलायें पूरे विधि-विधान के साथ महाआरती किये । सबसे पहले महाकाल बाबा को स्नान कराया गया एवं पूरे मंदिर को धोया गया उसके बाद बाबा का श्रृंगार कर महाआरती किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव राजकुमार तलेजा, कार्यकारी अध्यक्ष गगन कुमार, महामंत्री उर्मिला चौधरी, स्वपना चटर्जी, वरीय उपाध्यक्ष शुभाशीष चटर्जी, राजीव वर्मा , दीपक नंन्दा, राम सिंह , देवाशीष राय, प्रीति सिन्हा , पायल सोनी ,हनी चटर्जी, रागनी जायसवाल, पूनम जायसवाल ,स्वीटी गुप्ता , खुशबू गुप्ता कुमकुम गुप्ता ,मीरा गुप्ता, बादल सिंह, नैना राय, नॉमिता , सुप्रिया सिंह, चंदा, पूनम बल्ला, पायल, मधु,अनिता गुप्ता,मनीषा ,गीता गुप्ता,मीठी कौर,रेखा पासवान , शोभा चौधरी , इंदु बात्तीश आदि लोग मुख्यरूप से मौजूद रहे।ये जानकारी बादल सिंह ने दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### द आर्ट ऑफ लिविंग और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के बीच हुआ एमओयू



**रांची(बिभा):** द आर्ट ऑफ लिविंग और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता बेंगलुरू में कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल द्वारा श्री श्री रविशंकर से मुलाकात के दौरान हुआ। इस साझेदारी का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में जीवन कौशल, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक कल्याण को एकीकृत करना है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है। द आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से श्री राजीव नंबियार (संस्थागत कार्यक्रमों के निदेशक) और कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग छात्रों और शिक्षकों के जीवन की चुनौतियों का सामना करने और शैक्षणिक व व्यावसायिक रूप से मजबूत बनने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी के तहत, एनयूएसआरएल के छात्रों को द आर्ट ऑफ लिविंग का यूथ एम्पावरमेंट एंड स्किल्स प्रोग्राम दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तनाव प्रबंधन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और बेहतर पारस्परिक संबंधों जैसे जीवन कौशल में सुधार करना है। इस साझेदारी पर कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल ने कहा, शिक्षा केवल अकादमिक उत्कृष्टता के बारे में नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण विकास और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए है। द आर्ट ऑफ लिविंग के साथ यह सहयोग हमारे छात्र और शिक्षकों को जीवन कौशल और बेहतरीन दिनचर्या के लिए प्रेरित करेगा। एक बेहतर जीवन शैली ही व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है।

### मुख्यमंत्री से मिला विभिन्न आदिवासी संगठनों का प्रतिनिधिमंडल



**रांची(बिभा) :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधान सभा में विभिन्न सरना समिति, छात्र संघ एवं आदिवासी संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण से संबंधित कुछ मांगो से अवगत कराया। मौके पर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक राजेश कच्छप सहित आदिवासी छात्र संघ केअध्यक्ष विवेक तिर्की, राँची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उराँव , सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विकास परिषद, जय आदिवासी परिषद, आदिवासी जन परिषद एवं सिरम टोली सरना समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राज्यपाल से मिले सांसद, किया आमंत्रित

**रांची(बिभा) :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को नमो ई-लाईब्रेरी एवं साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया।



### पीएम किसान सम्मान निधि के 19वें किस्त का प्रदेश भाजपा ने किया स्वागत

**रांची(बिभा) :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि के 19 वें किस्त के जारी किए जाने का स्वागत किया है। श्री मरांडी ने झारखंड के लाखों किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट किया है। श्री मरांडी ने पीएम किसान सम्मान योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर देश के सभी किसान भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि पिछले 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से कृषि क्षेत्र ने तेजी से प्रगति की है। छोटे किसानों को दी जा रही आर्थिक सहायता से उनकी बाजार तक पहुंच बढ़ी है, खेती की लागत घटी है और उनकी आय में वृद्धि हुई है। अब तक किसानों के खातों में लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये सीधे पहुंच चुके हैं। यह प्रयास अन्नदाताओं को सम्मान, समृद्धि और नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

### सरला बिरला को मिला प्रथम पुरस्कार




**रांची(बिभा) :** अरका जैन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम 'फामार्टेक 1.0' में सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शशांक कुमार गुप्ता और गगनदीप सिंह ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम में फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटूभाई पटेल ने एसबीयू के फामेर्सी विभाग के डीन इंचार्ज डॉ. शुभ्रजीत मंत्री को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विवि के फामेर्सी विभाग के शिक्षक पवन कुमार महतो और छात्र विशाल, अनिकेत, विजय और राहुल भी उपस्थित रहे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा और कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के तीन आरोपितों को आजीवन कारावास

**रांची(बिभा)।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने सोमवार को महिला से गैंग रेप करने के बाद उसकी हत्या करने से जुड़े मामले में दोषी करार तीन अभियुक्तों रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा एवं संजय टूटी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 60-60 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## सेक्टर 12 स्थित क्लब मोड़ पर 24 घंटे का अष्टजाम शुरू



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो के सेक्टर 12 स्थित क्लब मोड़ पर श्री राम क्लब की ओर से 24 घंटे का अष्टजाम हरि कीर्तन विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू की गईं ।इस अष्टजाम मे स्थनीय विद्वान पंडितों द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। जिसमे चार यजमान शामिल हो रहे है। पूजा अर्चना के बाद स्थानीय तथा बाहरी नामचीन कलाकारों द्वारा हरिनाम संकीर्तन शुरू की गई है, दूसरी ओर झांकीया यहां आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वही संध्या भंडारा का भी आयोजन किया गया । आयोजनकर्ता अध्यक्ष रिंकू सिंह ने कहा कि यह हरि नाम पहली बार आयोजित की जा रही है आगे यहां पर एक मंदिर का स्थापना किया जाना है जिसमें प्रभु श्री बजरंगबली के साथ श्री शनि महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी इस हरि नाम कीर्तन में श्री राम क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य अतिथि के तौर पर सभी गणमान्य उपस्थित रहे श्री राम क्लब के अध्यक्ष रिंकू सिंह, चुमन कुमार, अमरनाथ पोद्दार,रंजय कुमार, संतोष कुमार, पिंटू कुमार, शिव कुमार ,भारत यादव, उत्पल सिंह ,संतोष बरनवाल ,शतीश बरनवाल सोमेश पांडे, शैलेंद्र कुमार सिंह, श्री राम गुप्ता, जितेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, अनिल कुमार, मंतोष कुमार,, अनिल सिंह, जेपी सिंह, पप्पू कुमार, पीयूष कुमार आदि सभी सदस्यों के द्वारा हरि कीर्तन कराया गया इस हरि कीर्तन मे प्रसाद स्वरूप भंडारा का आयोजन किया गया।

## पथुरिया हाई स्कूल के पूर्व छात्रों का मिलन समारोहः 44 साल बाद फिर से मिले सहपाठी



**बोकारो (बिभा):** जरीडीह प्रखंड के पथुरिया हाई स्कूल के 1981 सत्र के उतीर्ण पूर्ववर्ती छात्रों ने गरगा डैम में एक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन कर एकजुट होकर अपनी पुराने यादों को आपस में साझा किया। मिलन समारोह में सभी सहपाठियों ने आपस मे हर वर्ष एक समारोह का आयोजन कर कम से कम एक दिन सभी मिलकर अपने जीवन के अनुभवों को साझा करने का निर्णय लिया। इस दौरान उत्पल कुमार मुखर्जी ने भावुक होकर अपने सहपाठियों को 44 वर्ष के उपरांत उक्त कार्यक्रम का आयोजन करने पर बधाई देते हुए सहपाठियों का आभार जताया। मिलन समारोह का नेतृत्व कर रहे सर्वेश्वर कुमार साहू ने स्कूल के दिनों की यादों को साझा कर कहा कि पथुरिया हाई स्कूल की बेहतर शैक्षणिक परंपरा का यह प्रभाव है कि लगभग 44 साल के बाद 16 की उम्र के सहपाठी आज 60 की उम्र में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए जमा हुए हैं ये ईश्वर की कृपा से ही आज संभव हो पाया है। उन्होंने इस मुलाकात के सिलसिले को निरंतर जारी रखने की बात कही। मौके पर परमेश्वर महतो, शिवचरण महतो, तारकेश्वर महतो, अंबिका प्रसाद महतो, भुलेश्वर महतो, हिमांशु कुमार महतो, रूप लाल सिंह, प्रमोद कुमार महतो, अश्वनी कुमार महतो, केशव कुमार महतो सहित उक्त बैच के सभी उपस्थित सहपाठियों ने वनभोज सह मिलन समारोह में शिरकत की एवं अपनी पुरानी यादों को ताजा किया।

## यौन शोषण करने के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो की जागेश्वर विहार (रहावन ओपी) पुलिस ने यौन शोषण करने के मामले में फरार चल रहे रहावन ओपी के पचमो गांव निवासी सत्यम कुमार पिता स्व जालेंधर महतो के घर में पुलिस ने रविवार को इस्तेहार चिपकाया ।मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि साल 2024 के दिसम्बर में पीड़िता ने सत्यम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी में बताया था कि सत्यम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ यौनशोषण किया है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा है.

## दो दिवसीय बिनोद बिहारी महोत्सव 24 से



**बोकारो(बिभा) :** चास प्रखण्ड पंचायत बिजुलिया के बिनोद बिहारी महतो स्मारक मेला समिति सिंहडीह की बैठक बिनोद चौक मौड पर अध्यक्ष महानंद महतो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन शंकर प्रसाद महतो ने किया। बैठक में बिचार विमर्श किया गया। 24 फरवरी से दो दिवसीय बिनोद महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका तैयारी पुरी कर लिया गया है ।इस अवसर पर झारखण्ड संस्कृति छोनृत्य व डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक सत्ता रुढ़ दल सह विधायक मथुरा प्रसाद महतो टुंडी व विशिष्ट अतिथि बिजय कुमार राजवार झामुमो नेता सह बोकारो जिला परिषद सदस्य होगें । प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से बिनोद मेला के संस्थापक अध्यक्ष टुपलाल महतो, जगदीश महतो, डा० कन्हैयालाल महतो, बहादुर महतो, मनोज कुमार महतो,शंकर महतो, रुप चांद महतो, महानंद कुमार महतो,मोहन महतो,गोतम महतो, जयदेव महतो, योगीलाल महतो, सहदेव महतो, मुनका महतो, दिलीप कुमार व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# बोकारो में आरपीएफ टीम की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म संख्या 3 से भारी मात्रा में शराब बोकारो आरपीएफ ने जप्त किया ।बताते चले की रात्रि पाली में ड्यूटी के वक्त एसआई कुमार सत्यम को सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति सुबह के करीब 1 बजे एक व्यक्ति हा दो ट्रॉली बैग के साथ प्लेटफार्म संख्या तीन पर इधर-उधर भटक रहा था। एसआई कुमार सत्यम अपने टीम के साथ एएसआई डी.के.द्विवेदी, एचसी मंटू कुमार, हेड कांस्टेबल विकास कुमार, हेड कांस्टेबल जे. अंसारी, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल आनंद कुमार-2, एल/सी भगवती दलबल के साथ वहां पहुंच सर्च अभियान चलाया तो देखा कि दो संदिग्ध व्यक्ति प्लेटफार्म संख्या 3 एक्सलेटर के पास अपने साथ दो ट्रॉली बैग (लाल एवं हरा रंग) का लेकर इधर-उधर घूम रहा था जब उसने जब आरपीएफ टीम को देखा तो भागने की कोशिश करने लगा आरपीएफ टीम ने उसे पड़कर जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम विवेक कुमार, उम्र लगभग 23 वर्ष, पता पुत्र- सिद्धनाथ साव, निवासी- रतनपुर, थाना- चांदी, जिला- भोजपुर (बिहार) बताया की इन दो बागों में वह शराब की बोतले बिहार ले जा रहा था जिसकी कुल कीमत लगभग 37,520 रुपए बताया जा रहा है। उसने बताया कि वह अकेले नहीं है उसके साथ एक और साथी भी है जो वही मौके पर से पकड़ा गया जिसका नाम मनंजय कुमार, उम्र लगभग 18 वर्ष, पुत्र- संजय रे, निवासी- अखेगड़ा टोला, थाना- संदेश, जिला- भोजपुर (बिहार) का है।

मौके पर से जप्त की गई 750 मिली लीटर के 04 नग की बरामदगी और सुपुर्दगी। 999 व्हिस्की और 96 नग 350 मिली रॉयल स्टैग ,दो ट्रॉली बैग में भरा हुआ मिला जिसकी कीमत लगभग 37,520 रुपए बताई गई है। तत्पश्चात, एसआई कुमार सत्यम ने सभी कानूनी औपचारिकताओं करते हुए उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में विवेक कुमार और मनंजय कुमार के सचेत कब्जे से प्रत्येक ट्रॉली में 50 बोतलें ट्रॉली बैग के साथ उपरोक्त शराब की बोतलों को जब्त कर लिया। उन्हें जब्त सामान के साथ आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट बीकेएससी में लाया गया और उचित सुरक्षा में रखा गया। और गिरफ्तार व्यक्ति को जब्त सामग्री के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सहायक आयुक्त उत्पाद शुल्क बोकारो को सौंप दिया गया।

## सेक्टर 6 में नंदेश्वर शिव मंदिर में कलश यात्रा और ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**बोकारो(बिभा) :** कलश यात्रा के साथ सेक्टर 6 नंदेश्वर मंदिर में ज्ञान यज्ञ शुरू चित्र परिचय कलश यात्रा में शामिल महिला व पुरुष श्रद्धालु बोकारो प्रतिनिधि नगर के सेक्टर 6 टीवी टावर स्थित नंदेश्वर शिव मंदिर से सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में महिला व पुरुष श्रद्धालु पीला वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश रखकर शामिल हुई। यह कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर गरगा नदी तक गई। वहां पर पंडित के मंत्र उच्चारण के बीच मंगल कलश में विधिपूर्वक जल भरा गया। इसके बाद पुन वापस सेक्टर 6 स्थित नंदेश्वर शिव मंदिर तक लौट गया 'कलश यात्रा के दौरान महिला पुरुष श्रद्धालुओं की ओर से जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा ।

# डीआरडीए निदेशक ने ऑन स्पॉट 15 मामलों का किया निष्पादन

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 15 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, बीएसएल, कार्यपालक अभियंता विधुत, गृह रक्षक कमांडेंट, राजस्व, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अंचलाधिकारी नावाडीह आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरुकता कार्यशाला आयोजित



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक विकास लाने में युवा पीढ़ी की जागरूकता के निमित्त शिक्षाविदों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के भास्कर वर्मा (प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट) और जेके सिन्हा (वित्तीय सलाहकार) ने सभी को वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य के लिए धनराशि के समुचित प्रबंधन की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने सुरक्षित भविष्य के लिए वर्तमान परिदृश्य में व्यवस्थित निवेश पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक वित्तीय योजना और लेन-देन, स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, बीमा, निवेश और बैंकिंग के कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने कहा कि निवेश किया गया आपका पैसा वास्तव में आपके लिए काम करता है और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है। उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को उन्होंने बचत की महत्ता, इसके फायदे, समय के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव, महंगाई के विभिन्न कारकों, पैसिव इनकम, लिक्विडिटी, शेयर मार्केटिंग आदि पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के साथ ही इस इंटरैक्टिव सेशन का समापन हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने वित्तीय मामलों की अद्यतन जानकारी की दिशा में उक्त कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों में शुरू से ही वित्तीय साक्षरता को लेकर बल दिया तथा कार्यशाला में शामिल शिक्षकों से अपने ज्ञानार्जन से छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का आह्वान भी किया।

# सेवानिवृत होने से पहले सीसीएल कर्मी ने लिया 19 लाख 79 हजार रुपया का लोन, बैंक प्रबंधन में मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर सीसीएल कर्मी ने 19 लाख 79 हजार रुपया का लिया एसबीआई बोकारो थर्मल शाखा से लोन, लोन लेने के 4 माह बाद ही हो गया सेवानिवृत।

एसबीआई प्रबंधक ने कराया बोकारो थर्मल थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज।

बताते चले की बोकारो के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के सीसीएल के कथारा स्टोर में सिक्यूरिटी सुपरवाइजर के पद पर पदस्थापित सीसीएल कर्मी ने फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर एसबीआई बैंक बोकारो थर्मल शाखा से 19 लाख 79 हजार रुपया का धोखाधड़ी लोन लेकर कर लिया है। सीसीएल कर्मी ने अपने जन्म प्रमाण पत्र में फेर बदल करने सेवानिवृत होने के मात्र चार महीना पहने 19 लाख 79 हजार रुपया का लोन ले लिया और सेवानिवृत होने के बाद मिले रुपए को दूसरे बैंक में ट्रांसफर कर दिया। अब बैंक प्रबंधन को चिंता सता रही है कि अब सेवानिवृत कर्मी से लाखों रुपया लोन का वसूली कैसे करेंगे। इस सम्बन्ध में एसबीआई बोकारो थर्मल शाखा प्रबंधक सुभाष कुमार से बोकारो थर्मल थाना की पुलिस को लिखित शिकायत आवेदन देकर रूपया वापसी करने की गुहार लगाई है। वही बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सेवानिवृत सीसीएल कर्मी जानबूझ कर सेवानिवृत होने के समय फर्जी दस्तावेज देकर बैंक से लोन ले लिया । आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

# कोटपा के तहत सिटी थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान, 23 दुकानदारो को काटा गया चालान

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा-2003) की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र के राम मन्दिर चौराहा, सेक्टर 2, सेक्टर 3 बोकारो पब्लिक स्कूल के पास, नयामोड, दुन्दीबाग एवं 12 मोड के कुल 113 दुकानों की जांच की गई जिसमें 23 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3350 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी द्वारा बताया गया कि कोटपा-2003 की धारा 6ए का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु छापामारी की जा रही है। सभी दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि कोटपा 2003 विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करें। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद न बेचे और न बिचवायें। सार्वजनिक स्थान/खुले में धुम्रपान का सेवन न करें। स्कूल के 100 गज के परिक्षेत्र में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सिटी थाना के एस0आई0 के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

### एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में एनयूएचएम समीक्षा और योजना पर बैठक

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए नई रणनीति तैयार, परिवार नियोजन और टीकाकरण पर विशेष ध्यान

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के कार्यालय में एनयूएचएम समीक्षा और योजना, डीआरचो-बोकारो डॉ. सेलिना टुडू के समापन पर बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में विश्व रंजन, शब्बीर अय्याम, पीएसआई इंडिया के प्रबंधक कार्यक्रम कार्यान्वयन में मोहम्मद रहमान खान, शहरी क्षेत्र के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधक, एवं सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्र के जर्नल एवं जीएनएम के प्रतिनिधि शामिल थे। आज की बैठक में शहरी क्षेत्र में फैमिली वैल रिलेटेड प्रोवाइड की जाने वाली सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और योजना बनाई गई। जिसमें सभी को एसएमएस के दाता प्रोग्रेस की समीक्षा और साथ ही दिया गया सभी को दस्तावेज के अनुसार एला (उपलब्धि का अपेक्षित स्तर) बताया गया है। साथ में झुग्गी बस्ती में रहने वाले आबादियों को सुविधा के साथ मेपिह करने एवं नामांकन के लिए लिस्ट को अपडेट करने पर चर्चा की गई। आईयूसीडी सेवा को बढ़ाने के लिए सभी के साथ कार्य योजना बनाई गई। जिला आरसीएचओ की ओर से परिवार नियोजन से संबंधित कमोडिटीज की पहचान एवं स्टॉक आउट करने का निर्देश दिया गया। अंत में डब्ल्यू एच ओ के एस एम ओ द्वारा सभी ए एन एम को इम्युनिटी से संबंधित अपडेट दिया गया।

# राजकीय जनजातीय हिजला मेला : गोलाफेंक और भारोत्तोलन में मुकेश और रवि ने दिखाया दम

बिभा संवाददाता



**दुमका :** राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद समिति के तत्वावधान में हिजला मेला परिसर में सोमवार को पुरुष एवं महिलाओं के लिए तीरंदाजी, ऐथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, खो खो एवं वॉलीबॉल सहित मटका फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में इनोश मुर्मू, संजीव हांसदा तथा मुजाम सोरेन तथा लंबी कूद में लक्ष्मण हांसदा,राजीव बेसरा तथा दीपक टुडू जबकि पुरुष वर्ग के अन्तर्गत लंबी कूद में अशोक मुर्मू,रसीलाल सोरेन तथा प्रकाश हांसदा,100 मीटर दौड़ में प्रणव पाठक ,मानवेल मरांडी तथा अशोक मुर्मू,400 मीटर दौड़ में अशोक मुर्मू, राकेश मुर्मू तथा प्रणव पाठक,मटका फोड़ में शांतनु कुमार साह,टीमू बेसरा तथा अगस्टिन मुर्मू,भारोत्तोलन में रविस्टेफन मुर्मू,दुर्गा मरांडी तथा प्रकाश चालक गोला-फेंक में मुकेश कुमार,जान हांसदा तथा शशि मिश्रा,क्रमशः पहले,दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में अनुप्रिया हांसदा, शिवानी टुडू तथा सबिना हेम्ब्रम,कुश्ती सबजूनियर वर्ग में सपना मरांडी, प्रेरणा मरांडी तथा सनोदी बेसरा, जूनियर वर्ग में सुष्मिता मुर्मू, टेरेसा हेम्ब्रम तथा पूजा टुडू, सीनियर वर्ग में शीला मुर्मू, सुष्मिता मुर्मू तथा तेरेसा हेम्ब्रम तथापंछी पहनी महिलाओं के घड़ा दौड़ में सुनीता हांसदा, बहामुनि हांसदा तथा सुशीला हेम्ब्रम क्रमशः पहले से तीसरे पर रहीं।

विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी दुमका कौशल कुमार तथा हिजला मेला खेलकूद समिति के सदस्यों ने नकद तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## रेणुका सहायः एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व का अवसान

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो स्टील सिटी उच्च विद्यालय की प्रथम महिला एनसीसी ऑफिसर रेणुका सहाय अब हमारे बीच नहीं रहीं। 81 वर्ष की उम्र में सांस की गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया। यह दुखद समाचार पूरे क्षेत्र के लिए गहरा आघात है।

उनके पुत्र, महाप्रबंधक बीएसएल आलोक कुमार, मातृशोक में हैं। उनकी बहू, डॉ. मीता सिन्हा, ने बताया कि रेणुका सहाय पिछले छह महीनों से बीमार चल रही थीं और उनका घर पर ही इलाज किया जा रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मुस्कान हॉस्पिटल, चास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रेणुका सहाय न केवल एक समर्पित शिक्षिका थीं, बल्कि अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की मिसाल भी थीं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया और समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रेरणा बनीं। इसके अलावा, वे कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से भी सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं, जहाँ उन्होंने सेवा और परोपकार के कार्यों में भाग लिया।उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका आदर्श, योगदान और यादें हमेशा सभी के दिलों में जीवित रहेंगी।

# संक्षिप्त खबरें

## शहीद करमजीत सिंह बक्शी के परिवार से मिले अंचलाधिकारी, शहरी आवासीय क्षेत्र में मिलेगा जमीन



**हजारीबाग(बिभा):** हजारीबाग उपायुक्त के निर्देश पर अंचलाधिकारी मयंक भूषण ने आज शहीद करमजीत सिंह बक्शी के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।शहीद करमजीत सिंह बक्शी ने देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर किए थे, और उनके बलिदान को सम्मान देते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया है कि परिवार को हजारीबाग के शहरी आवासीय क्षेत्र में जमीन आवंटित की जाएगी।अंचलाधिकारी मयंक भूषण ने शहीद के परिवार से बातचीत कर उनकी जरूरतों को समझा और कहा कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निदेशानुसार जल्द ही उपयुक्त आवासीय भूमि का चयन कर परिवार को हस्तांतरित किया जाएगा। शहीद के परिजनों ने सरकार और जिला प्रशासन के इस कदम की सराहना की और कहा कि यह निर्णय उनके बलिदान को सम्मान देने वाला है। परिवार ने उम्मीद जताई कि जल्द ही प्रक्रिया पूरी कर उन्हें जमीन सौंप दी जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। शहीद करमजीत सिंह बक्शी की शहादत को याद करते हुए सभी ने उनके बलिदान को नमन किया और परिवार को हरसंभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।

## हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने रानीगंज श्याम मंदिर में किए दर्शन



**हजारीबाग(बिभा):** हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने आज ग्यारस के पावन अवसर पर रानीगंज श्याम मंदिर में बाबा श्याम के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के साथ भजन-कीर्तन में भाग लिया। चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि बाबा श्याम का आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहे और समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रहे। उन्होंने मंदिर परिसर में पहुंचकर बाबा श्याम के चरणों में माथा टेका और परिवार एवं समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।मौके पर मंदिर समिति के सदस्यों एवं अन्य भक्तों ने भी बाबा श्याम के जयकारे लगाए। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था, और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी।

## शारदा विनिता खंडेलवाल ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**हजारीबाग(बिभा):** प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां देशभर से आए भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। इसी क्रम में शारदा विनिता खंडेलवाल समेत कई लोगों ने भी संगम में स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि और पुण्य लाभ अर्जित किया।संगम पर स्नान के पश्चात शारदा खंडेलवाल ने कहा कि यह स्थान सनातन संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में स्नान करना आत्मिक शांति और दिव्यता प्रदान करता है। कुंभ मेले की तर्ज पर इस अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे सभी श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के स्नान कर सके !विनिता खंडेलवाल ने कहा कि प्रयागराज संगम में स्नान करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने का पवित्र अवसर है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई। यह अनुभव शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।हमारी सनातन संस्कृति में नदियों को माँ का दर्जा दिया गया है, और आज इस पावन जल में स्नान कर एक अनोखी आध्यात्मिक अनुभूति हुई। मैं सभी श्रद्धालुओं से अपील करती हूँ कि वे अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को सहेजें और आगे बढ़ाएं।

## आज बिजली रहेगी बाधित

**हजारीबाग(बिभा):** मंगलवार को आरडीएसएस प्रोजेक्ट के तहत कारगिल चौक पर 200 केवीए ट्रांसफार्मर के एलटी लाइन में एलटी केबल लगाने का काम किया जाएगा। जिससे मिशन पावर से 11 केवी कारगिल फीडर को बिजली मिलेगी.सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक पतरातू बस्ती, हरनगंज, आर्य नगर, को-ऑपरेटिव कॉलोनी, आदर्श नगर, रांची पटना रोड के 20 ट्रांसफार्मरों से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## कोलकाता से प्रयागराज जा रही बस का हजारीबाग में एक्सीडेंट



**हजारीबाग (बिभा):** हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र में महाकुंभ के लिए कोलकाता से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं की बस सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा सियरकोनी 19 के पास पीके इंटरनेशनल होटल के नजदीक हुआ। हादसे में करीब 30 यात्री जख्मी हो गये। इनमें से दो की हालत गंभीर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क किनारे प्याज लदा एक ट्रक खड़ा था। पीछे से आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर इस ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया। टक्कर के बाद लोगों की चीथ-चित्कार से पूरा इलाका दहल उठा। आसपास से जुटे लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। चौपारण थानेदार अनुपम प्रकाश अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एनएचएआई के एम्बुलेंस की मदद से जख्मी सभी लोगों को चौपारण सरकारी अस्पताल ले जाया गया। थानेदार के अनुसार मामूली रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों का इलाज जारी है। सभी यात्री खतरे से बाहर हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनिर्वाचित प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का जिला कांग्रेस कमेटी ने भव्य स्वागत किया

# मैं पार्टी को चलाने नहीं सेवा करने आया हूं कार्यकर्ताओं के प्रति जवाबदेह रहूंगा : के राजू

बिभा संवाददाता




**हजारीबाग:** कृष्ण बल्लभ आश्रम हजारीबाग में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान व कोडरमा जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान तथा धन्यवाद ज्ञापन चतरा जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने किया। हजारीबाग आगमन पर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनिर्वाचित प्रभारी के ट्ट राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का जिला कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग आगमन पर उन्हें भव्य स्वागत, पुष्पगुच्छ, माला और आदिवासी तरीके से स्वागत किया गया, प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष का जगह जगह हर चौक पर फूल माला से स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग जिला अध्यक्ष, और जिला के महानगर अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष, रामगढ़ जिला अध्यक्ष, नगर, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष, चतरा जिला अध्यक्ष, नगर, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष, कोडरमा जिला अध्यक्ष, नगर प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बैठक की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि मैं पार्टी को चलाने नहीं सेवा करने आया हूं मैं कार्यकर्ता के प्रति जवाबदेह रहूंगा। कोई भी कार्यकर्ता मुझसे मिलकर सवाल कर सकता है। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूती के लिए पांच बहुमूल सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के निचले स्तर के कार्यकताओं को भी मजबूत करना एवं उनका अधिकार देना आवश्यक है, पार्टी के निर्णय में भी कार्यकताओं की भावनाओं को सम्मिलित करना होगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश के संविधान की रक्षा कर सकती है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिला सकती है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 वर्ष तक हम जय संविधान कैंपेन चलाएंगे, हम झारखंड के लोगों को सरकार की ओर से अच्छा शासन देंगे ताकि सभी को उनका अधिकार मिल सके और संगठन के माध्यम से सभी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का काम करेंगे। हम झारखंड से लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत नेताओं को आगे बढ़ने का भी काम करेंगे। इन्होंने बताया की कांग्रेस के चारों मंत्री को प्रमंडल वार जिम्मेदारी और कांग्रेस के हर एक विधायक को दो जिला की जिम्मेदारी दी जाएगी।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा के झारखंड के प्रभारी के राजू के झारखंड आने से पार्टी एवं सरकार दोनों को मार्गदर्शन मिलेगा, एक और उनका प्रशासनिक अनुभव और दूसरी और लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव से पार्टी को ऊर्जा और गति मिलेगी, हमें संगठन को मजबूत करना है और चुनाव के दौरान जनता से किए वादे को भी पूरा करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद पूर्व मंत्री के.एन.त्रिपाठी, बादल पत्रलेख, योगेन्द्र साव, जयप्रकाश भाई पटेल पूर्व विधायक धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक प्रदेश से आए शहजादा अनवर सतीश पाल मुजंनी, शान्तनु मिश्रा, रियाजउद्दिन अंसारी, भीम कुमार, बिनोद कुशवाहा, बलजीत सिंह बेदी, मंजुर अंसारी, केदार पासवान, मुन्ना सिंह, अरूण साहू, आरसी मेहता, मनोज सहाय पिंकू, अवधेश कुमार सिंह, बजरंग महतो, संजय गुप्ता महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अतिरिक्त चारो जिला के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के अतिरिक्त प्रदेश प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेसजन जिला के पदाधिकारीगण तथा सभी प्रकोष्ठ और मंच मोर्चा के अध्यक्ष तकरीबन पांच सौ कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला के प्रवक्ता निसार खान ने दी।

# उपायुक्त ने गंभीर रोग से पीड़ित राजेश कुमार को सौंपा चालीस हजार का चेक

बिभा संवाददाता




**हजारीबाग:** उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा हर मंगलवार एवं शुक्रवार को जिले के दूर दराज से आए ग्रामीणों के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस जनता दरबार में जिले के तमाम जनमानस आस लगाए अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखते है तथा उपायुक्त द्वारा भी लगातार आमजनो से मिलकर उनकी समस्याओं को कम करने के प्रयास करतीं है।

आज इसी क्रम में कुछ माह पूर्व आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर बड़कागांव प्रखंड के पकरी बरवाडीह निवासी राजेश कुमार ने अपनी हृदय रोग के चिकित्सीय सहायता हेतु मदद की गुहार उपायुक्त के समक्ष लगाई थी। उपायुक्त ने इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सीएसआर मद से इनके इलाज के उपरांत लगने वाले दवाइयों के खर्च के लिए चालीस हजार का चेक सौंप कर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान की। उपायुक्त ने एचडीएफसी बैंक, आनंदा चौक शाखा के सीएसआर मद का उपयोग हेतु एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सौरभ रंजन एवं शाखा प्रबंधक राजन सिंह से वार्ता कर तत्काल राहत हेतु वित्तीय सहयोग का निर्णय लिया एवं यथाशीघ्र लाभुक को चेक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

चेक को पाकर प्रभावित लाभुक और इनके परिजनों ने उपायुक्त को इस मदद के लिए हृदय से धन्यवाद दिया।इस दौरान जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी मौजूद थे।

## के राजू के झारखण्ड आने से संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा और दिशा : मुन्ना सिंह



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू के हजारीबाग आगमन पर सोमवार को वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी के दौरे से पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे कांग्रेस कार्यकताओं में जोश बढ़ेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। इसके बाद कांग्रेस प्रभारी राजू ने कुंभ स्नान और अयोध्या दर्शन से लौटते समय दुर्घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके बाद कांग्रेस जिला कार्यालय कृष्ण वल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल चतरा, कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग के प्रखंड अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष के व कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली, हजारीबाग में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा अरुण से द्वितीय तक के शिशुओं को स्वर्णप्राशन औषधि पिलाने को लेकर अभिभावक गोष्ठी हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि, मंजू श्रीवास्तव, प्रांतीय वाटिका प्रमुख सह राष्ट्रीय सदस्य शिशु वाटिका ने आभासी माध्यम से शिशुओं के अभिभावकों का मार्गदर्शन बच्चों को स्वर्णप्राशन औषधि पिलाने को लेकर हुआ। मौके पर उन्होंने कहा विद्या भारती के द्वारा जन्म से लेकर 12 वर्षों तक के शिशुओं को स्वर्णप्राशन औषधि दी जा रही है। इसके प्रयोग से बच्चे निरोग होंगे उनका शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विकास होगा, साथ ही साथ उनकी बुद्धि तीव्र गति से विकसित होगी। मौके पर हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिंहा ने अभिभावकों से आग्रह किया कि स्वर्णप्राशन औषधि अपने-अपने शिशुओं को अवश्य पिलाएं। जिससे बच्चे बलशाली एवं बुद्धिमान होंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा स्वर्णप्राशन औषधि के पिलाने से आपके शिशु हमेशा निरोग रहेंगे। भैया- बहनों का शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास भी होगा, वही विद्यालय की उपाध्यक्ष डॉ अमिता कुमारी ने भी स्वर्णप्राशन औषधि पिलाने की बात करते हुए कहा इस औषधि के पिलाने से बच्चे बलशाली एवं स्वस्थ रहेंगे। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य सह प्रवासी कार्यकर्ता ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा स्वर्णप्राशन औषधि भैया- बहनों को पिलाने से उनका समग्र विकास होगा। शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए यह एक रामबाण औषधि है।

# अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ताओं का एक दिवसीय धरना आज

बिभा संवाददता



**हजारीबाग :** केंद्र सरकार के द्वारा लाया जाने वाला अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ता संघ हजारी बाग का एकदिवसीय धरना व हड़ताल मंगलवार को किया जाएगा। उक्त निर्णय सोमवार को आहूत बार संघ के लाइब्रेरी हॉल में आम सभा की हुई एक बैठक में ली गई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता का हनन करने वाला है इस बिल में बहुत सी खामियां हैं जिसे केंद्र सरकार को सुधारना होगा। जिसको लेकर मंगलवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर रहेंगे।उन्होंने कहा कि बार कॉन्सिल ऑफ इंडिया में केंद्र सरकार की ओर से तीन सदस्य नामित होंगे जो कि कार्उंसिल को निर्यंत्रित करेंगे। सचिव सुमन कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के कार्य में कोई हस्तक्षेप ना करें केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के लिए कोई भी लाभकारी योजना नहीं चल रही है। साथ ही ना ही कोई अधिवक्ताओं को वेतन देती है।उन्होंने कहा कि धरना के दौरान बिल की एक प्रति जलाई जाएगी साथ ही एक ज्ञापन उपयुक्त को दी जाएगी।मौके पर उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सहसचिव कुणाल कुमार, दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष भारत कुमार, कार्यकारिणी सदस्य भैया सुमित कुमार सिंहा, शिवदत्त पांडे, विभव कुमार, चंद्रिका प्रसाद, डॉक्टर चंदन कुमार, जवाहर प्रसाद, सतीश सिंह, गौतम चक्रवर्ती, स्वरूप चंद जैन, संजय कुमार, रीना वर्मा, अमित प्रकाश, बैजनाथ मिश्रा, मनीष भारद्वाज, संतोष कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# बिरबिर में माता शबरी एवं प्रभु श्रीराम मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय यज्ञ धूमधाम से संपन्न

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** हजारीबाग सदर प्रखण्ड अंतर्गत ओरिया पंचायत के ग्राम बिरबिर में स्थित माता शबरी एवं प्रभु श्रीराम मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय यज्ञ धूमधाम के साथ समापन हुआ। जिसकी शुरूआत 251 कलश यात्रियों के साथ गाजे-बाजे के साथ भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। यज्ञ आचार्य एव प्रवचन कर्ता नकुल देव शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ कराया। जबरा डैम से जल लेकर यज्ञ मंडप में जल रखकर दो दिवसीय पंच कुंडीय महायज्ञ का आरती कर शुरूआत हुई। पूजा- पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। प्रथम दिवस की संध्या प्रख्यात प्रवचन कर्ता आचार्य नकुल देव शास्त्री के द्वारा संगीतमय कथा कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर कथा सुनकर अनमोल वचनों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। द्वितीय दिवस की यज्ञ देव पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। पांच पालियों में लगभग 350 श्रद्धालुओ ने एक साथ हवन किया। यज्ञ के बाद चार पुंसवन संस्कार कराया गया। एक नामकरण, 10 देवस्थापना एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। द्वितीय दिवस की संध्या 251 दीपकों का विराट दीपक उत्सव के साथ युग अवतार की महाआरती कन्याओं द्वारा किया गया। जिसके बाद संगीतमय कथा एवं आतिशबाजी के साथ दो दिवसीय यज्ञ संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तिमय वतावरण से क्षेत्र गुंजयमान हुआ। भक्तिभाव से श्रद्धालु पूजा- पाठ में लीन रहे। भक्ती एवं उत्साह का अद्भुत संगम भी दिखा। प्रवचन कर्ता नकुल देव शास्त्री ने प्रवचन के दौरान कहा कि मनुष्य का जीवन परमात्मा द्वारा सर्वोत्तम उपहार के रूप में प्रदान किया गया है। 84 लाख योनियों में मनुष्य योनि को ऋषियों ने सर्वश्रेष्ठ योनि कहा है। मनुष्य तन प्राप्त करने के बाद जीवन में भक्ति का होना अनिवार्य। बिना भक्ति के मनुष्य का जीवन उसी तरह है जैसे बिना पानी के बादल। बिना लवण के बहु व्यंजन बेकार है, ठीक उसी प्रकार भक्ति के बिना मानव जीवन बेकार। भक्ति स्वतंत्र है सबके लिए सुलभ है और सभी सुखों को प्रदान करने वाला है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में सुख शांति के लिए ईश्वर की भक्ति भजन व सत्संग अवश्य करनी चाहिए।मौके पर विशेष रूप से माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर के अध्यक्ष नन्कु राम, सचिव जुगल यादव, कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश साव, उपसचिव अरविंद बक्शी, उपकोषाध्यक्ष सिता राम वर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गौतम वर्मा, अजय कुमार, प्रकाश यादव, अशोक यादव, पप्पू वर्मा, कमेश्वर वर्मा, अजित वर्मा, जगदीश राम, बीरबल कुमार, बिजय राम, सुनील यादव, तपेश्वर यादव, रुपेश राम, नरेंद्र यादव, विकाश यादव, गौतम यादव, कार्तिक यादव, बहादुर राम, ऋतू कुमार, जीवन कुमार, माइकल कुमार, बचन कुमार, गौतम कुमार, प्रेम कुमार एवं साजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम पहुंची सिमडेगा

**सिमडेगा :** प्रखिदन सिमडेगा में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नंदकिशोर मेहता की अध्यक्षता में नगर पालिका चुनाव को लेकर पिछड़ेवर्गों की ट्रिपल टेस्ट अंतर्गत की गई गणना से संबंधित बैठक की गई।बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्ड में की गई गणना के संबंध में जानकारी ली गई। बैठक में वार्ड के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में बातें रखी जिसपर लिखित दिए जाने की बात कही गई। टीम ने जिले में विभिन्न पदों पर संविदाकर्मियों,बाह्यश्रोत की नियुक्ति,चौकीदार बहाली आदि में पिछड़ों की संख्या की जानकारी देने की बात कही। नगरपालिका चुनाव में पिछड़ेवर्ग के मतदाताओं के संबंध में भौतिक सत्यापन करने के लिए आयोग की टीम पहुंची।बैठक के पश्चात टीम द्वारा वार्ड नंबर 4,वार्ड नंबर 12 तथा वार्ड नंबर 9 एवं 1 के मतदाताओं से मिलकर सर्वे में किये गए पूछ ताछ के संबंध में जानकारी ली। सभी वार्डों के मतदाताओं ने बताया कि लोग मतदाता सूची में नाम मिलान के साथ उनके वर्ग की जानकारी ली गई।पिछड़ेवर्ग की संख्या में ओ बी सी में कैटेगरी 1 तथा 2 की जानकारी भी ली गई। बैठक में निदेशक आईटी डी ए सरोज तिर्की, उपनिर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समीर बोदरा, नियोजन पदाधिकारी आशा मक्सिमा लकड़ा, टीम के संजय कुमार सिंह सांख्यकी विशेषज्ञ,संजीव कुमार सिंह सहायक प्रशाखा पदाधिकारी,बिनोद कुमार सिंह सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी



रमेश सर्राफ धमोरा

गंगाजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वान पंडितों का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं



इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।

शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं। डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है। सिर्फ शास्त्री ब्रिज के नीचे पानी की गुणवत्ता थोड़ी बहुत सही नहीं है और इसके जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि एनजीटी ने इस नई रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। कहा कि अगर सेंट्रल की रिपोर्ट गलत है तो यूपी वाले एक्शन लें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता पर एक हफ्ते में नई विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस पर अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

दरअसल ये पूरा मामला उन 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। जो महाकुंभ में संगम स्नान करने प्रयागराज आए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के श्रद्धालुओं पर संभावित असर को देखते हुए ही यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नई रिपोर्ट बनाकर इसका जवाब दिया है।

गंगाजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

## संपादकीय

### सेंसर कितना होगा

डिजिटल मंचों पर अश्लीलता और हिंसा दिखाने की शिकायतों के बीच हानिकारक सामग्री को विनियमित करने के लिए नये कानूनी ढ़ांचे की जरूरत और मौजूदा वैधानिक प्रावधानों की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समीक्षा कर रहा है। समय रैना के शो इंड़िया'ज गॉट टेलेंट पर रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक अश्लील टिप्पणियों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए सरकार से इस बाबत कड़े. कदम उठाने को कहा है। पारंपरिक प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री विशिष्ट कानूनों के तहत आती हैं, जबकि ओटीटी, यू-टज़्ब समेत इंटरनेट द्वारा संचालित नई मीड़िया सेवाओं के लिए विशेष प्रावधान जरूरी हैं। इन प्लेटफॉर्म्स को आईटी नियम, 2021 के तहत आचार संहिता का सख्ती से पालन करना जरूर होने के बावजूद अनुचित सामग्री परोसी जा रही है। मंत्रालय के अनुसार ओटीटी इसका पालन नहीं करता तो सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67, 67ए व 67बी के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इन धाराओं के तहत अश्लील सामग्री का प्रसारण/प्रकाशन दंड़नीय है। बीते साल 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 19 वेबसाइट्स, दस एप्स और 57 सोशल मीड़िया अकाउंट्स ब्लॉक किए जाने के बावजूद यह प्रवृत्ति नहीं रुोक पाना द्योतक है कि अश्लील सामग्री और अभद्र भाषा प्रयोग करने वालों पर लगाम कसना कठिन है। सरकार ने ओटीटी सामग्री को उम्र के आधार पर निर्धारित करने को कहा है। हालांकि वे इसे तफसीलन पहले ही अंकित करते हैं। सवाल सिर्फ यू-टज़्बर या इंफ्लुएसर द्वारा सोशल मीड़िया में अश्लील सामग्री के माध्यम से अधिक से अधिक व्यूज पाने का नहीं है। इस मामले में आम आदमी भी पीछे नहीं है। तय है कि अभिव्यक्ति की आजादी की आड़. में मसखरी या नाजायज बातें करने का इख्तियार किसी को नहीं दिया जा सकता परंतु इस पर भी गहन विमर्श जरूरी है क्योंकि भारत में अश्लील सामग्री खास तौर पर पोर्नोग्राफी देखने वालों की संख्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। बेशक, इंटरनेट तक आधे देशवासियों की सीधी पहुंच पर हम इतरा सकते हैं पर यह न भूलें कि दरअसल, बहुसंख्य नागरिक इस सुविधा का इस्तेमाल अपनी कुंठित मानसिकता और कामुक उन्माद के लिए कर रहे हैं। सरकार या कानून एक हद तक ही अश्लीलता रोक सकते हैं। अश्लीलता या फूहड़ता के माध्यम से चर्चा पाने वालों को रोकने का बेहतरीन तरीका है, उनकी उपेक्षा करना। जो इंटरनेट प्रयोगकताओं को स्वयं सीखना होगा।

## चिंतन-मनन

### निरोगी काया भी हो ध्येय

सच्चे अर्थों में जीवन उतने ही समय का माना जाता है, जितना स्वस्थतापूर्वक जिया जा सके। कुछ अपवादों को छोड़कर अस्वस्थता अपना निज का उपार्जन है। सृष्टि के सभी प्राणी प्रायः जीवन भर निरोग रहते हैं। मनुष्य की उच्छृंखल आदत ही उसे बीमार बनाती है। जीभ का चटोरापन अतिशय मात्रा में अखाद्य खाने के लिए बाधित करता रहता है। जितना भार उठ नहीं सकता, उतना लादने पर किसी का भी कचूमर निकल सकता है। बिना पचा सड़ता है और सड़न के रक्त प्रवाह में मिल जाने से जहां भी अवसर मिलता है, रोग का लक्षण उभर पड़ता है। अस्वच्छता, पूरी नींद न लेना, कड़े परिश्रम से जी चुराना, नशेबाजी जैसी आदत स्वास्थ्य को जर्जर बनाने का कारण बनते हैं। खुली हवा और रोशनी से बचना, घुटन भरे वातावरण में रहना भी बीमारी का बड़ा कारण है। भय या आक्रोश जैसे उतार-चढ़ाव भी मनोविकार बढ़ाते और व्यक्ति को सनकी, कमजोर व बीमार बनाते हैं।

शरीर को निरोगी बनाकर रखना कठिन नहीं है। आहार, श्रम एवं विश्राम का संतुलन बिठाकर हर व्यक्ति आरोग्य एवं दीर्घजीवन पा सकता है। दूसरे नियम भी ऐसे नहीं, जिनकी जानकारी आमजन को न हो सके। उन्हें थोड़े से प्रयास से जाना जा सकता है। आलस्य रहित, श्रमयुक्त व्यवस्थित दिनचर्या का निर्धारण करना सरल है। स्वाद को नहीं-स्वास्थ्य को लक्ष्य करके उपयुक्त भोजन की व्यवस्था हर स्थिति में बनानी संभव है। सुपाच्य आहार समुचित मात्रा में लेना जरा भी कठिन नहीं है।

शरीर को उचित विश्राम देकर हर बार तरोताजा बना लेने के लिए कहीं से कुछ लेने नहीं जाना पड़ता। यह सब असंयम एवं असंतुलन वृत्ति के कारण नहीं सध पाता और हम सुर दुर्लभ देह पाकर भी नर्क जैसी यातनाग्रस्त स्थिति में पड़े रहते हैं। शारीरिक आरोग्य के मुख्य आधार संयम एवं नियमितता ही है, इनकी उपेक्षा करके मात्र औषधियों के सहारे आरोग्य लाभ का प्रयास मृग मरीचिका के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर औषधियों का सहारा लाठी की भांति लिया तो जा सकता है, किन्तु चलना तो पैरों से ही पड़ता है। शारीरिक आरोग्य एवं सशक्तता जिस जीवनीशक्ति के ऊपर आधारित है उसे बनाये रखना इन्हीं माध्यमों से संभव है।

# अपने ही घर में असुरक्षित होती बच्चियां



मुकेश तिवारी

आजकल मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। ऐसे कई मामले हाल ही में प्रकाश में आए हैं जिनमें पिता या करीब के रिश्तेदार ने ही ऐसा घृणित काम किया है दिलों दिमाग को झकझोरा कर रख देने वाली इन घटनाओं ने पवित्र रिश्तो। जिन पर समाज टिका है पर सवालिया निशान लगा दिया है घर अब तक बच्चों के लिए सबसे महफूज जगह थी। वहां भी अब वे असुरक्षित हो गए है।

भारत भर में इन दिनों छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है चौंकाने वाली बात यह है कि मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाला कोई अपना करीबी रिश्तेदार से लेकर स्कूल शिक्षक भी हो सकता है। वर्तमान में ऐसी बहुत-सी घटनाएं प्रकाश में आई है। जिसमें पिता ने ही बेटी के साथ। भाई ने बहन के साथ। चाचा ने भतीजी और यहां तक की दादा ने पोती के साथ स्कूली शिक्षक ने मासूम छात्रा के साथ दुष्कर्म जैसा घिनौना कृत्य किया। उधर भोपाल के हमीदिया में 11साल की बच्ची की मौत के बाद बड़ा सवाल -मासूम बच्चियों से बार बार दरिंदगी करने वाले कैसे कोर्ट से छूटते रहे?

50 वर्षी फारुख ने दिल्ली के झोपड़ पट्टी क्षेत्र में अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ पत्नी की गैरमौजूदगी में बलात्कार किया। शासकीय कार्यालय में कार्यरत पवन ने अपनी 14 वर्षीय बेटी को डरा धमकाकर उसके साथ यौनाचार किया।बी एस एफ में कार्यरत भोले पाल ने अपने घर में काम करने वाली नौकरानी की बेटी से कई दिनों तक अपनी हवस शांत की।दिल्ली के हर तरह से साधन संपन्न परिवार से ताल्लुक रखने वाले 24 वर्षीय विनोद ने अपनी 10 वर्षीय सौतेली बहन के साथ तकरीबन तीन दिनों तक यौन दुराचार किया। सुशील कुमार ने त्रिलोकपुरी में शशि गार्डन में अपने पड़ोस की 8 बषीय बच्ची से बलात्कार किया। रिश्ते में सुशील मासूम बच्ची का चाचा था। गांव की 10 वर्षीय भोली भाली बच्ची के साथ धर्मवीर ने बलात्कार किया। मुरादाबाद रेलवे कालोनी के अनिल कुमार ने 13 वर्ष की लड़की के साथ शौचालय में बलात्कार किया। यह घटनाएं दिल और दिमाग को झांकझोर कर रख देती हैं साथी उन पवित्र रिश्तों में घृणा भी पैदा करती हैं जिस पर समस्त भारतीय समाज टिका हुआ है। वर्तमान समय में पुरुष की शारीरिक हवस इतनी बढ़ गई है कि उसने 60 साल की बूढी औरत से लेकर 4 महीने की मासूम बच्ची को भी नहीं छोड़ा है। शाजापुर जिले में रमेश सिंह ने साल 2003में 5साल की बच्ची से दरिंदगी की कोर्ट से उसे 10साल की सजा मिली।बर्ष 2014मे वह सजा काटकर बाहर आया तो उसने आष्टा में 8साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया लोअर कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई। तो आरोपी ने हाईकोर्ट में सजा रिवीजन की अपील की गई। तो बर्ष 2019मे कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। कोर्ट से छूटते ही गत 25फरवरी 2025को उसने नरसिंहगढ (राजगढ़) में 11साल की मूक बधिर बच्ची को सोते समय अगवाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने दुष्कर्म के दौरान बच्ची को ऐसे जख्म दिए कि उसने भोपाल के हमीदिया अस्पताल में 8फरवरी 2025 को दम तोड दिया। दुष्कर्म के आरोपी रमेश सिंह की 27व 16साल की दो बेटियां और एक बेटा है वह अपनी दोनों बेटियों पर भी बुरी नजर रखता है। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के ही विदिशा में भी सामने आ चुका है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान गोलू उर्फ. कोमल अहिरवार 28 में 3 साल की बच्ची को अगवा किया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। जांच में पता चला कि 2015 में भी वह इसी मैरिज गार्डन में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म कर चुका है।लोअर कोर्ट ने उसके अपराध को देखते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी हालांकि कोर्ट ने उसे बरी कर दिया।

पिता, भाई, चाचा और दादा अपने ही खून से आंखें चुराकर उनके शरीर का शोषण करते हैं।एक अजीब सा वीभत्स भाव तब आता है जब कोई पिता अपनी बेटी को हवस का शिकार यह कहकर बनता है कि जब पेड़ मैंने लगाया है तो फल कोई और क्यों खाए।मैं ही क्यों न खाऊं ,पिता, दादा, और भाई बलात्कारी जरा सोचिए ऐसी त्रासदी की कल्पना करना भी कठिन है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए।

हमेशा से समाज में लड़कियों के साथ दोयम दर्जे का सलूक तो चलता ही था। लेकिन समाज की कुछ मयार्दाएं हुआ करती थी। पुरुष अपने ऊपर संयम रखते थे। धीरे धीरे औरतों के साथ होने वाला गलत व्यवहार शिशु हत्या और दहेज हत्या की तरफ बढ़ा लेकिन पराकाष्ठा तब हुई जब कोई अपनी बहन, बेटी ,भतीजी और पोती के साथ दुष्कर्म करने लगा। परिवारों में पनपने वाली इस नई संस्कृति को अनैतिकता अश्लीलता या संवेदनहीनता कुछ भी कहे लेकिन अब समस्या यह है की छोटी बच्चियां या औरतें अपने परिवार में ही असुरक्षित हो तो कहां जाए ?किस पर भरोसा करें? किससे संरक्षण मांगे? क्या इन सवालों के उठने के बाबजूद भारतीय समाज स्वयं को श्रेष्ठ और पश्चिम को कुत्सित मान सकता है।

आखिर ऐसे कौन से ऐसे कारण हैं जिनके वशीभूत होकर पुरुष अपना संयम खो बैठते हैं? निचले तबके के लोगों ने बताया कि नशे के कारण पुरुष अपना संयम खो बेठते है। जगह की कमी के कारण सात आठ लोग एक ही झुग्गी में सोते हैं और रात को



अश्लील फिल्म देखकर वहन , बेटी को ही अपनी हवस का शिकार बना डालते हैं। शराब के नशे में शारीरिक भूख इतनी तीव्र होती है कि अपने पराए का भेदभाव भुला देती है। खासतौर से अशिक्षित लोगों के लिए क्या अच्छा है क्या बुरा? कुछ समझ ही नहीं आता। हैरानी की बात है कि शराब के नशे में बाप को बेटी नहीं हवस मिटाने का सामान नजर आता है।

यहां तो रही निम्न वर्ग की बात, उच्च या मध्यम वर्ग में भी ऐसा ही है। उनकी बेटियां भी अपने घरों में असुरक्षित है। आज समस्त भारतीय समाज की आसकित पश्चिमी देशों की तरफ बढ़ रही है। रहन-सहन आचार विचार माहौल और यहां तक की रिश्तो में मतभेद न रखने की प्रवृत्ति भी वही की देन है। आधुनिक जीवन पश्चिम की भांति विवाह और परिवार की लंबे समय तक एक जुटता में विश्वास नहीं रख रहा।वैवाहिक जीवन तेजी से असंतोषपूर्ण होता जा रहा है। घुटन तनाव और टक्कर संबंध विच्छेद और तलाक का दौर पश्चिम की तर्ज पर चल पड़ा है। ऐसे माहौल में पुरुष उच्छंलन हो उठते हैं और फिर उनकी शिकार पत्नी से लेकर बहन बेटी। से लेकर छात्रा तक कोई भी हो सकती है।

(लेखक के विषय में -मध्यप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# आधी आबादी : आगे बढ़ाने की कोशिशें धुंधली



संजीव ठाकुर

भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है। स्वतंत्र काल से शुरू हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है। आज भी महिलाएं सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक-सांस्कृतिक, सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैं। आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है, बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत की विकास की दर बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद में है।

विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है। अनेक सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी होती दिखाई दे रही हैं। यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है। प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदूषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया। महिलाओं को घर की चारदीवारी में बंद होना पड़ा था। इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता, ऊर्जा, शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं। भारत एवं विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं, जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है। उनके नामों की सूची लंबी है। उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही हैं। इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक प्रबंधन करती आ रही हैं।

अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही हैं। जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं। महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन, मेडिकल, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी, एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही हैं, और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उनका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं हैं, चाहे शनि सिंगनापुर, हाजी अली दरगाह या तीन तलाक का मामला हो, इनकी सजगता सामाजिक परिवर्तन लाई है। सरकार भी इनकी भूमिका को स्वीकार करते हुए थल, जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका में इनकी नियुक्ति कर रही है। राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तर पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए हैं किंतु हमें हमेशा स्मरण रखना चाहिए कि देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी और सम्मान नहीं मिल पा रहा है, जिसके लिए वे हकदार हैं।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 25प्र. से भी कम रह गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक-मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरु षों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है। इसके अलावा, दुनिया की सबसे कम वेतन वाली नौकरियों में 60प्र. महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया गया है। इन परिस्थितियों में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम, 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी किए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड़ अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है कि किस प्रकार महिलाओं की श्रम बल में अधिक



भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करती है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है कि महिलाएं कोमल हैं पर कमजोर नहीं हैं। शक्ति का नाम ही नारी है। भारत के विकास में सही मायने में 50प्र. भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं देश को विश्व के विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं। जरूरत इनकी शक्ति, क्षमता और योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक विकास में महिलाओं के सर्वांगीण विकास को आधार बना कर आर्थिक महाशक्ति बनने का स्वप्न साकार हो सकता है।

# बच्चों को भविष्य के लिए इस तरह से करें तैयार

**अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़ियां को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।**



प्रवीर और मृदुल इत्तेफाक से रूममेट बन गए। मृदुल की मां कॉर्पोरेट सेक्टर में काम करती है, इसलिए उसका परिवेश एकदम ही अलग है। दूसरी और प्रवीर की मां सरकारी दफ्तर में काम करती है इसलिए उसका परिवेश मृदुल से कुछ अलग था। एक तरफ मृदुल हर तरह से आत्म-निर्भर और आत्मविश्वासी है तो दूसरी तरफ प्रवीर हर चीज को टालता रहता है। शुरुआत में दोनों को एक-दूसरे के साथ एडजस्ट होने में बहुत दिक्कतें पेश आईं। मृदुल क्या पहनना है से लेकर पिकनिक पर कहां जाना है और शाम को क्या सब्जी बनाने से लेकर बुक-शॉप से कौन-सी बुक खरीदनी है, जैसे सारे निर्णय स्वयं लेता है तो दूसरी तरफ प्रवीर को हर तरह का निर्णय लेने में दूसरों की जरूरत लगती है। वजह स्पष्ट है-मृदुल को बचपन से ही निर्णय लेने के लिए प्रेरित भी किया और निर्णय लेने भी दिया गया। प्रवीर को हमेशा ही बच्चा कहा गया और हर उस अवसर से उसे दूर रखा गया, जहां विकल्पों में से चुनाव करना था। अक्सर हम बच्चों के बड़े होने के दौरान ही उन्हें निर्णय लेने की क्रिया से वंचित करते चलते हैं और फिर जब वे बड़े हो जाते हैं तब एकाएक उन्हें कहने लगते हैं कि अब बड़े हो गए हो, अपने निर्णय खुद ही करो। उस पर जब उनका निर्णय गलत सिद्ध होता है तब हम उन्हें ही दोष देने लगते हैं कि इतने बड़े हो गए, लेकिन अब तक यह समझ नहीं आया कि अपने लिए क्या सही है और क्या गलत है?

बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा होने देना सिर्फ एक कहावत नहीं है, बल्कि उन्हें हर तरह से आने वाले जीवन और हकीकतों के सामने खड़े होने और लड़ने की कूव्वत देना है। इस मामले में एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि जब बच्चे घर से बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं तब लड़कियां लड़कों की तुलना में जल्दी एडजस्ट कर लेती है। हो सकता है इसके सामाजिक कारण भी हो, लेकिन एक बात यह भी है कि बहुत सारे मामलों में लड़कियां ज्यादा लचीली होती है और दूसरे घर के छोटे-मोटे कामों में मां का हाथ बंटाते-बंटाते वह कब आत्मविश्वास पा लेती है, इसका उन्हें खुद भी ज्ञान नहीं होता है। अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़ियां को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।

### उन्हें एक कोना दें

चाहे जो परिस्थिति हो, आप अपने बच्चे को एक ऐसा कोना जरूर उपलब्ध कराएं, जिसे वह स्वयं व्यवस्थित करें। याद करें स्कूलों में बच्चों को दिया जाना वाला लॉकर। इसी तरह एक ड्रॉवर या एक लॉकर उसे जरूर दें, जहां वह अपनी चीजें व्यवस्थित कर रख सकें। इससे उसमें जिम्मेदारी का भाव भी आएगा और निर्णय करने की क्षमता का विकास भी होगा। जब वह उसे अपनी तरह से व्यवस्थित कर पाएगा तो उसमें आत्मविश्वास भी आएगा।

### छोटे-छोटे निर्णय करने दें

अपने बच्चे को छोटे-छोटे निर्णय स्वयं करने दें। जैसे अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में वह क्या पहन कर जाना चाहता है? या फिर डिनर के लिए जाते हुए वह किस तरह के कपड़े पहनना चाहता है? या रेस्टोरेंट में उसे स्वयं अपना ऑर्डर देने के लिए कहें। आइसक्रीम का कौन-सा फ्लेवर या किस तरह का पित्जा वह खाना चाहता है, इसका निर्णय उसे स्वयं करने दें।

### अपने रिश्ते उसे ही निभाने दें

यदि उसके दोस्त का जन्मदिन है या वह अपने दोस्त को किसी खास मौके पर पार्टी देना चाहता है या गिफ्ट देना चाहता है तो उसे खुद ही निर्णय करने दें। यदि वह आपसे राय मांगे तो उसे सुझाव दें। उसके समक्ष विकल्प रखें, उसे निर्णय न सुनाएं। उससे पूछे कि उसके दोस्त की रूचि क्या करने में है? उसी हिसाब से वह उसे गिफ्ट दें, लेकिन यह न बताएं कि उसे क्या गिफ्ट दे!

### घर के छोटे-छोटे काम करने के लिए कहें

भारतीय घरों में अक्सर घर के कामों को लड़कियों के हिस्से में माना जाता है। ऐसे में अक्सर हम लड़कों को इससे अलग रखते हैं। लेकिन अब चूंकि लड़कों को भी अलग-अलग वजहों से घर से बाहर जाना पड़ता है, इसलिए उन्हें भी घर के काम करना आना चाहिए। इससे घर से बाहर एडजस्ट करने में उन्हें असुविधा नहीं होगी। खासतौर पर चाय बनाना, नाश्ता बना पाना और हां अपने कपड़ों को खुद ही धोना अपने बच्चे को जरूर सिखाएं।

### अपनी समस्याओं को उन्हें ही हल करने दें

भाई-बहनों के बीच के झगड़े हो या फिर दोस्तों के बीच हुए विवादब्बच्चे को अपनी समस्याओं से खुद ही लड़ने को कहें। स्कूल के एंन्यूएल फंक्शन में पार्टिसिपेशन के लिए डांस की तैयारी करनी हो या फिर कॉस्ट्यूम अरेंज करना हो, बच्चों को मार्गदर्शन तो दें, लेकिन उसका काम आप न करें। इस तरह की छोटी-छोटी चीजें करके आप बच्चे को भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं। आखिर उसे आपके घर की छत से बाहर जाकर अपने लिए जमीन तलाशनी है और दुनिया बनानी है। अपनी छाया से अलग करके ही आप उसे विकसित होने का अवसर देंगी, ये न सिर्फ आपके लिए बल्कि स्वयं बच्चे के लिए भी अच्छा होगा।




# बच्चे के पुराने खिलौने फेंके नहीं बल्कि ऐसे करें इस्तेमाल

अपने बच्चों के लिएही खिलौने चुनने में पेरेंट्स बहुत समय लगा देते हैं। आप जिस खिलौने को पसंद करने में घंटों लगा देते हैं, बच्चा उससे कुछ साल ही खेल पाता है और बड़ा होने पर वो खिलौने उसके किसी काम के नहीं रहते हैं। जब बच्चा खिलौनों से खेलना बंद कर देता है, तो पेरेंट्स के लिए इन्हें संभालकर रखना मुश्किल हो जाता है। उन्हें समझ नहीं आता है कि वो इन खिलौनों को कहां रखें या इनका क्या करें।

### खिलौनों का क्या करें

अगर आपके बच्चे के ढेरों खिलौने अब बेकार पड़े हैं और घर में उनसे खेलने वाला कोई नहीं है, तो आप उल्हें दान कर सकते हैं। इस तरह से खिलौने उन बच्चों तक पहुंच पाएंगे, जिन्हें सच में इसकी जरूरत हो। आपकी इस कोशिश से किसी मासूम बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है। यहां हम आपको कुछ ऐसे तरीके और जगहें बता रहे हैं, जहां आप अपने बच्चों के खिलौनों को दान कर सकते हैं।

### कैसे खिलौने कर सकते हैं दान

जो खिलौने अच्छी कंडीशन में हों और ज्यादा इस्तेमाल न किए गए हों, उन्हें दान के रूप में स्वीकार कर लिया जाता है। आप ब्लॉक्स, पजल्स, बोर्ड गेम, स्टफड एनीमल, टॉय कार, क्राफ्ट किट, स्पोर्ट्स किट, एक्टिविटी बुक जैसे कई तरह के टॉएज दान कर सकते हैं। हालांकि, कई जगहों पर मुंह में लेने वाले खिलौने दान में नहीं लिए जाते हैं जैसे कि पैसिफायर और टीथर आदि। आप खिलौनों को दान करने से पहले कंफर्म कर लें कि उस जगह पर किस तरह के टॉएज लिए जाते हैं।

### चैरिटी में

आप उन संस्थानों में खिलौनों को दान कर सकते हैं जो चैरिटी करती हों। ये संस्थाएं अनाथ बच्चों को ये खिलौने देती हैं। इसके अलावा इनके द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को भी खिलौने और जरूरी सामान दिए जाते हैं।

### शेल्टर या आश्रय स्थल

वुमेन शेल्टर होम में भी आप खिलौनों को दान कर सकते हैं। इन जगहों पर बच्चों के पास बहुत कम चीजें और सुविधाएं होती हैं। ये लोग आपके गिफ्ट और खिलौनों को आसानी से ले लेंगे। आप इन्हें खिलौनों के अलावा कपड़े और टॉयलेटरीज भी दान कर सकते हैं। इसके अलावा और क्या-क्या दान कर सकते हैं, यह जानने के लिए आप सीधा शेल्टर होम में बात कर सकते हैं।

### चिल्ड्रेन होम

आप अनाथ आश्रम में भी बच्चों के खिलौने दान कर सकते हैं। यहां हर उम्र के बच्चे होते हैं जिन्हें आपके खिलौने पसंद आ सकते हैं।

### अस्पताल या धार्मिक केंद्र

कई अस्पताल भी बच्चों के खिलौने लेते हैं। यहां दाखिल होने वाले बच्चों को ट्रीटमेंट के दौरान खिलौनों से खेलने दिया जाता है। इसके अलावा आपके आसपास के धार्मिक केंद्रों में भी बच्चों के खिलौने लिए जा सकते हैं। आप मंदिर के बाहर बैठे बच्चों को खिलौने दे सकते हैं। इन बच्चों के पास बचपन की सबसे प्यारी चीज यानि खिलौनों के नाम पर कुछ नहीं होता है। ऐसे में आपकी छोटी सी मदद इनके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।




# छोटी-सी तारीफ भी देती है बड़ी खुशी

**कोई भी महिला तब और निखर उठती है, जब कोई उसकी खूबसूरती की तारीफ करने वाला हो। कोई उसकी छोटी-छोटी जरूरतों का खयाल रखने वाला हो। अगर वह अपने साथी के लिए कुछ करे तो वह उसे नोटिस करे। जब साथी इन बातों का खयाल रखता है तो दांपत्य जीवन खुशियों से महक उठता है।**

आज सुबह से ही तन्वी का मन कुछ उदास था, न जाने किस सोच में गुम थी। पिछले काफी समय से सोच रही थी कि उसकी शादीशुदा जिंदगी में कुछ कमी-सी है लेकिन तभी मोबाइल पर आए एक मैसेज ने जिंदगी में छाई सारी निराशाओं को पल भर में मानो दूर भगा दिया और तन्वी के मन में एकाएक नई उमंगें तैरने लगीं। इसमें लिखा था-'कैसी हो स्वीटहार्ट' ? तुम्हारा दिन कैसा बीत रहा है?

यह मैसेज पढ़ते ही तन्वी का उदासी में डूबा दिन खुशनुमा हो उठा। उसके मन में शाम की कई प्लानिंग चलने लगीं। आईने में खुद को बार-बार निहारने लगी। वाकई में तन्वी जितनी खुश थी, उसकी चमक उसके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उसके बाद ही तन्वी ने भी पूरी गर्मजोशी से मैसेज का जवाब भी दिया और उसके खुश रहने के साथ पूरे घर का माहौल खुशनुमा हो गया।

### क्या चाहती हैं महिलाएं

अक्सर पुरुष सोचते हैं कि स्त्रियों को खुश करना बड़ा मुश्किल है, लेकिन वे नहीं जानते कि उनकी जीवनसंगिनी खुश होने के लिए बेशकीमती तोहफा नहीं चाहती, उसे तो प्यार से दी गई एक कैंडी भी खुश कर सकती है। लंबे से मेल के बजाय प्यार में डूबी छोटी-सी पंक्ति भी जीवनसाथी को प्रसन्ना कर सकती है। बस, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

### बस थोड़ी-सी केयर

सचाई यह है कि करियर में कोई स्त्री कितनी भी कामयाब क्यों न हो जाए, उसे सबसे बड़ी खुशी तब मिलती है, जब उसका साथी उसकी छोटी-छोटी ख्वाहिशों को समझता हो, उनका खयाल रखता हो। दरअसल, ऐसा करते हुए वह यह जता देता है कि वह उसके लिए कितनी खास है। महिलाएं हमेशा से चाहती हैं कि उनका साथी कार में पहले खुद बैठने की बजाय उनके लिए कार का दरवाजा खोले। ये चाहत इसलिए नहीं है कि वह यह काम खुद नहीं कर सकती या फिर शारीरिक रूप से कमजोर हैं, वह सिर्फ अपने पार्टनर से एक स्नेह भरे रिश्ते की अपेक्षा रखती हैं। प्रकृति ने पुरुष को फिजिकली मजबूत बनाया है। वह मेहनत करता है, परिवार चलाता है। स्त्री उसका खयाल रखती है। आदिकाल से ऐसा ही होता रहा है लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव भी आया है। अब स्त्रियां घर-ऑफिस साथ संभाल रही हैं। पुरुष उनकी मेहनत की कद्र करता है, लेकिन कहीं न कहीं वह इसका इजहार करने से चूक जाता है।





# माथे पर बढ़ रही लकीरों को हटाएंगे ये होममेड मास्क

**बिजी लाइफ के दौरान त्वचा का ख्याल नहीं रख पाते हैं। लेकिन जब कहीं जाना होता है तब हमें अपनी स्किन का ख्याल आता है, पर उस वक्त कोई उपाय नहीं सूझता है और बेकार मूड से फंक्शन में जाना पड़ता है। कोई बात नहीं अब भी केयर कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं कैसे माथे पर आ रही चिंता की लकीरों को हटाए कुछ ही दिनों में।**

### गाजर और अंडे का पैक

गाजर में मौजूद तत्व बीटा कैरोटीन, आयोडीन झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही अंडे में भी पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो त्वचा में कसावट पैदा करते हैं। गाजर को मिक्सी में किस लें और एग व्हाइट को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर चेहरे पर लगा लें। 20 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। हफ्ते में कम से कम दो बार इस पैक का जरूर इस्तेमाल करें।

### ऑलिव ऑयल और शहद

माथें पर उभरने वाले लकीरे आपकी खूबसूरती कम कर देती है। लेकिन 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद रात को सोने सेपहले सिर पर लगा लें।सुबह उठकर मुंह को धो लें। हफ्ते में 2 या 3 बार ऐसा करें। कुछ ही दिन में आराम मिल जाएगा।

### कोको पाउडर और ऑलिव ऑयल

माथे पर दिखती लकीरे आपको बहुत जल्दी शर्मिंदा करा देती है। लेकिन अब नहीं होना पड़ेगा। 1 चम्मच कोको पाउडर और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दानों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगा लें। फिर नॉर्मल पानी से धो लें। कुछ ही दिन में आराम मिल जाएगा।



# बोरियत को न बनाएं अपनी आदत!

सारा काम खत्म हो गया, डिनर के लिए बाहर जाने का मन नहीं है, इस सप्ताह कोई अच्छी फिल्म भी रिलीज नहीं हुई, समझ नहीं आ रहा क्या करें, कहां जाएं? आपको भी अपने आसपास अक्सर ऐसी बातें सुनने को मिलती होंगी। ऐसा सोचने या कहने का सीधा मतलब यही है कि व्यक्ति अपनी वर्तमान मनस्थिति से खुश ही है और इसी वजह से उसे बोरियत महसूस हो रही है।

### समस्या की जड़ें

जब कभी जीवन में ठहराव आने लगता है तो इससे बोरियत पैदा होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी ने इंसान को काफी हद तक वर्कोहॉलिक बना दिया है। अब लोग दिन-रात मशीन की तरह काम में जुटे रहते हैं। जैसे ही उनका कार्य पूरा हो जाता है, उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। आज लोगों के सामने मनोरंजन के विकल्पों का अंबार है, फिर भी वे बोरियत से परेशान रहते हैं। सीमित साधनों के बीच संतुष्ट और खुश रहना आसान है, लेकिन ढेर सारे विकल्प हमें केवल भ्रमित करते हैं और अंततः इनकी वजह से बोरियत पैदा होने लगती है।

### बोर होते बच्चे

आजकल बच्चों को भी बहुत जल्दी बोरियत महसूस होती है। पुराने समय में बच्चे एक ही खिलौने से महीनों तक खेलते थे, पर आज के बच्चे दो ही दिनों के बाद अपने लिए नए खिलौने की मांग करने लगते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अब पैरेंट्स के पास बच्चों के लिए समय नहीं है। इस समस्या से बचने के लिए वे छोटी उम्र से ही बच्चों को उनकी मनमर्जी का काम करने की छूट दे देते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों की फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस खत्म हो रही है। अगर माहौल उनकी पसंद के प्रतिकूल हो तो वे पांच मिनट में ही ऊबने लगते हैं। कभी-कभी बोरियत होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह स्थायी मनोदशा बन जाए तो चिंताजनक है। बोरियत नकारात्मक विचारों की जड़ है। इससे व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने लगता है। कार्यक्षमता और रिश्तों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से व्यक्ति को डिप्रेशन भी हो सकता है।

### कैसे करें बचाव

खुद को बोरियत से बचाने के लिए जीवन में संतुलन बेहद जरूरी है। जिस तरह वर्कोहॉलिक होना नुकसानदेह है, उसी तरह ज्यादा आरामतलबी और मनोरंजन की अधिकता भी व्यक्ति को बहुत जल्दी बोर कर देती है। इन दोनों स्थितियों से बचते हुए दिनचर्या में संतुलन बनाए रखना चाहिए। जिस तरह शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए आप एक्सरसाइज करते हैं या जिम जाते हैं। ठीक उसी तरह दिमागी सेहत का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए फुर्सत के पलों में टीवी देखने के बजाय कोई अच्छी किताब पढ़ें, अपने करीबी लोगों से बातचीत करें या बागवानी करें। कोई भी ऐसी गतिविधि, जिसमें व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक ऊर्जा खर्च होती हो, वह उसे बोरियत से बचाती है। ऐसी समस्या से बचने के लिए सहनशीलता बहुत जरूरी है।

## शादी समारोह में मिले राज और उद्धव ठाकरे, मुंबई में हुई राजनीति हलचल तेज

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की अपने चचेरे भाई और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुंबई में एक विवाह समारोह आमना–सामना हो गया दोनों ने मुलाकात की, जिसके बाद महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों से पहले दोनों के बीच राजनीतिक मतभेद सुलझने की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक रूप से अलग हो चुके दोनों भाई रविवार शाम अंधेरी इलाके में एक शादी समारोह में एक साथ देखे गए। शादी समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे से राज ठाकरे ने मुलाकात की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मनसे और शिवसेना (यूबीटी) के बीच आगामी नगर निगम चुनावों, खासतौर पर आर्थिक रूप से समृद्ध बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनावों को ध्यान में रखते हुए आपसी मतभेद खत्म करने की संभावना बन सकती है। अभी तक नगर निकाय चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। पिछले दो महीनों में यह तीसरा मौका था जब दोनों भाइयों की सार्वजनिक रूप से मुलाकात हुई, जिससे दोनों दलों के बीच संबंधों में सुधार की अटकलें तेज हो गई हैं। राज ठाकरे ने 2005 में शिवसेना छोड़ दी थी और अपनी अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) का गठन किया था। पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा रही शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीती थीं जबकि मनसे एक भी सीट नहीं जीत सकी थी।

## भागवत की स्वयंसेवकों से अपील, जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना मित्रता बढ़ाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के सभी स्वयंसेवकों से जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना विभिन्न समूहों के बीच मित्रता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान, संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के कल्याण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं। आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि सभी हिंदुओं को आपसी सम्मान और सहयोग के माध्यम से विभिन्न उपयोगों के लिए समान मंदिरों, श्मशानों और पानी को साझा करना चाहिए। भागवत ने जोर दिया कि समग्र रूप से समाज को पर्यावरण की रक्षा के लिए पानी संरक्षण, पौधे लगाने और प्लास्टिक के बर्तनों से बचने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, हर भारतीय को खाद्य पदार्थ, आवास, यात्रा और यहां तक कि अपनी आत्म–अभिव्यक्ति से मेल खाने वाली भाषाएं अपनानी चाहिए। संघ प्रमुख ने फिर कहा कि नागरिकों को पारंपरिक सामाजिक मानदंडों का पालन करना चाहिए, भले ही कानूनी नजरिए से इसतरह के सभी नियमों को कानून नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी दैनिक गतिविधियों में विदेशी भाषाओं का उपयोग करने के बजाय मातृभाषा में बातचीत करनी चाहिए।

## भारत के खिलाफ पाकिस्तान–बांग्लादेश में पक रही नई खिचड़ी

नई दिल्ली। पिछले साल बांग्लादेश छोड़कर भारत में शेख हसीना के शरण लेने के बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़े, साथ ही मोहम्मद यूनुस की सरकार ने भारत को आंखे दिखाने शुरू कर दी। आलम यह है कि भारत को परेशान करने के लिए अब बांग्लादेश, पाकिस्तान से दोस्ती का हाथ बढ़ाने जा रहा है। उसी मुल्क से जिसने 50 साल पहले बांग्लादेशियों पर बेइंतहा जुल्म किए थे। इस ट्रेड एग्रीमेंट को फरवरी की शुरुआत में अंतिम रूप दिया गया, जब बांग्लादेश ने ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के जरिए 50,000 टन पाकिस्तानी चावल खरीदने पर सहमति व्यक्त की। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पहली बार, सरकारी माल ले जाने वाला पाकिस्तान नेशनल शिपिंग कॉरपोरेशन (पीएनएससी) का जहाज बांग्लादेशी बंदरगाह पर पहुंचेगा, जो समुद्री व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। साल 1971 की लड़ाई के बाद बांग्लादेश, पाकिस्तान से अलग हुआ था। लेकिन, अब भारत के साथ रिश्ते बिगड़ने के बाद बांग्लादेश ने फिर से पाकिस्तान को गले लगा लिया है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान और बांग्लादेश ने 1971 के युद्ध और बंटवारे के बाद पहली बार डायरेक्ट ट्रेड फिर से शुरू कर दिया है, तथा सरकार द्वारा अनुमोदित पहला माल पोर्ट कासिम से रवाना हुआ है।

## जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में हो सकती है बारिश और बर्फबारी

### -मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में पारा 6 डिग्री पर पहुंचा, हल्की सर्दी का दौर शुरु

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कल यानी मंगलवार से दो दिन दिन बारिश और बर्फबारी का जताया है। हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में 26 और 27 फरवरी को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ों पर बारिश–बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी देखने को मिलेगा। इसके चलते पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 1 मार्च तक बारिश हो सकती है। हालांकि अधिकांश राज्यों में इस हफ्ते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में तापमान 6.1 डिग्री पहुंच गया है। प्रदेश में हल्की सर्दी का दौर फिर आ गया है। दिन में ठंडी हवा चल रही है तो रात में ठंड हैं। रविवार की रात प्रदेश के तीन शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल गया। प्रदेश के पूर्वी जबलपुर, सागर, शहडोल–रीवा के साथ भोपाल संभाग में भी पारा लुढ़का गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान दिन–रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी यानी 24–25 फरवरी को भी हल्की सर्दी का एहसास होगा। शनिवार–रविवार की रात प्रदेश के 3 शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

# थरूर को मनाने कांग्रेस ने चला बड़ा दांव- मुख्यमंत्री पद का दिया ऑफर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर वैसे लंबे समय से अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं लेकिन बढ़ती नाराजगी अनयिंत्रत हुई तो कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ ही उन्होंने मोर्चा खोल दिया। बीते एक सप्ताह से आ रहे उनके बयान साफ संकेत दे रहे थे कि वे जल्द कांग्रेस छोड़ेंगे और दूसरी पार्टी में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस भी जानती है कि थरुर एक कददावर नेता हैं और पार्टी को उनकी जरुरत है। शायद यही वजह है की कांग्रेस ने उन्हे मनाना शुरु कर दिया है और मुख्यमंत्री का ऑफर भी दे दिया है।

चार बार कांग्रेस से सांसद रह चुके शशि थरूर ने हाल ही में केरल कांग्रेस में नेतृत्व के अभाव को लेकर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए थे। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात कर अपनी भूमिका को लेकर चर्चा की, जिससे यह अटकलें और तेज हो गईं कि वह पार्टी से दूरी बना सकते हैं। हालांकि, केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सुधाकरण ने इस संभावना से इनकार किया और कहा कि थरूर न तो पार्टी छोड़ेंगे और न ही सीपीएम में शामिल होंगे।थरूर ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर कांग्रेस अगले विधानसभा चुनावों में सत्ता में आती है, तो वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में रहेंगे। उनका दावा है कि विभिन्न सर्वेक्षणों में उन्हें केरल में सबसे लोकप्रिय कांग्रेस नेता के रूप में दिखाया गया है। यह बयान कांग्रेस के राज्य नेतृत्व के लिए असहज करने वाला साबित हो रहा है। वहीं, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य रमेश चेन्निथला ने थरूर को दी गई जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें हमेशा प्रमुख भूमिकाएं दी हैं। चेन्निथला ने कहा, कांग्रेस को थरूर की जरूरत है, तभी तो उन्हें चार बार सांसद बनाया गया, केंद्रीय मंत्री पद दिया गया और पार्टी की शीर्ष संस्थाओं में शामिल किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर की पार्टी नेतृत्व से बढ़ती नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। हाल ही में उन्होंने कांग्रेस में खुद को दरकिनार किए जाने की शिकायत की और यहां तक कह दिया कि अगर पार्टी को उनकी जरूरत नहीं है, तो उनके पास विकल्प मौजूद हैं। थरूर के इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।थरूर के हालिया बयानों ले लगता है कि कांग्रेस से उनका मोहभंग बढ़ रहा है। उनकी राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका की मांग और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से पार्टी के अंदर खलबली मची हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के मुरलीधरन ने कहा कि थरूर को राष्ट्रीय राजनीति में युवा वोटरों को आकर्षित करने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जबकि केरल में पार्टी के स्थानीय नेता संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। हालांकि, थरूर के विकल्प वाले बयान के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वह किसी नई राजनीतिक राह की ओर बढ़ रहे हैं या फिर कांग्रेस नेतृत्व से अपनी भूमिका को और महत्वपूर्ण बनाने के लिए दबाव बना रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस आलाकमान इस मामले को कैसे संभालता है और थरूर अपने अगले कदम के तौर पर क्या फैसला लेते हैं।

### थरूर को लेकर कांग्रेस में नाराजगी

थरूर के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए के सुधाकरण ने उन्हें आगाह किया कि पार्टी लाइन से बाहर जाकर मीडिया में अपनी बात रखना सही तरीका नहीं है। सुधाकरण ने कहा, थरूर के पास अपनी गलतियों को सुधारने का समय है। मीडिया के माध्यम से पार्टी के खिलाफ बयान देना दुर्भाग्यपूर्ण था। किसी को भी अपनी सीमाएं पार नहीं करनी चाहिए।

## बिहार में अगला विधानसभा चुनाव मोदी–नीतीश के चेहरे पर ही लड़ा जाएगा



पटना। बिहार में बीजेपी अकेले दम पर चुनाव लड़ती है। पार्टी आम तौर पर किसी एक चेहरे पर नहीं बल्कि कई चेहरों को प्रोजेक्ट कर चुनाव में उतरती है। केंद्र की राजनीति में नरेंद्र मोदी या इसके पहले अटल बिहारी वाजपेयी के चेहरे के साथ तो लड़ती है। 2025 के बिहार विधानसभा का चुनाव एक बार फिर मोदी–नीतीश के चेहरे पर लड़ा जाएगा और इसके संकेत पीएम नरेंद्र मोदी के सोमवार को एक कार्यक्रम से दिए। नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान नई योजनाओं के तोहफे से यह लगता रहा है कि बिहार से एनडीए का चेहरा नीतीश कुमार हैं, लेकिन बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान प्रदेश बीजेपी, नीतीश कुमार के पीछे नहीं दौड़ती बल्कि समाज के कई चेहरों को जिम्मेदारियों देकर एक सामाजिक चेहरा भले वह कई जाति विशेष का हो। आगामी विधान सभा चुनाव 2025 के सापेक्ष भी देखें तो भूमिहार समाज उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, कुशवाहा से सम्राट चौधरी, वैश्य चेहरे के रूप में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल को आगे कर एक जातीय समूह का चरित्र विकसित किया है। यादव के रूप में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, ब्राह्मण के रूप में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के रूप में सामने लाए हैं।

## कांग्रेस ने भूपेश बघेल को बनाया पंजाब का प्रभारी, पद संभालने से पहले लॉबिंग शुरु

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल 28 फरवरी को चंडीगढ़ आ रहे हैं। वह 1 मार्च को कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। नए प्रभारी के आने से पहले गुरदासपुर सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मांग की है कि पार्टी में अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि कुछ नेता खुद को पार्टी से ऊपर समझते हैं। रंधावा प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के समर्थन में आ गए हैं। उनका कहना है कि राजा को पार्टी हाईकमान ने प्रदेश प्रधान बनाया है। सभी कांग्रेसियों को उनका सम्मान करना चाहिए। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी नेता का नाम नहीं लिया। जिनके खिलाफ वह कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि कपूरथला के विधायक राणा गुरजीत सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से राणा वड़िंग को पसंद नहीं करते हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें प्रधान बना दिया है। इसलिए वह पार्टी के फैसल को मानते हैं। अहम बात यह हैं कि पार्टी के नए प्रभारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पंजाब में चार्ज लेने से पहले ही कांग्रेस में खींचतान शुरू हो गई है। एक तरफ प्रदेश प्रभारी बनने को लेकर लॉबिंग चल रही है तो दूसरी तरफ अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठ रही है। रंधावा मानते हैं कि वर्तमान में 8 से 9 नेता प्रधानी के लिए दावेदार हैं। बता दें कि भूपेश बघेल 28 फरवरी को चंडीगढ़ आ रहे हैं। वह 1 मार्च को पार्टी के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। प्रभारी बनने के बाद यह उनका पहला दौरा होगा। कांग्रेस में अनुशासनहीनता कोई नया मुद्दा नहीं हैं। 2021 में नवजोत सिंह सिद्धू ने तत्कालीन सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला था। यह लड़ाई इतनी प्रबल हुई की कैप्टन को सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। उसके बाद सिद्धू ने तत्कालीन सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ मोर्चा खोला। सिद्धू और चन्नी की लड़ाई के कारण कांग्रेस को 2022 में सत्ता गंवनी पड़ी। इसके बाद सिद्धू की जगह पार्टी ने राजा वड़िंग को प्रदेश प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी थी। तत्कालीन प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने सिद्धू को कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन बाद में उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। ऐसे में अब सबकी नजरें बघेल पर टिकी हुई हैं।

## कांग्रेस में जल्द होगी संगठनात्मक सर्जरी, प्रियंका गांधी को मिलेगी जिम्मदारी !



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस कई राज्यों में चुनाव हार चुकी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का रिजल्ट जीरो रहा है। ऐसे में पार्टी के लिए लगातार हार चिंता का कारण बन रही है। यही वजह है कि कांग्रेस चुनाव प्रबंधन तंत्र मजबूत करने के लिए विचार विमर्श कर रही है। इसकी कमान प्रियंका गांधी को सौंपी जा सकती है।

कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) में भी व्यापक बदलाव किए जाने की संभावना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'निष्क्रिय' सदस्यों को हटाने का फैसला कर लिया है। इनमें एके एंटनी, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक और आनंद शर्मा शामिल हैं। दरअसल, पार्टी नेतृत्व को 36 सदस्यीय सीडब्ल्यूसी में कुछ नवनियुक्त पदाधिकारियों को शामिल करना है और इस वजह से कार्यसमिति में कुछ नई जगह बनानी होंगी। जयराम रमेश, गौरव गोगोई, रणदीप सुरजेवाला और चरणजीत सिंह चन्नी की भी जगह खाली हो रही है। गौरव गोगोई को असम में कांग्रेस का चेहरा बनाए जाने की संभावना है, जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव है। सुरजेवाला हरियाणा और चन्नी पंजाब में कांग्रेस इकाइयों का नेतृत्व करने की इच्छा रखते हैं। पिछले हफ्ते चन्नी का नाम एआईसीसी महासचिव के रूप में प्रस्तावित हुआ था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए हाथ जोड़ लिए कि उनकी ज्यादा दिलचस्पी तो पंजाब की राजनीति में है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी नेतृत्व रजनी पाटिल (हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की प्रभारी महासचिव), बीके हरिप्रसाद (हरियाणा), हरीश चौधरी (मध्य प्रदेश), गिरीश चोडनकर (तमिलनाडु और पुडुचेरी), अजय कुमार लल्लू (ओडिशा), के। राजू (झारखंड), मीनाक्षी नटराजन (तेलंगाना), सप्तगिरी शंकर उल्का (मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नगालैंड) और कृष्णा अल्लावरु (बिहार) को सीडब्ल्यूसी में शामिल करना चाहता है और इसलिए भी कुछ मौजूदा सदस्यों को हटाना जरूरी हो जाता है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के संविधान के अनुसार एआईसीसी महासचिवों को सीडब्ल्यूसी का सदस्य होना अनिवार्य है। इसी कारण इन पदाधिकारियों को पूर्णकालिक एआईसीसी महासचिव के बजाय 'प्रभारी' (इन-चार्ज) के रूप में नामित किया गया है। सीडब्ल्यूसी में शामिल होने के बाद वे पार्टी महासचिव के रूप में कार्य कर सकेंगे।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई 6 मार्च तक स्थगित

**सुलतानपुर (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई वादी के वकील द्वारा हाजिरी माफी की अर्जी दिये जाने के कारण आगामी छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि 11 फरवरी को सुनवाई की पिछली तारीख में शिकायतकर्ता से जिरह की गई थी। जिरह पूरी होने के बाद 24 फरवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन चूंकि शिकायतकर्ता के वकील संतोष कुमार पांडे हाजिरी माफी मांगते हुए आज अदालत में पेश नहीं हुए इसलिए न्यायालय ने अगली सुनवाई की तारीख छह मार्च तय की है। यह मामला साल 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के बारे में गांधी द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। इस मामले में स्थानीय भाजपा नेता मिश्रा ने परिवाद दायर किया था। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज के रहने वाले मिश्रा ने 2018 में दर्ज कराये गये मामले में आरोप लगाया था कि गांधी ने वर्ष 2018 में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी जिससे उन्हें ठेस पहुंची है। पिछले पांच वर्षों में इस मामले में कई बार कार्यवाही हुई, लेकिन गांधी अदालत में पेश होने में विफल रहे। दिसंबर 2023 में वारंट के बाद गांधी अदालत में पेश हुए। फरवरी 2024 में कांग्रेस नेता ने समन का पालन किया और विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के मुचलकों पर जमानत दे दी। इसके बाद अदालत ने उन्हें अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया, जो कई बार स्थगन के बाद आखिरकार 26 जुलाई 2024 को पूरा हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए दावा किया था कि यह मामला उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

## किसानों को मनाने में कामयाब हुए शिवराज, निरस्त कर दिया दिल्ली कूच का प्लान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी लोकप्रियता और कार्यशैली के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं। इस बार उन्होंने किसानों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की है।

शनिवार को किसानों से चौहान ने बात की फिर खबर आई कि किसानों दिल्ली कूच का प्लान बदल दिया है। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जल्द आगे की रणनीति के बारे में ऐलान किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के साथ चर्चा के बाद ही आगे का प्लान बताया जा सकता है। बता दें कि पिछले साल 13 फरवरी से ही यह किसान आंदोलन शुरू हुआ था। एक साल से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी किसान पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर डटे हुए हैं।

केंद्र सरकार की तरफ से बातचीत के लिए न्योता मिलने के बाद किसान मजदूर मोर्चा (केएमएस) अपनी योजना में बदलाव कर सकता है। किसान संगठन ने 25 फरवरी को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया था। हालांकि इसी बीच केंद्र ने 19 मार्च को तीसरे चरण की बातचीत के लिए आमंत्रण भेज दिया है। किसान नेताओं के मुताबिक सरकार बातचीत को जारी रखना चाहती है। ऐसे में किसानों ने अपनी योजना बदल दी है। हालांकि उन्होंने कहा है कि प्रदर्शन जारी रहेगा।

शनिवार को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंडीगढ़ में किसानों से बात की थी। किसानों की मांग है कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी दी जाए। इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर भी कृषि मंत्री ने बात की। अब अगले चरण की बातचीत 19 मार्च को होनी है। शनिवार को किसानों के साथ बैठक के बाद कृषि मंत्री चौहान ने कहा था कि किसान नेताओं के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और अगले दौर की वार्ता 19 मार्च को चंडीगढ़ में होगी। चौहान ने बताया कि केन्द्रीय दल ने बैठक के दौरान किसानों के समक्ष किसान कल्याण कार्यक्रम को रखा, जो नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, गुरमीत सिंह खुड्डियां और लाल चंद कटारूचक भी मौजूद थे।जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंढेर समेत किसानों का प्रतिनिधिमंडल पहले ही बैठक स्थल पर पहुंच गया था।

## दिल्ली में सीएम दफ्तर से हटाई गई डॉ आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीर

### –पूर्व सीएम केजरीवाल और नेता विपक्ष आतिशी ने जताया विरोध



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि विधानसभा में सीएम रेखा गुप्ता के दफ्तर से संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीर हटा दी गई है। पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि ये बीजेपी की दलित विरोधी राजनीति को दर्शाती है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार में अरविंद केजरीवाल के बतौर सीएम रहते हुए उनके कार्यकाल में हर सरकारी दफ्तर में डॉ आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीर लगी थी, लेकिन आज जब हम दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता से मिलने विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में पहुंचे तो देखा कि दोनों ही तस्वीकर सीएम कार्यालय से हटा दी गई हैं, आप ने इसका विधानसभा में पुरज़ोर विरोध किया।

आप ने दावा किया कि सीएम कार्यालय में अब पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और महात्मा गांधी की तस्वीर लगी है। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी फोटो हटाने को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की तस्वीर हटाकर पीएम मोदी की फोटो लगा दी है ये सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि इससे बाबा साहेब आंबेडकर के करोड़ो अनुयायियों को ठेस पहुंची है। उनहोंने कहा कि मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप पीएम की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो तो मत हटाइए। उनकी फोटो लगी रहने दीजिए।

तस्वीरों को लेकर दिल्ली विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। आतिशी ने नए स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को बधाई देने के साथ कहा कि तस्वीरों को हटाना अपमानजनक है। इसको लेकर आप विधायक भी हंगामा करते दिखे। इसपर स्पीकर ने कहा कि शिष्टाचार संबोधन था। राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। मैं कड़े शब्दों में आतिशी के व्यवहार की निंदा करता हूं।

# उप्र चुनाव में क्या मुस्लिम समुदाय की हितैशी बनेगी राहुल गांधी की पार्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है। प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिला-शहर व ब्लाक स्तर तक नई कमेटियों का गठन होना है। कांग्रेस ने रणनीति के तहत बसपा पर भी हमला तेज किया है। दिल्ली चुनाव में सपा ने आप (आम आदमी पार्टी) का सहयोग कर जिस तरह कांग्रेस पर दबाव बनाने का प्रयास किया, उसके पलटवार में कांग्रेस मुस्लिम समुदाय की हितैशी बनकर साइकिल की हवा निकालने की कोशिश करेगी।

राहुल गांधी ने रायबरेली में बसपा सुप्रीमो मायावती के दलित समाज के लिए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन का हिस्सा न बनने को लेकर आलोचना भी की। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने वोटबैंक को लुभाने की जुगत में तो है पर मायावती पर सीधा हमला बोलकर खास वर्ग को नाराज भी नहीं करना चाहती। राहुल ने संगठन को हर स्तर पर सक्रिय किए जाने का संदेश भी दिया। कांग्रेस अगले विधानसभा चुनाव में छोटे दलों को साथ मिलाकर अपनी राह तय करने का प्रयास करेगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार इस बार प्रदेश कार्यकारिणी में 200 से अधिक पदाधिकारी होंगे। इनमें लगभग 20 उपाध्यक्ष, 40 महासचिव व 140 से अधिक सचिव होंगे। पार्टी महासचिव व सचिव को जिलों के बजाए विधानसभा वार जिम्मेदारी देने की तैयारी है। जिससे वह बूथ स्तर तक अपनी गतिविधियों को बढ़ा सके। प्रदेश, जिला व शहर कमेटियों के पुनर्गठन के लिए नामों की सूची तैयार कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महाशिवरात्रि के बाद सूची लेकर दिल्ली जाएंगे, जहां प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय से विमर्श के बाद सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जाएगी। होली तक नई कार्यकारिणी घोषित हो सकती है। पिछली प्रदेश कार्यकारिणी का गठन नवंबर 2023 में हुआ था, जिसमें 16 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव व 76 सचिव शामिल थे।

कुशीनगर के हाटा स्थित मदनी मस्जिद में बुलडोजर चलाए जाने के बाद जिस तरह कांग्रेस अल्पसंख्यक वर्ग के समर्थन में खुलकर खड़ी हुई और सहयोगी दल सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष की भूमिका पर सवाल खड़े किए, उससे साफ है कि पार्टी आगे इस रणनीति को और धार देगी। दोनों दलों के बीच आगे खींचतान और बढ़ेगी। कांग्रेस की दूसरी नजर वंचित समाज पर है। इस एजेंडे को पूरा करने के लिए पार्टी नई प्रदेश कार्यकारिणी दलित-मुस्लिम के साथ पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने की तैयारी में है। सभी वर्गों को हिस्सेदारी देने के लिए कार्यकारिणी का स्वरूप भी बड़ा होगा।



# आध्यात्मिक पर्यटन का नया युग शुरू, लेकर आया नया बदलाव



## घरेलू हवाई यात्री यातायात में साल-दर-साल 14.5 प्रतिशत की वृद्धि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार भारत में घरेलू हवाई यात्री यातायात ने जनवरी 2025 में अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी। जनवरी में करीब 150.3 लाख यात्रियों ने घरेलू उड़ानों का सफर किया जो दिसंबर 2024 की तुलना में 0.7 प्रतिशत अधिक और जनवरी 2024 की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा जनवरी 2020 के पूर्व-कोविड स्तर से भी 17.9 प्रतिशत अधिक है।

**वित्त वर्ष 2025 के पहले 10 महीनों में वृद्धि** – 2025 के पहले 10 महीने (अप्रैल 2024 से जनवरी 2025) में घरेलू हवाई यातायात की कुल संख्या 1,372.1 लाख रही। यह 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और वित्तीय वर्ष 2020 की समान अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। वित्तीय वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में अंतरराष्ट्रीय यातायात 248.9 लाख यात्रियों तक पहुंच गया जो 14.5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि और कोविड-पूर्व स्तर से 41.7 प्रतिशत अधिक है।

**एयरलाइन्स की क्षमता तैनाती** –
रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जनवरी 2024 की तुलना में जनवरी 2025 में एयरलाइन्स ने अपनी क्षमता तैनाती में 10.8 प्रतिशत का विस्तार किया। हालांकि दिसंबर 2024 की तुलना में क्षमता में 1.2 प्रतिशत की कमी आई।

### यात्री भार कारक

घरेलू विमानन क्षेत्र ने जनवरी 2025 में 92.1 प्रतिशत का यात्री भार कारक हासिल किया जो जनवरी 2024 में 89.2 प्रतिशत और जनवरी 2020 में 85 प्रतिशत था। इसका मतलब है कि जनवरी में विमानों में अधिक सीटें भरी गईं जिससे एयरलाइन्स को अधिक मुनाफा हुआ।

### ईंधन की लागत में राहत

ईंधन की लागत जो एयरलाइनों के ऑपरेशनल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ राहत देखी गई। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतें अप्रैल से जुलाई 2024 तक 5.3 प्रतिशत अधिक रही लेकिन अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक इसमें 14.7 प्रतिशत की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक एटीएफ की कीमतें पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.1 प्रतिशत कम थीं। वहीं भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र अब कोविड-पूर्व के स्तर से भी आगे बढ़ चुका है और वृद्धि के रास्ते पर है। एयरलाइन्स ने अपनी क्षमता में भी बढ़ोतरी की है और यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है। ईंधन की कीमतों में राहत मिलने से एयरलाइन्स को भी फायदा हो रहा है।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाकुंभ मेला 2025 भारत के आध्यात्मिक पर्यटन में एक नया बदलाव लेकर आया है। यह सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं का भव्य उत्सव है। महाकुंभ के आयोजन ने न केवल लाखों तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को आकर्षित किया बल्कि इसने आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र को भी एक नई दिशा दी है।

**महाकुंभ मेला- आध्यात्मिक पर्यटन का गेम-चेंजर** – वीआईटीएस कामट्स ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विक्रम कामत ने महाकुंभ को आध्यात्मिक पर्यटन में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा है। उन्होंने कहा, पहले आध्यात्मिक पर्यटन बुजुर्गों तक सीमित था लेकिन 2025 के महाकुंभ ने युवा पीढ़ी को भी आकर्षित किया है। अब वे भारत की आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़ने के लिए इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

**बेहतर बुनियादी ढांचा और डिजिटल सुविधा** – महाकुंभ मेला अब पहले से कहीं अधिक समावेशी हो गया है। बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, लाइव-स्ट्रीमिंग और मोबाइल बुकिंग सुविधाओं ने इस आयोजन को दुनिया भर के यात्रियों के लिए आसान बना दिया है। हरीश खत्री ने इसे एक संरचित और तकनीकी रूप से सक्षम अनुभव बताया है जो विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए आकर्षक है।



### आध्यात्मिक पर्यटन का विस्तार

महाकुंभ अब केवल भारत में नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गया है। यह भारत को आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने में मदद कर रहा है। इसके माध्यम से भारत की आध्यात्मिक परंपराएं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान बना रही हैं।

### विदेशी यात्रा में वृद्धि

भारत में बढ़ते आध्यात्मिक पर्यटन के साथ भारतीय भी अब विदेशों में आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिए यात्रा कर रहे हैं। श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, और जापान जैसे देशों में भारतीय पर्यटकों की संख्या बढ़ी है जो अपनी धार्मिक यात्रा पर जाते हैं। श्रीलंका में रामायण ट्रेल पर भारतीय पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जबकि बौद्ध स्थल जैसे लुंबिनी भी भारतीयों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### आध्यात्मिक पर्यटन का भविष्य

आध्यात्मिक पर्यटन सिर्फ धार्मिक स्थलों की यात्रा नहीं बल्कि जीवन के परिवर्तन के बारे में है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पर्यटन का एक नया दौर शुरू हो चुका है जहां लोग आध्यात्मिकता को आधुनिक जीवनशैली के साथ जोड़कर गहरे अनुभव की तलाश कर रहे हैं। वहीं कहा जा सकता है कि महाकुंभ मेला 2025 ने आध्यात्मिक पर्यटन को एक नई दिशा दी है और यह साबित कर दिया है कि भारतीय आध्यात्मिकता का प्रभाव सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है बल्कि यह विश्वभर में फैल चुका है।

### महाकुंभ का वैश्विक प्रभाव

महाकुंभ का असर सिर्फ आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि आर्थिक और वैश्विक भी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिससे न केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण हुआ बल्कि हजारों नौकरियां भी उत्पन्न हुई हैं। महाकुंभ से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व मिलने की उम्मीद है जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## सेट-टॉप बॉक्स यूजर्स के लिए बड़ी राहत, सर्विस बदलने पर अब नहीं करना होगा....

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर के सेट-टॉप बॉक्स उपयोगकर्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब उन्हें सर्विस प्रोवाइडर बदलने पर नया सेट-टॉप बॉक्स खरीदने की जरूरत नहीं होगी। पहले टाटा स्काई से एयरटेल या किसी अन्य सेवा प्रदाता में शिफ्ट होने पर ग्रहाकों को अपना सेट-टॉप बॉक्स भी बदलना पड़ता था लेकिन अब इस झंझट से छुटकारा मिल गया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने विभिन्न प्रसारकों के बीच एक ही सेट-टॉप बॉक्स के इस्तेमाल और बुनियादी ढांचे को साझा करने की सिफारिश की है। इसके अलावा ट्राई ने आईपीटीवी सेवा प्रदाताओं के लिए न्यूनतम कुल संपत्ति की आवश्यकताओं को भी कम करने की बात कही है। इस फैसले से उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी और अतिरिक्त खर्च से भी बचा जा सकेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे कम करने की कवायद

सिफारिशों में उपभोक्ता के लिए टेलीविजन चैनल वितरण सेवाओं के विकल्प बढ़ाने और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कम करने के लिए विभिन्न सेवाप्रदाताओं के लिए एक ही सेट–टॉप बॉक्स के इस्तेमाल की बात कही गई है। इसके साथ ही ट्राई ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए आईपीटीवी सर्विस देने की न्यूनतम नेटवर्थ 100 करोड़ रुपए की शर्त को हटाने की भी सिफारिश की है। साथ ही रेडियो ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाने पर जोर दिया है।

## सदर मंजिल हैरिटेज के साथ एटमॉस्फियर कोर ने भारत में भव्य शुरुआत की



**भोपाल।** एक प्रतिष्ठित ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी कंपनी, एटमॉस्फियर कोर ने 22 फरवरी, 2025 को अपने पहले कपल्स–ओनली रिज़ॉर्ट, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल की शुरुआत के साथ भारत में प्रवेश किया है। सदर मंजिल का उद्घाटन शनिवार 22 फरवरी 2025 को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। इसके साथ ही मेहमानों के लिए इस होटल की आधिकारिक शुरुआत जल्द ही की जाएगी। ऐतिहासिक भोपाल और जीवंत नए भोपाल के बीच महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित सदर मंजिल हैरिटेज में इतिहास का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 19वीं सदी में बेगमों और नवाबों की सभा के लिए इस्तेमाल होने वाले इस ग्रांड हॉल एवं आवास को रिस्टोर करके कपल्स के लिए एक लग्ज़ुरियस रिट्रीट बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल विरासत इस शहर और पूरे मध्य प्रदेश राज्य की समृद्ध पहचान और गौरव का प्रमाण है। 126 साल के इतिहास और विरासत को फिर से जीवंत करके, आइए हम सभी अपने अतीत की इस शानदार याद को गले लगाएं और जश्न मनाएं। अक्षत जैन, सीईओ आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, 卐भारत में अवार्ड–विनिंग एटमॉस्फियर होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स ब्रांड लाने का यह उपयुक्त समय है। मालदीव के इनोवेटिव हॉस्पिटैलिटी कॉन्सेप्ट्स और स्थानीय विरासत का यह मिलन सदर मंजिल में एक बेजोड़ और नया अनुभव पेश करता है। भारत में बुटीक लग्ज़री के इस नए अनुभव के बारे में श्री विनोद यदुवंशी, डायरेक्टर, आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि सदर मंजिल का ऐतिहासिक वैभव उन सैलानियों को बहुत पसंद आएगा, जो रोमांस, अंतर्राष्ट्रीय लग्ज़री, और बीते हुए समय की सुंदरता का अनुभव लेना चाहते हैं।'' इस प्रॉपर्टी में एंटीक फर्नीचर के साथ 22 आकर्षक विंटेज रूम्स और सुइट्स हैं, जो शानदार टुर्कोईज़ और क्रीम कलर्स में फिनिश किए गए हैं। यहाँ हर स्टे की शुरुआत एक नफीस वैलकम से होती है। सबसे पहले एयरपोर्ट पर पारंपरिक रूप से अभिवादन किया जाता है, उसके बाद श्वाफर सिटी ड्राईव कराता है, और मैंशन के गेट पर गुलाब की पंखुड़ियों से मेहमानों का स्वागत किया जाता है। अब यह बेगम के खुशनुमा प्लान के साथ भारत के लिए अनुकूलित किया गया है। इसमें स्टे की अवधि के आधार पर लग्ज़ुरियस एकोमोडेशन, एयरपोर्ट से आवागमन, शाकाहारी ब्रेकफास्ट और डिनर, अनलिमिटेड प्रीमियम स्पिरिट्स एवं वाईन, हाई–टी, लाईव म्यूज़िक एवं डांस, शैम्पेन टूर, और स्पा ट्रीटमेंट शामिल हैं।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में मिला बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड का पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है।

श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के



आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

## भारतीय स्टील कंपनियों पर चीनी स्टील का दबाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन से सस्ते स्टील के बढ़ते आयात के कारण भारतीय स्टील कंपनियों को भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार जल्द ही चीन से आने वाले सस्ते स्टील पर एंटी– डंपिंग ड्यूटी लगाने पर विचार कर रही है। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने बताया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और इंडस्ट्री के अनुरोध पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है। टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारतीय बाजार में चीनी स्टील का बढ़ता आयात कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके अलावा, अमेरिका में स्टील आयात पर संभावित टैरिफ वृद्धि से हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टील एसोसिएशन ने पहले ही डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडी को आवेदन दिया है, जिस पर विचार किया जा रहा है। नरेंद्रन ने यह भी कहा कि भारत स्टील उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे अच्छी जगहों में से एक है, क्योंकि यहां आधुनिक स्टील प्लांट और लौह अयस्क का बड़ा भंडार मौजूद है। लेकिन चीनी कंपनियां कम कीमतों पर स्टील बेचकर भारतीय उद्योग को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि चीनी स्टील इंडस्ट्री घाटे में है और वहां की सरकारी कंपनियां नुकसान झेल रही हैं, जबकि भारत में स्टील इंडस्ट्री का संचालन निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति आयात पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को लागू करते हैं, तो इससे टाटा स्टील को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान होगा। कंपनी अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं से अमेरिकी बाजार में भी स्टील निर्यात करती है, जो नए टैरिफ से प्रभावित होगा।

## टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड

● आपके लिए रिटायरमेंट वेल्थ को बढ़ाने का एक स्मार्ट तरीका ● सुरक्षित और समृद्ध रिटायरमेंट की योजना बनाने वालों के लिए एक अनूठा अवसर

**मुंबई एजेंसी।** लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ रही है और डिजिटल पहुंच निवेश को सरल बना रही है, साथ ही नए, लचीले और विकास को बढ़ावा देने वाले रिटायरमेंट समाधानों की ज़रूरत बढ़ती जा रही है। पारंपरिक बचत साधन, सुरक्षित हैं, लेकिन आधुनिक निवेशकों की गतिशील ज़रूरतों को पूरा करने में अक्सर असफल हो जाते हैं। यहीं पर अगली पीढ़ी के वित्तीय उत्पाद, जैसे कि टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं।

रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब सिर्फ बचत करना नहीं है, बल्कि जोखिमों का प्रबंधन करते हुए अपनी संपत्ति बढ़ाना भी रिटायरमेंट प्लानिंग में शामिल होना चाहिए। टाटा एआईए का नया फंड क्वांट-आधारित निवेश रणनीति के ज़रिए पोर्टफोलियो स्थिरता सुनिश्चित करते हुए बाज़ार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है। इस फंड में निवेश करके, पॉलिसीधारक निम्नलिखित लाभ उठा सकते हैं-

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के मुख्य निवेश अधिकारी श्री हर्षद पाटील ने कहा- आज रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक बेहतर, अधिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि से लाभ उठाना चाहते हैं। गति और गुणवत्तापूर्ण निवेश को मिलाकर, हमारा लक्ष्य जोखिम को बेहतर समायोजित करते हुए रिटर्न प्रदान करना है, जिससे हमारे पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति के वर्षों में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके। भारत की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विस्तार के लिए तैयार होने के साथ, यह फंड पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को सुरक्षित करते हुए देश की विकास कहानी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

## शेयर बाजार इस हफ्ते वापसी करने में रहेगा सफल

**नई दिल्ली एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

**क्या सोच रहे हैं एक्सपर्ट्स** – मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिसर्च हेड, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले–जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस–यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू–राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी।

## पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निर्माता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3 प्रतिशत तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है। जियो-बीपी में उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन खंड में काम करते हैं। स्प्लिट फ्यूल कार ने वाहन के 6-सिलेंडर इंजन के विभिन्न हिस्सों को शक्ति प्रदान करने वाले दो ईंधन टैंक को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया है। यह एक पारदर्शी प्रदर्शन है कि कैसे जियो-बीपी में सक्रिय तकनीक के साथ उच्च प्रदर्शन वाला पेट्रोल और साधारण पेट्रोल अलग-अलग तरीके से काम करता है। बोरस्कोप इमेजिंग (मानव शरीर के अंदर देखने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग किया जाता है) के साथ, प्रदर्शनी में साधारण पेट्रोल के लिए महत्वपूर्ण इंजन घटकों पर उच्च जमाव का निर्माण दिखाया गया, जो अनिवार्य रूप से कम ईंधन दक्षता का कारण बनेगा। यह देखते हुए कि इंजन समान परिस्थितियों में एक ही कार में चल रहा है, यह सक्रिय तकनीक संचालित ईंधन के साथ संचालन के लाभ का प्रमाण है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाएंगे रोहित और शमी? आया ये बड़ा अपडेट

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के भारत बनाम पाकिस्तान मैच में भारतीय टीम के लिए दो प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी चोटिल हो गए थे। कप्तान रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था जबकि मोहम्मद शमी पिंडली में दर्द महसूस कर रहे थे। इन दोनों खिलाड़ियों की चोट के बाद फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों में चिंताएं बढ़ गई थीं, लेकिन अब श्रेयस अय्यर ने राहत की खबर दी है कि इन दोनों को लेकर कोई खास चिंता की बात नहीं है।

### रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग की चोट

पाकिस्तान की पारी के अंतिम ओवरों में जब रोहित शर्मा गेंद पकड़ने के लिए दौड़ रहे थे, तो उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए देखा गया। कमेंटरी कर रहे डेल स्टेन ने जब देखा कि रोहित कुछ असहज नजर आ रहे हैं, तो उन्होंने अनुमान लगाया कि कप्तान को हैमस्ट्रिंग से जुड़ी समस्या हो सकती है। इस दौरान रोहित काफी देर तक मैदान से बाहर रहे, लेकिन श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि रोहित ने अपनी चोट के बारे में चिंता जताई थी, लेकिन वे सहज थे और इसे ज्यादा गंभीर नहीं मानते थे।

### मोहम्मद शमी की पिंडली की चोट

वहीं, मोहम्मद शमी को पिंडली में दर्द महसूस हुआ, जिसके कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा। हालांकि वह कुछ समय बाद मैदान पर लौट आए और उन्होंने अपनी गेंदबाजी जारी रखी, लेकिन वह अपना पूरा 10 ओवर का कोटा नहीं पूरा कर पाए। इसके बावजूद, शमी अब बेहतर महसूस कर रहे थे और उनकी स्थिति स्थिर थी।

### श्रेयस अय्यर का बयान और खिलाड़ी की फिटनेस

मैच के बाद श्रेयस अय्यर से इन दोनों खिलाड़ियों की चोट पर सवाल पूछा गया। उन्होंने दोनों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करने के बजाय यह कहा कि उनकी चोटों को लेकर कोई गंभीर चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ी ठीक हैं और कोई समस्या नहीं है। मैंने उनसे बात की थी और वे दोनों ही इस बारे में बहुत सहज थे।'

### भारत का अगला मुकाबला न्यूजीलैंड से

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की थी। अब भारतीय टीम का अगला मुकाबला 2 मार्च को





न्यूजीलैंड से होने वाला है। अगर टीम इंडिया यह मैच जीतती है, तो वह ग्रुप स्टेज में पहले स्थान पर बनेगी और सेमीफाइनल में उसका सामना ग्रुप बी की नंबर 2 टीम से होगा। भारतीय टीम के प्रदर्शन से उम्मीद जताई जा रही है कि वह टूर्नामेंट में आगे बढ़ेगी।

# शुभमन गिल आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे : पूर्व क्रिकेटर्स



**दुबई (एजेंसी)।** पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ और नवजोत सिंह सिद्धू ने शुभमन गिल के स्ट्रोक्स और तकनीक से प्रभावित होकर सोमवार को कहा कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी की अगुआई करेगा। गिल ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में 46 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में शतक लगाया था।

बांगड़ ने कहा, 'साफ तौर पर वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी हैं।' गिल की तकनीक के बारे में बात करते हुए बांगड़ ने कहा, 'उनकी नींव वाकई बहुत मजबूत है और इसमें वनडे में लगभग ढाई साल के प्रदर्शन का आत्मविश्वास भी शामिल है। एकदिवसीय क्रिकेट में वह अद्भुत रहे हैं।' बांगड़ ने कहा, 'उसकी टाइमिंग इतनी शानदार है।'

सिद्धू ने गिल की भी तारीफ की जो 50 ओवर के प्रारूप में शानदार फॉर्म में हैं। सिद्धू ने कहा, 'देखिए बरगद के पेड़ के नीचे कुछ भी नहीं उगता और भारतीय क्रिकेट का बरगद के पेड़ मूल रूप से रोहित शर्मा और विराट कोहली हैं। लेकिन जब आप शुभमन गिल को देखते हैं तो यह खिलाड़ी उस बरगद के पेड़ की छाया से उभरकर परिपक्व हो गया है।'

# पाक कप्तान रिजवान ने माना उनकी टीम चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुई

### –दूसरी टीमों के भरोसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं करता



**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने माना है कि भारतीय टीम के खिलाफ मिली हार के बाद उनकी टीम चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गयी है। पाक टीम पहले मैच में भी न्यूजीलैंड से हारी थी। ऐसे में लगातार दो हार के बाद उसके नॉकआउट में पहुंचने की सभी संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं। रिजवान ने कहा कि दोनो ही टीमों भारत और न्यूजीलैंड ने हमसे बेहतर खेला। साथ ही कहा अब दूसरी टीम के परिणामों के भरोसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद को वह सही नहीं मानते हैं। अब न्यूजीलैंड टीम बचे हुए दो मैचों में से एक में भी जीत मिल जाती है तो मेजबान पाक टीम की सभी संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। कीवी टीम को अब एक मैच बांग्लादेश से खेलना है और इसमें उसके लिए जीत हासिल करना कठिन नहीं है।

रिजवान ने कहा, अभी तो हम यही कह सकते हैं कि हमारे लिए टूर्नामेंट समाप्तहो गया। हमारे पास अब कुछ नहीं है। वास्तविकता यही है। अब अगला मैच बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच होगा। वहीं एक मुकाबला न्यूजीलैंड और भारत के बीच है। इनके परिणामों पर अब हम आधारित हो गये हैं। वहीं एक कप्तान के तौर मैं दूसरों के भरोसे आगे बढ़ने की उम्मीद सही नहीं मानता।

मेरा मानना है कि हमें अपनी क्षमता और ताकत से जीत हासिल करनी चाहिये। किसी और के परिणाम के भरोसे रहना सही नहीं होगा। हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो जाने के लिए तैयार रहना चाहिये। हमें भारत और न्यूजीलैंड ने हराया है जिससे स्वीकार करना ही होगा। हम इसे स्वीकार करते हैं। उन्होंने अच्छा खेला जबकि हमारा प्रदर्शन ठीक नहीं रहा पर हम ये नहीं कह सकते कि हम अच्छा खेले। इस टूर्नामें में अब पाक टीम तभी सेमीफाइनल में पहुंच सकती है जब

बांग्लादेश की टीम न्यूजीलैंड को हरा दे और पाकिस्तान फिर बांग्लादेश को बड़े अंतर से हरा दे। इसके अलावा पाकिस्तान को ये भी उम्मीद करनी भी करनी होगी कि ग्रुप ए में भारतीय टीम न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत दर्ज करे जिससे रन रेट के मामले में पाकिस्तान आगे बढ़ जाए।

# पाकिस्तान में विदेशी टीमों और फैंस पर मंडराया खतरा, आतंकी संगठन ने दी किडनैपिंग की धमकी

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान में खेली जा रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। इस टूर्नामेंट पर आतंकी साया मंडरा रहा है। टूर्नामेंट के बीच में आई इस रिपोर्ट ने सनसनी मचा दी है क्योंकि अभी इस टूर्नामेंट के कई मुकाबले खेले जाने हैं। आतंकी हमले के साथ ही किडनैपिंग के भी प्लान बनाए जा रहे हैं ऐसा इस रिपोर्ट में दावा किया गया है। एक बड़े न्यूज चैनल के एक्सीक्यूटिव एडिटर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है। उनका कहना है कि टूर्नामेंट पर मंडरा रहा खतरा पाकिस्तान के साथ भारत की खुफिया एजेंसियो को भी जानकारी मिलीहै।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि,



खुफिया एजेंसियों को पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर ISKP समूह द्वारा आतंकी हमले की संभावित कोशिश के बारे में जानकारी मिली है। भारतीय एजेंसियों को भी उनके विदेशी समकक्षों द्वारा इसबारे में बताया गया है। संभावित अपहरण या आतंकी हमले के बारे में चर्चा की जानकारी मिली है। इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत दक्षिण मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिया सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक शाखा है। भले ही अब तक इसको लेकर कोई पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसे संभावित खतरे को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर ही पाकिस्तान जाने से मना किया था। इसको लेकर पाकिस्तानी मीडिया में काफी हल्ला भी मचा था और उन्होंने भारत की आलोचना की थी। हालांकि, भारत अपने मुकाबले दुबई में ही खेल रहा है, लेकिन अन्य सभी टीमें पाकिस्तान गई हैं। होस्ट पाकिस्तान पहले दो मैच लगातार हारने के बाद अब चैंपियंस ट्रॉफी से बाह होने की कगार पर है। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला खेला जा रहा है।

## अब शायद विराट के फॉर्म को लेकर सवाल नहीं उठेंगे : कोच राजकुमार



दुबई ।विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में विराट की शतकीय पारी को देखने के बाद बेहद खुश हैं। कोच ने कहा कि अब कोई विराट के फार्म को लेकर नहीं पूछेगा। राजकुमार ने कोहली की शानदार पारी की प्रशंसा भी की और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अब उनके फॉर्म पर सवाल उठने बंद हो जाएंगे। कोहली ने पाक के खिलाफ फॉर्म में जबरदस्त वापसी करते हुए ही अपना 51वां शतक लगाया है। जिससे भारतीय टीम ने पाक को छह विकेट से हरा दिया। कोहली ने इससे पहले एकदिवसीय अपना आखिरी शतक नवंबर 2023 में लगाया था। पिछले कुछ साल से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण विराट की काफी आलोचना हो रही थी। शर्मा ने कहा कि कोहली कभी खराब फार्म में थे ही नहीं। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा कहता रहा हूं कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और उसने आज यह फिर से साबित कर दिया। वह हमेशा मजबूत टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। शर्मा ने कहा, 'वह पिछले कई वर्षों से ऐसा कर रहा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने देश के लिए सबसे अधिक मैच जीते हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान एकदिवसीय में 14000 रन भी पूरे किए। वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। शर्मा ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया।

# 2026 एशियाड में अब 11 ईस्पोर्ट्स खिताबों के लिए मुकाबले होंगे : ओसीए

नई दिल्ली। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने ईस्पोर्ट्स कार्यक्रम का विस्तार कर दिया है। इसमें अब 11 खिताबों के लिए मुकाबले होंगे। इससे भारत की पदक जीतने की उम्मीदें बढ़ी हैं। भारतीय खेल महासंघ के निदेशक और एशियाई खेल महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा, '' ओसीए का 11 खिताबों तक विस्तारित करने का फैसला भारत के लिए लाभदायक रहेगा। इससे पहले ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने चीन के हार्बिन में अपनी बैठक के दौरान स्ट्रीट फाइटर 6, पोकेमॉन यूनाइट, ऑनर ऑफ किंग्स, लीग ऑफ लीजेंड्स – एशियाई खेलों का संस्करण, पबजी – एशियाई खेलों का संस्करण, मोबाइल लीजेंड्स – बैंग बैंग, नाराका- ब्लेडपॉइंट, ग्रैन टूरिज्मो 7, ईफुटबॉल सीरीज और पुयो पुयो चैंपियंस को 2026 एशियाई खेलों में पदक स्पर्धाओं के रूप में शामिल करने की सहमति दी थी। गौरतलब है कि 2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में ईस्पोर्ट्स ने सात खिताबों के साथ आधिकारिक पदक स्पर्धा के रूप में शुरुआत की थी। भारत ने इनमें से केवल चार में भाग लिया था क्योंकि भारत में अन्य स्पर्धाएं प्रतिबंधित थी। भारतीय खेल महासंघ के निदेशक और एशियाई ईस्पोर्ट्स महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा कि ओसीए का ईस्पोर्ट्स कार्यक्रम को 11 खिताबों तक बढ़ाने का फैसला भारत के लिए शानदार कदम है।

# पंजाब किंग्स को जीत दिलाना है लक्ष्य : पोंटिंग



नई दिल्ली ।आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के नये मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उनका लक्ष्य इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र मे टीम खिताब जिताना है। इसी कारण उन्होंने मेगा नीलामी में श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ियों को मोटी कीमत पर खरीबा पोंटिग ने कहा कि उनका लक्ष्य इस इस बार टीम को खिताबी जीत दिलाना रहेगा। इसी कारण इन खिलाड़ियों को लिया गया है। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को 18 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं अर्शदीप को आरटीएम कार्ड के जरिये 18 करोड़ रुपये में जोड़ा। पोंटिंग ने कहा कि मैं एक ऐसे कप्तान को भी लाना चाहता था जिसके साथ मैंने पहले काम किया हो और जिसे काफी सफलता मिली हो। इसलिए हमने कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान रहे श्रेयस को खरीद। मैं चहल को भी लाना चाहता था। इस प्रकार अब हमारे पास काफी कुशल खिलाड़ी हो गये हैं। पंजाब किंग्स की टीम अभी तक कोई आईपीएल खिताब नहीं जीत पायी है। टीम ने साल 2014 में फाइनल में प्रवेश किया था पर वहां हार गयी थी। टीम दो बार प्लेऑफ में पहुंची है। वहीं 2008 में सेमीफाइनल तक वह पहुंची थी। टीम के लिए पिछले कुछ सत्र बेहद खराब रहे हैं। 2015 के बाद से ही टीम एक बार भी प्लेऑफ में नहीं पहुंची है।

# मीराबाई मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल, कहा छोटे-छोटे बदलाव बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया।

प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की। तीस वर्षीय पूर्व विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई ने 'एक्स' पर लिखा, ''मोटापे के खिलाफ



लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा नामित किए जाने पर बहुत खुशी है। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जिसे सही जीवनशैली का विकल्प चुनकर और सक्रिय, स्वस्थ और फिट रहने का विकल्प चुनकर समाप्त किया जा सकता है।''

उन्होंने कहा, ''हमें भारत के इस दिशा में आगे बढ़ने और हमारी विकास यात्रा का समर्थन करने की जरूरत है। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से देश में बड़े बदलाव हो सकते हैं और भारत को फिट बनाने के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।''

इस पहल के हिस्से के रूप में चानू ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को नामित किया जिनमें मौजूदा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, निशानेबाजी के दिग्गज गगन नारंग, पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, पुरुष हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस, दोहरी ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, पेरिस खेलों के पदक विजेता निशानेबाज सरबजोत सिंह, टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और पैरालंपिक निशानेबाजी चैंपियन अवनी लेखरा शामिल हैं।

# मनु की अगुवाई में आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में उतरेगी भारतीय टीम



नई दिल्ली ।दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व स्टार महिला विजेता निशानेबाज मनु भाकर करेंगी। आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप सत्र दक्षिण अमेरिका में विश्व कप के साथ शुरू होगा और इसमें दो चरण होंगे। इसका चरण अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रैल के बीच खेला जायेगा। ओलंपिक पदक विजेता मनु विश्व कप में महिलाओं की एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेंगी। उनके साथ ओलंपियन अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भाग लेंगे। वहीं ऐशा सिंह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस, सिफत कौर सामरा और श्रेयांका साडंगी महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में उतरेंगे। अर्जुन बबूता पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल, पृथ्वीराज टोंडाइमान ट्रैप, अनंत जीत सिंह नरूका स्कीट और रेइजा ढिल्लों महिला स्कीट भी टीम में शामिल हैं। आईएसएसएफ निशानेबाजी से पहले अभ्यास के लिए भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने 14 मार्च से शिविर का भी आयोजन किया है। राइफल संघ ने कहा ,'' हर वर्ग में विश्व कप के तीन चरण होंगे जबकि दो जूनियर विश्व कप भी खेले जायेंगे। विश्व कप का दूसरा चरण सितंबर में दिल्ली में खेला जाएगा। वहीं अगस्त में कजाखस्तान में 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप होगी।''

# पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोट में खेलते दिखेंगे सिनर

### –दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के लिए निराशानजक बताया

**लंदन (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर अब पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर खेलते नजर आयेंगे। सिनर सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे और उन्होंने विश्व में जो नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी वह भी पहले की तरह ही रहेगी। सिनर को गत वर्ष मई में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाया गया था जिसके बाद से ही वह निलंबित चल रहे थे पर हाल ही में उनका उनका विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से समझौत हो गया था। इससे बाद उन्हें केवल तीन माह ही निलंबन में और गुजारने होंगे। इस दौरान उनके जीते खिताब ओर ईनामी राशि भी वापस



नहीं ली जाएगी। वहीं विश्व के कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी इस प्रकार के फैसले से नाराज हैं। इन खिलाड़ियों का का मानना है कि डोपिंग मामले में इस प्रकार का समझौता सही नहीं है। इससे खेलों में डापिंग को बढ़ावा मिलेगा। वहीं जो खिलाड़ी इस प्रकार के कामों में लिप्त नहीं होते उन्हें ये अपने साथ धोखा लगेगा क्योंकि डोपिंग में लिप्त खिलाड़ी भी उन्हीं के बराबर में आ जाएंगे। ऐसे में लोग सभी को समान मानेंगे। इसी को लेकर तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्विटजरलैंड के स्टैन वावरिंका ने सोशल मीडिया में लिखा, 'खेल में पारदर्शिता नहीं रहेगी।

वहीं विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने कहा, 'टेनिस में अब निष्पक्षता पर सवाल उठे। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। उन्हें स्टार खिलाड़ी होने का लाभ मिला जो गलत तरीका है। वहीं दानिल मेदवेदेव ने कहा कि अब हर कोई डोपिंग में लिप्त होने के बाद इसी प्रकार से समझौते करेगा। इस फैसले की नोवाक जोकोविच के साथ ही प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी आलोचना की है।

# एक दशक के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम



सेंट जॉन्स ।ऑस्ट्रेलियाई टीक करीब एक दशक के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जा रही है। वेस्ट क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन टेस्ट और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए इस साल जून और जुलाई में उसके यहां दौरे पर आयेगी। यह साल 2015 के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट दौरा होगा। साल 2015–16 में वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों देशों की टीमें पहली बार तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलती हुई दिखेंगी। सर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली इस टेस्ट सीरीज का पहला मैच 25 जून से ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में और तीसरा टेस्ट 12 जुलाई से किंग्स्टन, जमैका में खेला जाएगा। इसके बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज खेली जाएगी। इसके पहले दो मैच किंग्स्टन में 20 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे। वहीं बचे हुए तीन मैच 25, 26 और 28 जुलाई को सेंट किट्स में खेले जाएंगे।

# मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा : कुलदीप यादव

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे।

कुलदीप ने कहा, 'चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। बांग्लादेश के खिलाफ भी मेरी लय अच्छी थी।' कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं।'

कुलदीप ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा।' कुलदीप ने पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाजों सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। अपनी रणनीति के बारे में कुलदीप ने कहा, 'अपने पहले स्पैल में मैंने काफी चाइनामैन की। अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के लिए मैं गुगली भी करता हूं। इसके अलावा मैंने टॉप स्पिन भी की।'

कुलदीप ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के बारे में कहा, 'मैं अंतिम 10 ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए पहली पसंद का गेंदबाज बनने में सक्षम हूं। यहां तक कि कप्तान का भी मानना है कि अगर आपके पास विविधता है तो स्पिनर पर शॉट मारना मुश्किल होता है। सौभाग्य से यह मेरे लिए अच्छा था। विकेट भी धीमा था।'



# पूर्वी फ्रांस में चाकू से अटैक, 1 की मौत, इमैनुएल मैक्रों ने बताया- इस्लामी आतंकी हमला



**पेरिस, एजेंसी।** पूर्वी फ्रांस में शनिवार को चाकू से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए. राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह 'इस्लामी आतंकवादी हमला' था. प्रोसेक्यूटर्स ने कहा कि हमले में तीन और अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए. प्रोसेक्यूटर निकोलस हेइट्ज़ ने एएफपी को बताया कि यह हमला 37 वर्षीय संदिग्ध ने किया था, जो टेरर प्रीवेंशन वॉचलिस्ट (एफएसपीआरटी) में शामिल है. हमला फ्रांस के मुलहाउस शहर में हुआ है, जो जर्मनी और स्विट्जरलैंड के निकट स्थित है. संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है. फ्रांस की नेशनल एंटी टेरर प्रोसेक्यूटर्स यूनिट (पीएनएटी), जिसने जांच का जिम्मा संभाला है, ने कहा कि संदिग्ध ने पहले नगर निगम के पुलिस अधिकारियों पर हमला किया और अल्लाहु अकबर (ईश्वर सबसे महान है) चिल्लाया. चश्मदीदों ने एएफपी से बातचीत में कन्फर्म किया कि संदिग्ध ने कई बार ऐसे शब्द चिल्लाए, जो मुसलमानों द्वारा अपने धर्म के उद्घोष के रूप में इस्तेमाल किए जाते हैं. पीएनएटी ने एक बयान में कहा कि एक नागरिक राहगीर जिसने हमले को रोकने की कोशिश की, वह बुरी तरह से घायल हो गया. मुलहाउस प्रोसेक्यूटर्स के अनुसार, जख्मी शख्स 69 वर्षीय पुर्तगाली नागरिक था. मैक्रों ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह घटना एक आतंकवादी हमला थी, विशेष रूप से एक इस्लामवादी आतंकवादी हमला÷. मैक्रों ने कहा कि सरकार ÷हमारी धरती पर आतंकवाद को मिटाने के लिए सब कुछ÷ करने के लिए मजबूती से खड़ी है. एफएसपीआरटी वॉचलिस्ट ÷आतंकवादी÷ कट्टरपंथ को रोकने के मकसद से व्यक्तियों पर विभिन्न अधिकारियों से डाटा जमा करती ह.। इसे 2015 में पत्रिका चार्ली हेब्दो के कार्यालयों और एक यहूदी सुपरमार्केट पर हुए घातक हमलों के बाद लॉन्च किया गया था. हेइट्ज़ ने कहा कि गंभीर रूप से घायल पुलिस अधिकारियों में से एक को कैरोटिड आर्टरी में चोट लगी है, जबकि दूसरे को छाती में. हमला करीब शाम 4 बजे (स्थानीय समय) हुआ. सैन्य इकाइयों को बैकअप के रूप में घटनास्थल पर भेजा गया और फोरेंसिक वैज्ञानिकों ने सबूतों की तलाश की कार्रवाई शुरू कर दी है. यूनियन सूत्रों के अनुसार अल्जीरिया में जन्मे संदिग्ध को न्यायिक निगरानी और घर में नजरबंद रखने के साथ ही फ्रांस से निकाल बाहर करने आदेश के तहत रखा गया है. मुलहाउस की मेयर मिशेल लुट्ज़ ने फेसबुक पर कहा, हमारे शहर में आतंक ने कब्जा कर लिया है. उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच एक आतंकवादी हमले के रूप में की जा रही है, लेकिन स्पष्ट रूप से अदालत द्वारा पहले इसकी पुष्टि की जानी चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी होंगे मॉरीशस के स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि

**पोर्ट लुइस।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने नेशनल असेंबली में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। वो मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि होंगे। यह हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है। रामगुलाम की इस घोषणा पर नेशनल असेंबली के सदस्यों ने मेज थपथपाकर खुशी जताई। रामगुलाम ने शुक्रवार को कहा, ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे और देश के लिए वास्तव में गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बेहद व्यस्त कार्यक्रम, पेरिस और संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी हालिया यात्राओं के बावजूद हमें यह सम्मान दिया है। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में मॉरीशस आने के लिए सहमत हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि मॉरीशस को 12 मार्च, 1968 को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता मिली थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 मार्च की यात्रा पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने कहा, ऐसे मौके पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना मॉरीशस के लिए एक सौभाग्य की बात है। पिछले साल मॉरीशस के 56वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई थीं।

## इटली पीएम मेलोनी ने वामपंथियों को जमकर कोसा




**रोम, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को वामपंथियों की उनके दोहरे मानदंडों के लिए आलोचना की। मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं का भी जिक्र किया। वाशिंगटन में कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बोलते हुए इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की जमकर तारीफ की। उन्होंने वामपंथी राजनेताओं की आलोचना भी की। जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि कि वामपंथी लगातार निराश होते जा रहे हैं और ट्रंप की जीत के बाद उनकी हताशा उन्माद में बदल गई है। उन्होंने कहा, ÷वामपंथी घबराए हुए हैं और ट्रंप की जीत के साथ, उनकी चिड़चिड़ाहट उन्माद में बदल गई है। न केवल इसलिए क्योंकि रूढ़िवादी जीत रहे हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि रूढ़िवादी अब वैश्विक स्तर पर सहयोग कर रहे हैं।÷ मेलोनी ने कहा, ÷जब बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर ने 90 के दशक में वैश्विक वामपंथी लिबरल नेटवर्क बनाया, तो उन्हें राजनेता कहा गया। आज जब ट्रंप, मेलोनी, मिल्ले या शायद मोदी बोलते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है। यह आखिरी दोहरा मापदंड है, लेकिन हम इसके आदी हो चुके हैं। अच्छी खबर यह है कि लोग अब उनके झूठ पर विश्वास नहीं करते, चाहे वे हम पर कितना भी कीचड़ उछालें। नागरिक हमारे लिए वोट करते रहते हैं।÷ सीपीएसी में मेलोनी की भागीदारी इटली के विपक्षी नेताओं की ओर से काफी आलोचना के बीच हुई। वहां के विपक्षी नेताओं ने उनसे अपनी उपस्थिति रद्द करने का आह्वान किया। ट्रंप के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन के विवादास्पद भाषण के बाद विपक्षी नेता उन्हें अपना दौरा रद्द करने के लिए कह रहे थे। स्टीव बैनन अपने संबोधन के दौरान नाजी शैली की सलामी देते हुए दिखाई दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय माल्या ने गुणवत्ता के कारण ब्रिटेन में दिवालियापन आदेश रद्द करने की मांग की

**लंदन, एजेंसी।** कारोबारी विजय माल्या ने ब्रिटेन की अदालत में अपने दिवालियापन आदेश को रद्द कराने के लिए नई अपील दायर की है। उनका तर्क है कि भारतीय बैंकों ने अवास्तविक दावे पेश किए हैं, खासकर जब भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में ऋण वसूली को लेकर हाल ही में बयान दिया था। माल्या के वकील लेह क्रेस्टोहल ने बताया कि संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, बैंकों को पहले ही माल्या से संबंधित बकाया राशि से अधिक धन वापस मिल चुका है। इसी आधार पर उन्होंने दिवालियापन आदेश रद्द करने के लिए आवेदन किया है। यह मामला लंदन उच्च न्यायालय में चल रहा है, जहां न्यायाधीश एंथनी मान ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में बैंकों का एक समूह 69 वर्षीय माल्या से उनकी अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के करीब 1.05 बिलियन जीबीपी ऋण की वसूली की मांग कर रहा है। माल्या का कहना है कि नए साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत को दिवालियापन आदेश पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनके वकीलों का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्वयं भी वित्त मंत्री के संसद में दिए गए बयान को स्वीकार करेंगे। गौरतलब है कि विजय माल्या भारत में वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे हैं और भारतीय एजेंसियां उन्हें प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी इस मामले में अपनी राहत की मांग को लेकर टिप्पणी की थी।

### हमास ने गाजा में छह बंधक रिहा किए, समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्त

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** आतंकवादी समूह हमास और इजराइल के बीच कतर में पिछले माह हुए संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई समझौते ने आज कई परिवारों के चेहरों में खुशी लौटा दी। हमास के नकाबपोश सशस्त्र लड़ाकों ने आज सुबह (स्थानीय समयानुसार) मध्य गाजा के नुसीरात में ओमर शेम टोव (22), एलिया कोहेन (27) और ओमर वेनकर्ट (23) को रेडक्रॉस के अधिकारियों को सौंप दिया। इसके अलावा हमास की कैद से आजाद हुए टाल शोहम (40) और एवेरा मेंगिस्टु 38) इजराइल पहुंच गए। गाजा सिटी में रिहा होने वाला छठा बंधक हिशाम अल-सईद (37) है। हमास ने समझौते के अगले चरण में बाकी बंधकों की रिहाई के लिए शर्त रखी है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, एवेरा मेंगिस्टु और उनके परिवार के कुछ सदस्यों को हवाई मार्ग से गाजा सीमा के पास एक इजराइली सैन्य अड्डे पर पहुंचाया गया। वहां से सभी को इजराइली वायु सेना के हेलीकॉप्टर से मध्य इजराइल के एक अस्पताल ले जाया गया। मेंगिस्टु को जांच के बाद घर भेजा जाएगा। शोहम और मेंगिस्टु को सुबह दक्षिणी गाजा के शहर राफाह में रिहा किया गया। इन दोनों को सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज बेरी से अगवा किया गया था। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, रेडक्रॉस ने दोनों को उन्हें सौंप दिया। इसके अलावा चार बंधकों को नुसीरात में सौंपा गया। हमास ने शुक्रवार को कहा था कि उसे उम्मीद है कि इजराइल बदले में 602 फिलिस्तीनी कैदियों और बंदियों को रिहा करेगा। उनमें से 50 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और अन्य 60 लंबी सजा काट रहे हैं। 445 को सात अक्टूबर 2023 को गाजा में हिरासत में लिया गया था। सीएनएन की खबर के अनुसार, शोहम और मेंगिस्टु को सशस्त्र नकाबपोश आतंकवादियों ने मंच पर परेड और शोहम को भीड़ को संबोधित करने के लिए मजबूर किया। साथ ही एक अन्य बंधक शिरी बिबास के अवशेष शुक्रवार रात तेल अवीव पहुंचे। हमास ने आज संकेत दिया कि समझौते के अगले चरण में वह गाजा से इजराइली सैनिकों की वापसी के बदले में शेष सभी इजराइली बंधकों (जीवित और मृत) को सौंपने के लिए तैयार है।

### बांग्लादेश में बीएनपी नेता की हत्या, दोनों आंखें निकालीं

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के धमराई उपजिला में कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मोहम्मद बाबुल मिया की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्यारों का इससे जी नहीं भरा तो उनकी दोनों आंखें निकाल लीं। हत्या की वजह व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता बताई जा रही है। द डेली स्टार के अनुसार, बीएनपी की कुल्ला यूनियन इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद बाबुल मिया को लाठी-डंडों से लैस कुछ लोगों ने धमराई उपजिला के गांव बोरो कुशियारा में पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। गम में डूबी पत्नी यास्मीन बेगम ने कहा कि उनके पति को बीएनपी की राजनीति करने के कारण कई बार जेल भी जाना पड़ा। कुछ समय से रियल एस्टेट (अक्षिरनगर हाउसिंग) बिजनेस को लेकर ग्रामीणों से विवाद चल रहा था। इस विवाद की वजह से अफसर, अरशद और मोनिर हम दोनों को कई दिनों से धमकी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वह और उनके पति अक्षिरनगर हाउसिंग के पास सरसों की कटाई कर रहे थे। अचानक अफसर, अरशद, मोनिर कुछ साथियों के साथ आ धमके। उन्होंने पति को घेरकर लाठियों और लोहे के रॉड से पीटना शुरू कर दिया। पति को लहूलुहान कर जाते-जाते उनकी दोनों आंखें भी निकाल लीं। इसके बाद बाबुल को सावर एनाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने दावा किया कि बाबुल का अफसर, अरशद और मोनिर के साथ एक तालाब के स्वामित्व को लेकर विवाद चल रहा था।

## अमेरिकी कोर्ट ने हादी मतार को लेखक रुश्दी पर हमले का दोषी ठहराया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** पश्चिमी न्यूयॉर्क स्थित चौटाउक्का काउंटी कोर्ट ने भारतीय-ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी पर तीन साल पहले चाकू से हमला करने के आरोपित 27 वर्षीय हादी मतार को दोषी करार दिया। रुश्दी पिछले सप्ताह शुरू हुई गवाही प्रक्रिया के दौरान मुख्य गवाह रहे। रुश्दी ने जूरी के सदस्यों को अपनी दाहिनी आंख भी दिखाई जिसकी रोशनी हमले के कारण चली गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, जूरी ने हादी मतार को उस व्यक्ति पर भी हमला करने का दोषी पाया जो उस समय रुश्दी के साथ मंच पर था।

सलमान रुश्दी पर हमले का वाकया 12 अगस्त, 2022 का है। आरोपित ने मंच पर चढ़कर रुश्दी पर 15 बार चाकू से वार किया। इस हमले में 77 वर्षीय लेखक के एक आंख की रोशनी चली गई। जज ने सजा के लिए 23 अप्रैल की तारीख तय की है। मतार को 32 साल तक की जेल हो सकती है। जिला अटॉर्नी जेसन शिमट ने शुक्रवार को जिरह के दौरान जूरी को हमले का वीडियो दिखाया। इसमें हमलावर मंच पर चढ़कर रुश्दी की ओर दौड़ता दिख रहा है। बुकर पुरस्कार विजेता रुश्दी ने जूरी सदस्यों को बताया कि हमलावर उन पर तब तक चाकू से वार करता रहा जब तक कि आसपास खड़े लोगों ने उसे दबोच नहीं लिया। शिमट ने जूरी सदस्यों को एक ट्रॉमा सर्जन की गवाही की याद दिलाई, जिसने कहा था कि रुश्दी की चोटें त्वरित उपचार के बिना घातक हो सकती थीं।

# इजराइल ने बंधकों को "अपमानजनक" तरीके से सौंपे जाने का हवाला देकर फलस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने कहा है कि सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई तब तक नहीं की जाएगी ''जब तक कि गाजा में बंधक बनाकर रखे गए और लोगों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती तथा बंधकों को अपमानजनक तरीके से सौंपना'' बंद नहीं किया जाता।

देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने यह बयान रविवार को उस समय दिया जब कैदियों को ले जा रहे वाहन 'ऑफर जेल' के मुख्य द्वार से बाहर निकलने के बाद अंदर लौट गए। हमास ने छह इजराइली बंधकों को शनिवार को रिहा कर दिया था। इसके तुरंत बाद 620 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाना था लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है। शनिवार को रिहा किए गए छह बंधकों में से पांच को नकाबपोश सशस्त्र चरमपंथी, भीड़ के सामने मंच पर लाए जिसके बाद उन्हें रिहा किया गया। बंधकों को सौंपे जाने के इस तरीके की संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने निंदा की है। हमास ने जीवित बचे संभवतः अंतिम छह बंधकों को युद्ध विराम के प्रथम चरण के तहत रिहा कर दिया है। कैदियों की रिहाई में देरी की इजराइल की घोषणा ने युद्धविराम समझौते के भविष्य को लेकर अचानक और संदेह पैदा कर दिया है। हमास द्वारा छोड़े गए छह बंधकों में से तीन इजराइली पुरुष हैं, जिन्हें नोवा संगीत समारोह से उस समय कैद किया गया था, जब सात



अक्टूबर 2023 को हमास के चरमपंथियों ने हमला किया था। इस हमले के बाद इजराइल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ा था। बंधकों में से दो को हमास ने लगभग एक दशक तक बंधक रखा। वे दोनों अकेले ही गाजा में घुसे थे। पांचों को मंच पर लाया गया और इसके बाद बचावकर्ताओं को सौंपा गया। इस तरीके को 'रेड क्रॉस' और इजराइल ने क्रूर और अपमानजनक बताते हुए इसकी निंदा की है। ओमर वेंकर्ट, ओमर शेम टोव और एलिया कोहेन को हमास के लड़ाकों के साथ खड़ा किया गया। दबाव में दिख रहे शेम टोव ने दो चरमपंथियों के माथे को चूमा और भीड़ को चुंबन दिया। उन्होंने सेना की नकली वर्दी पहन रखी थी, जबकि वे सेना के जवान नहीं हैं।

# एफबीआई के नौवें निदेशक काश पटेल ने भगवद्गीता पर हाथ रखकर ली शपथ



**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) की कमान काश पटेल ने संभाल ली। व्हाइट हाउस में अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने काश पटेल को एफबीआई के नौवें निदेशक के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने भगवद्गीता पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण की।

एफबीआई फेसबुक पेज के अनुसार, एफबीआई निदेशक के रूप में अपने पहले आधिकारिक दिन काश पटेल ने वॉल ऑफ ऑनर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस वॉल पर एफबीआई के बहादुर सदस्यों का वर्णन है। उनका यहां जाना न्याय के प्रति उनके साहस और समर्पण की विरासत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

शपथ समारोह में काश पटेल ने कहा, ÷जो कोई सोचता है कि अमेरिकी सपना मर चुका है, वह यहीं देख ले। आप पहली पीढ़ी के भारतीय बच्चे से बात कर रहे हैं जो भगवान की धरती पर सबसे महान देश में कानून प्रवर्तन समुदाय का नेतृत्व करने वाला है।÷ महत्वपूर्ण यह है कि काश पटेल की जड़ें भारत के गुजरात में वडोदरा से भी जुडी हैं। 25 फरवरी, 1980 को न्यूयॉर्क में पूर्वी अफ्रीका से आए भारतीय अप्रवासी माता-पिता के घर जन्मे काश ने रिचमंड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट करने के बाद यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से अंतरराष्ट्रीय कानून में सर्टिफिकेट के साथ कानून की डिग्री हासिल की है। काश ने सार्वजनिक वकील के रूप में अपना प्रोफेशनल करियर शुरू किया। मियामी की अदालतों में लगभग नौ साल तक कड़ी मेहनत की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2014 के पहले कार्यकाल में काश पटेल रक्षा और खुफिया एजेंसियों में विभिन्न उच्च पदों पर कार्य कर चुके है। काश को ट्रंप का सबसे भरोसेमंद व्यक्ति माना जाता है।

## इजराइल में अमेरिकी दूतावास ने ताजा अलर्ट में कर्मचारियों से सार्वजनिक परिवहन से बचने को कहा



**यरूशलम, एजेंसी।** इजराइल में अमेरिकी दूतावास ने एक सुरक्षा अलर्ट जारी कर अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों से दो सप्ताह तक देशभर में सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने से बचने का आग्रह किया है। अमेरिकी मिशन ने एक बयान में कहा कि सार्वजनिक बसों में 20 फरवरी को हुए विस्फोटों के बाद और अधिक सावधानी बरतते हुए अमेरिकी दूतावास अस्थायी रूप से अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को 14 दिनों के लिए इजराइल में सार्वजनिक बसों और लाइट रेल का उपयोग करने से रोका है। बयान में आगे कहा गया कि अमेरिकी दूतावास अमेरिकी नागरिकों को सावधानी बरतने और व्यक्तिगत सुरक्षा जागरुकता बढ़ाने की निरंतर आवश्यकता की याद दिलाता है क्योंकि हमले अक्सर बिना किसी चेतावनी के होते हैं। सुरक्षा वातावरण जटिल है और जल्दी से बदल सकता है।ऐसे में चेतावनी अधिसूचना पर जोर दिया गया है। अमेरिकी मिशन ने अपने नागरिकों से इज़राइल में अपनी गतिविधियों की योजना बनाते समय अलर्ट को ध्यान में रखने को कहा है। दूतावास सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना जारी रखेगा और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जानकारी प्रदान करेगा। बतादें कि गुरुवार को तेल अवीव के दक्षिण में स्थित बैट याम और होलोन शहरों में खड़ी बसों में तीन विस्फोट हुए। हालांकि इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसे एक संगठित रणनीतिक हमला करार दिया है। जांच के दौरान कम से कम पांच विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए, जिनमें टाइमर सेट किए गए थे।

# एचआरसीपी ने पाकिस्तान सरकार से श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा मजबूत करने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने सरकार से संविधान के अनुच्छेद 38 के तहत कमजोर और कम वेतनभोगी श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने की अपील की है। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों को बुढ़ापे, बेरोजगारी, बीमारी, चोट, प्रसव और मातृत्व से जुड़ी आर्थिक असुरक्षा से बचाना है। एचआरसीपी द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, एक कार्यक्रम में पाकिस्तान वर्कर्स यूनाइटेड फेडरेशन के चौधरी शौकत ने नियोक्ताओं द्वारा कर्मचारियों को आधिकारिक नियुक्ति पत्र देने और उन्हें ईओबीआई (इम्प्लॉई ओल्ड-एज बेनिफिट्स इंस्टिट्यूशन) के तहत पंजीकृत कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**श्रमिकों के अधिकारों पर चिंताएं :** खैबर पख्तूनख्वा कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा संस्थान के उपाध्यक्ष खुर्शीद आलम ने न्यूनतम वेतन लागू करने में आ रही बाधाओं पर चिंता व्यक्त की। पंजाब कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा संस्थान के निदेशक मलिक फारुख मुमताज ने सुझाव दिया कि ईओबीआई और अन्य सामाजिक सुरक्षा निकायों को श्रमिकों की परिभाषा को समान रूप से लागू करना चाहिए, चाहे उनका वेतन कितना भी हो। राष्ट्रीय श्रम संघ के महासचिव उमर हयात ने बताया कि बलूचिस्तान में कई कोयला खनिक ईओबीआई लाभों और उनके अधिकारों से अनजान हैं।

**सुधारों की आवश्यकता पर बल :** आईएलओ (अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन) के शासी निकाय के सदस्य जहूर अवान ने बताया कि वर्तमान प्रणाली के तहत केवल पांच या अधिक कर्मचारियों वाले संगठन ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए पात्र हैं, जिससे छोटे व्यवसाय इससे बाहर रह जाते हैं।



पीआईएलईआर के प्रतिनिधि मकसूद अहमद ने श्रमिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए त्रिपक्षीय सम्मेलन आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**एचआरसीपी की सिफारिशें :** एनआईआरसी के सदस्य मिस्बाह उल्लाह खान ने वर्षों की सेवा के बावजूद स्थायी दर्जा न मिलने वाले श्रमिकों की कठिनाइयों को उजागर किया। एचआरसीपी परिषद के सदस्य फरहतुल्लाह बाबर ने कहा कि अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की उपेक्षा सरकार की बड़ी चूक है और अनुच्छेद 38 को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

**गोलमेज सम्मेलन का समापन :** एचआरसीपी की उपाध्यक्ष नसरीन अजहर ने निष्कर्ष में कहा कि पूंजीवादी उत्पादन प्रणाली ने श्रमिकों के शोषण को और गहरा कर दिया है, जिससे श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

**पेंटागन में उथल-पुथल के बीच ट्रंप ने सेना के ज्वाइंट चीफ्स चेयरमैन को बर्खास्त किया : वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने पेंटागन में हफ्तों की उथल-पुथल के बीच शुक्रवार को सेना के ज्वाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन जूनियर को बर्खास्त कर दिया। यही पहली बार हुआ है कि प्रशासन बदलने पर देश के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को इस तरह बाहर किया गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, परंपरागत रूप से प्रशासन बदलने पर भी देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी की भूमिका से छेड़छाड़ नहीं की जाती। जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन जूनियर चार सितारा लड़ाकू पायलट हैं। वह यह पद संभालने वाले दूसरे अफ्रीकी-अमेरिकी थे। उनकी जगह सेवानिवृत्त तीन सितारा वायु सेना जनरल डैन केन को लिया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में किया गया बदलाव

**धनबाद(बिभा):** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है । 24 व 27 फरवरी एवं 01.03.25 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 13503/13504 बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस का आंशिक समापन एवं प्रारम्भ गोमोह स्टेशन से किया जाएगा।

## हटिया-राउरकेला पैसेंजर 26 व 27 को रद्द रहेगी

**रांची(बिभा) :** चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया जाएगा अतः निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी
ट्रेन संख्या 58659 हटिया-राउरकेला पैसेंजर, यात्रा प्रारंभ दिनांक 26/02/2025 एवं 27/02/2025 को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 58660 राउरकेला - हटिया पैसेंजर, यात्रा प्रारंभ दिनांक 27/02/2025 एवं 28/02/2025 को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया झ झारसुगुड़ा झ हटिया मेमू एक्सप्रेस ट्रेन, यात्रा प्रारंभ दिनांक 26/02/2025 एवं 27/02/2025 को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला झ जयनगर एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 25/02/2025 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 3 घंटे विलम्ब से राउरकेला से प्रस्थान करेगी।

## गुमला में ऑनलाईन दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन हेतु शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन



**गुमला(बिभा):** गुमला जिले में ऑनलाईन दाखिल-खारिज के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराने हेतु शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी अंचलों में विशेष कैंप के माध्यम से शुद्धि पत्रों का वितरण किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में ऑनलाईन दाखिल-खारिज के कुल 808 मामले लंबित हैं, जिनमें से 72 मामले बिना आपत्ति के 30 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, जबकि 9 मामले आपत्ति सहित 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। इन लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कर शुद्धि पत्रों का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। आज जिले के सभी प्रखंडों में शुद्धि पत्र वितरण दिवस का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुल 106 शुद्धि पत्रों का वितरण किया गया। इस अभियान को गति देने के लिए आगामी 10 मार्च एवं 24 मार्च को भी इसी प्रकार का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक रैयतों को लाभान्वित किया जा सके। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक द्वारा जारी पत्र के अनुसार गुमला सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे लंबित दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु समुचित कदम उठाएं एवं निर्धारित तिथियों पर अधिकतम रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## तेलंगाना टनल हादसे में फंसे गुमला के श्रमिकों के सुरक्षित बचाव हेतु जिला प्रशासन सतर्क

**गुमला(बिभा):** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल परियोजना का एक हिस्सा ढह जाने से झारखंड के गुमला जिले के चार श्रमिक समेत कुल आठ श्रमिक फंसे हुए हैं। फंसे हुए श्रमिकों में गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार गुमला जिला प्रशासन श्रमिकों के परिजनों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है। प्रशासन की टीम परिजनों से लगातार संपर्क में है और उन्हें आवश्यक सहायता एवं सांत्वना दी जा रही है। आज पूर्वाह्व में सभी फंसे श्रमिकों के परिजन उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी से मिले। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने परिजनों को सांत्वना दी और सकारात्मक समाचार की कामना की। उन्होंने परिजनों को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है और श्रमिकों के सुरक्षित बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। परिजनों के आग्रह को ध्यान में रखते हुए आज संध्या तक प्रत्येक मजदूर के परिवार से एक-एक सदस्य को तेलंगाना ले जाया जाएगा। परिजनों को सुरक्षित रूप से घटनास्थल पर ले जाने के लिए उ्दत्रछ्र फैलो श्री अविनाश पाठक एवं गुमला एसआई श्री निखिल आनंद उनके साथ रहेंगे। इस पूरे घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने गहरी चिंता जताई है और उनके निदेर्शानुसार गुमला जिला प्रशासन की टीम हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन, रेल मंत्री ने लगातार इनोवेशन करते रहने पर दिया बल

# यह अवॉर्ड भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को दर्शाता है: रेल मंत्री

एजेंसी

नई दिल्लीः भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।



रेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दशार्ता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेजी से ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5जी तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज 5जी रोलआउट कर रहा है। इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार भी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक 422 मीटर लंबी है, जो आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है। यह भारतीय रेल और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी को दशार्ता है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर रेलवे इनोवेशन और अत्याधुनिक यात्रा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### रेल मंत्रालय और मध्य प्रदेश सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी समझौते पर हस्तक्षार

# नेट जीरो कॉर्बन की ओर बढ़ रही भारतीय रेल : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी



**नई दिल्ली:** भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में उपस्थित निवेशकों एवं उद्यमियों को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के विद्युतीकरण एवं वैकल्पिक ऊर्जा के प्रयोग के संबंध में रेलवे के विजन को विस्तार से बताया । इन्वेस्टर्स सम्मिट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेरेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने रेलवे को नेट जीरो कॉर्बन का लक्ष्य दिया, जिसे पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय से शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन कर लिया जाएगा। अब हमारा दूसरा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक ऊर्जा रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स से प्राप्त की जाए। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए रेलवे अब तक 1 हजार 500 मेगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स के साथ टाइअप कर चुका है। आज मध्य प्रदेश के साथ जो 170 मेगा वॉट का यह बड़ा एमओयू पीपीए पर समझौता हुआ है, जो रिन्यूएबल एनर्जी कड़ी में महत्वपूर्ण कदम है। हम विंड और न्यूक्लियर पावर एनर्जी भी खरीदने के लिए उत्सुक हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि मैं इस मंच के माध्यम से सभी राज्यों से यह भी निवेदन करूंगा कि आप अपने राज्यों से रिन्यूएबल, विंड, हाईड्रो या न्यूक्लियर के प्रोजेक्ट से जितनी भी एनर्जी रेलवे को सप्लाई कर सकते हैं, आपका स्वागत है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार और रेल मंत्रालय के कामकाज को लेकर कहा कि जिस मॉडल पर रेलवे और मध्य प्रदेश काम कर रहे हैं, इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार और रेलवे मंत्रालय दोनों मिलकर एक अंडरस्टैन्डिंग पर पहुंचते हैं और उसके बाद में मध्य प्रदेश के जनरेटर और रेलवे एक पीपीए साइन करते हैं। इस मॉडल को देश में अन्य जगह भी लागू किया जा सकता है।

रेल मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए माननीय प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश को रेलवे के लिए शानदार 14,745 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। इतिहास में पहली बार मध्य प्रदेश को इतना बजट मिला है। जहां 2014 से पहले मध्य प्रदेश में प्रति वर्ष करीब 29 किमी रेलवे ट्रैक बिछाया जाता था। वहीं अब 230किमी हर साल हो रहा है। यानी काम की गति 7.5 गुना बढ़ी और फंड 23 गुना बढ़े हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शानदार काम कर रहे हैं। वह लगातार अधिकारियों से बातचीत कर प्रदेश में रेलवे के विकास कार्यों को बढ़ाने में मदद दे रहे हैं।

### महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर उप विकास आयुक्त ने की बैठक

## बारात गुजरने वाले पथ को अतिक्रमण मुक्त रखा जाय : अभिजीत सिन्हा

बिभा संवाददाता

दुमका : महाशिवरात्रि को लेकर उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को निकाले जाने वाले शिव बारात को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाय।बारात निकलने वाले पथ को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखा जाय।उन्होंने सभी संबंधित विभाग को अपने कार्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुँचते हैं।श्रद्धालुओं को पूजा करने में कठिनाई नहीं हो,वे सुगमतापूर्वक पूजा अर्चना कर सकें इसे सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम जरूरी दवाई के साथ उपस्थित रहेंगे ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके।सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थान चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि अग्निशमन वाहन एक्टिव मोड में रहे।सीसीटीवी के माध्यम से महत्वपूर्ण पॉइंट पर नजर रखी जाए।उन्होंने कहा कि साज सज्जा से संबंधित सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाय।विधुत सज्जा का कार्य बेहतर ढंग से किया जाय।उन्होंने कहा कि पार्किंग के संबंध में आवश्यक साइनेज लगाए जाएं लोगों को वाहन खड़ी करने में कठिनाई नहीं हो तथा यातायात भी प्रभावित नहीं हो।

बैठक में वरीय अधिकारी,संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने जरूआडीह एवं धमनचीपा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 का किया निरीक्षण


बिभा संवाददाता

**दुमका :** उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा जरमुण्डी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम/पंचायत पुतलीडाबर में आवास प्लस सर्वे, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धमनचीपा का औचक निरीक्षण किया गया।

हरिशंकर राय का बिरसा सिंचाई कूप निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कार्य बहुत दिनों से बंद है, सूचना पट्ट पर योजना के बारे में कुछ भी अंकित नहीं है एवं कूप अपूर्ण तथा खराब स्थिति में है। इस पर उप विकास आयुक्त द्वारा रोजगार सेवक से कारण पृच्छा करने तथा सूचना पट्ट पर योजना की विवरणी अंकित नहीं रहने के कारण रोजगार सेवक पर जुमार्ना अधिरोपित करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार श्रीमती पानबती देवी का बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत आम बागवानी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में घेराबंदी कराने एवं बाउन्ड्री पर टीसीबी निर्माण कराने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जरमुण्डी को निदेश दिया गया कि कृषकों को स्ट्रॉबेरी की खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें। उप विकास आयुक्त द्वारा पंचायत पुतलीडाबर के ग्राम जरूआडीह एवं धमनचीपा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के तहत आवास प्लस सर्वे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों से आवास प्लस सर्वे की जानकारी ली गई तथा ग्रामीणों को बताया गया कि आवास प्लस सर्वे में यदि किन्हीं सर्वेक्षक द्वारा अनियमितता बरती जाती है तो अविलम्ब सूचित करें। सर्वेक्षकों एवं पंचायत सचिव को सख्त हिदायत दी गई कि ईमानदारी पूर्वक सर्वे का कार्य करें। इसी क्रम में ग्राम-जरूआडीह में सोनामुनी मराण्डी तथा ग्राम धमनचीपा में मिलन किस्कू का अबुआ आवास का निरीक्षण किया गया तथा शेष राशि विमुक्ति हेतु जिला को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धमनचीपा का निरीक्षण किया गया तथा प्रधानाचार्य को पेयजल, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था सृदृढ़ करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जरमुण्डी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) आदि मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि के दिन वीआइपी सुविधाओं पर रहेगा प्रतिबंध रहेगा

**देवघर :** महाशिवरात्रि के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर ने महाशिवरात्रि के अवसर पर सुलभ व सुरक्षित जलार्पण को लेकर जलसार पार्क, शिवराम झा चौक, तिवारी चौक व मंदिर के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त रुटलाइन में श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ कतारबद्ध जलार्पण, शीघ्र दर्शनम व्यवस्था एवं क्राउड मैनजेमेंट को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त विशाल सागर ने निकलने वाली शिव बारात को लेकर के.के.एन स्टेडियम की जा रही तैयारियों के साथ शिवबारात रुटलाइन में विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यस्थाओं व की जाने वाली तैयारियों का निरीक्षण किया। आगे उन्होंने शिवबारात रुटलाइन में सड़कों के किनारे सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बेरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया, ताकि महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात के रूप में निकलने वाली झाँकियों के भ्रमण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।




# उपायुक्त की निगरानी में उतारा गया बाबा बैद्यनाथ व पार्वती मंदिर का पंचशूल

### पंचशूल उतरने के पश्चात बाबा वैद्यनाथ व माता पार्वती का गठबंधन नही कर सकेंगे श्रद्धालु

बिभा संवाददाता

**देवघर :** महाशिवरात्रि, 2025 के अवसर पर परंपरा के मुताबिक बाबा मंदिर के शिखर पर लगे पवित्र पंचशूल को आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर की निगरानी में महाशिवरात्रि से पहले विधिवत उतारा गया। इस दौरान पंचशूल को स्पर्श करने के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी मंदिर प्रांगण में किया गया था। विदित है कि पंचशुलों को कल एक बार फिर पूजा पाठ कर मंदिरों के शिखर पर लगाया जाएगा और तब जाकर गठबंधन का रिवाज हो सकेगा।

इसके अलावा इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त श्री विशाल सागर ने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर बाबा मंदिर, शिवगंगा, मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के अलावे शिव बारात रुट लाइन में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावे देवघर शहर के साथ महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर की साफ-सफाई, साज-सज्जा और सजावट का काम भी विशेष रूप से किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि



महाशिवरात्रि के ठीक दो दिन पहले साल में एक बार बाबा मंदिर और पार्वती मंदिर के शीर्ष पर स्थित पंचशूल को विधिवत उतारा जाता है एवं इस अलौकिक क्षण के गवाह बनने हजारों भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ती है। पंचशूल उतारने के बाद महाशिवरात्रि से पूर्व कोई भी भक्त गठबंधन नहीं कर सकते हैं। माता पार्वती और महादेव के गुंबदों पर लगे दोनों पंचशुलों को उतारने के बाद पहले आपस में मिलाया जाता है और एक साथ रखा जाता है एवं यह अलौकिक दृश्य व परम्परा सिर्फ बैद्यनाथ धाम मंदिर में ही देखने को मिलता है एवं इस मौके पर हर कोई की इच्छा होती है कि वह एक बार इन पंचशुलों का दर्शन कर लें। इसलिए इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ भी उमड़ती है।

इस दौरान मौके पर उपरोक्त के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि कुमार, नजारत उपसमाहर्ता श्री शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री राहुल कुमार भारती, गोपनीय प्रभारी श्री मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्री संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार विद्यार्थी, मंदिर प्रबंधक श्री रमेश परिहस्त के अलावा संबंधित अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, तीर्थ पुरोहित के साथ काफी संख्या में स्थानीय लोग व श्रद्धालु उपस्थित थें।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट, भोसले गली, हरिहर सिंह रोड, बरियातू, रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com